Aglasem Schools

माध्यमिक शिक्षा परिषद्
उत्तर प्रदेश

(बोर्ड आफ हाई स्कूल एण्ड इण्टरमीडिएट एजूकेशन)

इण्टरमीडिएट परीक्षा

कक्षा–12 (2017)

विवरण–पत्रिका

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के
प्राधिकार के अधीन प्रकाशित

Aglasem Schools

सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित एवं प्रसारित है कि विज्ञप्ति संख्या परिषद्-9/656, दिनांक 16 सितम्बर, 2015 के सातत्य में इण्टरमीडिएट परीक्षा के वर्तमान निर्धारित विषयों/ट्रेड्स के पाठ्यक्रमों को कक्षा-12 हेतु विषयवार निम्नवत् प्रकाशित किया गया है।

कक्षा-12

अनिवार्य विषय

	विवरण		पृष्ठ-संख्या
1	-अध्याय-बारह (परीक्षा सम्बन्धी सामान्य विनियम)	. .	1-16
2	अध्याय-चौदह (इण्टरमीडिएट परीक्षा)	. .	17-22
3	अध्याय-चौदह (इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा)	. .	23-25
4	-हिन्दी	. .	26-29
5	-सामान्य हिन्दी	. .	29-31
6	-नैतिक शिक्षा एवं शारीरिक ज्ञान	. .	31-32
	वैकल्पिक विषय		
7	-अरबी	. .	32-33
8	-अर्थशास्त्र	. .	33-34
9	-असमी	. .	34-35
10	-इतिहास	. .	35-36
11	-उर्दू	. .	36-40
12	-उड़िया	. .	40-41
13	-अंग्रेजी	. .	41-43
14	-कम्प्यूटर	. .	43-45
15	-कन्नड़	. .	46
16	-गणित	. .	46-48
17	-गृह विज्ञान	. .	49-51
18	-गुजराती	. .	51
19	-चित्रकला	. .	51-52
20	-तर्कशास्त्र	. .	52-53
21	-तमिल	. .	53
22	-तेलुगु	. .	53-54
23	-नागरिक शास्त्र	. .	54-55
24	-नैपाली	. .	55
25	-पालि	. .	56
26	-पंजाबी	. .	56-57
27	-फारसी	. .	57-58
28	-बंगला	. .	59
29	-भूगोल	. .	59-61
30	-मनोविज्ञान	. .	61-62
31	-मराठी	. .	62-63
32	-मलयालम	. .	63

Aglasem Schools

	विवरण		पृष्ठ-संख्या
33	-मानव विज्ञान	. .	63-65
34	-समाजशास्त्र	. .	66
35	-संगीत गायन अथवा वादन	. .	66-69
36	-संस्कृत	. .	69-72
37	-सिन्धी	. .	72-73
38	-सैन्य विज्ञान	. .	73-75
39	-शिक्षाशास्त्र	. .	76
40	-ग्रन्थ शिल्प	. .	76-78
41	-काष्ठ शिल्प	. .	78-80
42	-सिलाई	. .	80-81
43	-नृत्य कला	. .	81-83
44	-रंजनकला	. .	83
45	-भौतिक विज्ञान	. .	83-86
46	-रसायन विज्ञान	. .	86-90
47	-जीव विज्ञान	. .	90-96
48	-बहीखाता तथा लेखाशास्त्र	. .	96-97
49	-व्यापारिक संगठन एवं पत्र-व्यवहार	. .	97
50	-अधिकोषण तत्व	. .	97
51	-औद्योगिक संगठन	. .	98
52	-अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल	. .	98-99
53	-गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी	. .	99
54	-बीमा सिद्धान्त एवं व्यवहार	. .	99-100
55	-शस्य विज्ञान	. .	100-101
56	-कृषि अर्थ शास्त्र	. .	101-102
57	-कृषि जन्तु विज्ञान	. .	102-103
58	-कृषि पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान	. .	103-104
59	-कृषि रसायन	. .	105-106
	व्यावसायिक शिक्षा वर्ग		
60	-शस्य विज्ञान	. .	107-109
61	-सामान्य आधारिक विषय	. .	109-112
62	-फल एवं खाद्य संरक्षण	. .	113-120
63	-पाक शास्त्र	. .	120-124
64	-परिधान रचना एवं सज्जा	. .	124-127
65	-धुलाई तथा रंगाई	. .	128-131
66	-बेकिंग तथा कान्फेक्शनरी	. .	132-135

Aglasem Schools

	विवरण		पृष्ठ-संख्या
67	-टैक्सटाइल डिजाइन	. .	135-138
68	-बुनाई तकनीक	. .	139-141
69	-नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध	. .	141-143
70	-पुस्तकालय विज्ञान	. .	143-147
71	-बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित)	. .	148-153
72	-रंगीन फोटोग्राफी	. .	154-162
73	-रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन	. .	162-166
74	-आटो मोबाइल	. .	166-171
75	-मुद्रण	. .	171-174
76	-कुलाल विज्ञान	. .	174-176
77	-मधुमक्खी पालन	. .	176-179
78	-डेरी प्रौद्योगिकी	. .	179-182
79	-रेशम कीट पालन	. .	182-185
80	-बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी	. .	185-188
81	-फसल सुरक्षा सेवा	. .	188-191
82	-पौधशाला	. .	192-194
83	-भूमि संरक्षण	. .	194-197
84	-एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण	. .	197-200
85	-बैंकिंग	. .	200-202
86	-आशुलिपि एवं टंकण	. .	203-207
87	-विपणन तथा विक्रयकला	. .	207-210
88	-सचिविय पद्धति	. .	210-213
89	-सहकारिता	. .	213-216
90	-बीमा	. .	216-220
91	-टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी	. .	220-224
92	-कृत्रिम अंग एवं अवयव तकनीक	. .	224-229
93	-इम्ब्राइडरी	. .	229-234
94	-हैण्ड ब्लाक प्रिटिंग	. .	234-239
95	-मेटल क्राफ्ट	. .	239-243
96	-कम्प्यूटर तकनीक एवं मैन्टेनेन्स	. .	243-248
97	-घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख-रखाव	. .	248-253
98	-रिटेल ट्रेडिंग (खुदरा व्यापार)	. .	253-257
99	-सुरक्षा	. .	257-261
100	-मोबाइल रिपेयरिंग	. .	261-265
101	-टूरिज्म एवं हास्पिटलिटी	. .	265-271
102	-आई0टी0/आई0टी0ह्वे0एस0	. .	271-274

Aglasem Schools

अध्याय बारह

[परीक्षाओं सम्बन्धी सामान्य विनियम]

1-परिषद् निम्नलिखित परीक्षायें संचालित करेगी-

(क) हाईस्कूल परीक्षा,

(ख) इण्टरमीडिएट परीक्षा,

(ग) विखण्डित

(घ) इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा।

2-परिषद् की परीक्षा ऐसे केन्द्रों पर तथा उन तिथियों पर तथा ऐसे समय पर होगी जो परिषद् समय-समय पर निश्चित करेगी।

(2-क) निरस्त।

3-परिषद् की परीक्षाओं के परीक्षण अंशतः मौखिक एवं क्रियात्मक तथा अंशतः लिखित होंगे। मौखिक तथा क्रियात्मक परीक्षण परीक्षा समिति द्वारा समय-समय पर निर्धारित ढंग से परिषद् द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा संचालित किये जायेंगे। लिखित परीक्षा प्रश्न-पत्रों द्वारा होंगे तथा प्रश्न-पत्र पर जहां परीक्षा हो रही है, एक साथ दिये जायेंगे।

3-(क) परिषद् द्वारा संचालित किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र अथवा डिप्लोमा परीक्षार्थी को उस समय तक नहीं दिया जायेगा जब तक वह उक्त परीक्षा के लिए उनसे सम्बन्धित विनियमों के अनुसार प्रत्येक विषय में योग्यता न प्राप्त कर लें :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में प्रवेश पाने के पश्चात् अपात्र समझा जायेगा/जायेगी उसकी अभ्यर्थिता/परीक्षा रद्द कर दी जायेगी और उसका परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण-पत्र भी वापस ले लिया जायेगा/रद्द कर दिया जायेगा।

3-(ख) परिषद् की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में संस्थागत अभ्यर्थी के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को मान्यता प्राप्त संस्थाओं में कक्षा-9 तथा 11 में प्रवेश लेते समय विहित प्रपत्र पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ऐसे अभ्यर्थी अपनी पात्रता तथा जन्मतिथि से सम्बन्धित वैध एवं प्रमाणित साक्ष्य संस्था के प्रधान को तत्समय उपलब्ध करायेंगे। संस्था के प्रधान संतुष्ट होने पर ही अभ्यर्थी का पंजीकरण अपने विद्यालय पर करेंगे। **प्रत्येक अभ्यर्थी को पंजीकरण शुल्क के रूप में रु0 20.00 (बीस रुपये) संस्था के प्रधान को देना होगा।**

टिप्पणी-पंजीकरण फार्म के साथ ही पंजीकरण शुल्क लिया जायेगा एवं राजकीय कोष में जमा किया जायेगा।

[1] 3-(ग) संस्थाओं के प्रधान विद्यालय की निर्धारित क्षमता (मान्य कक्षाओं) के अनुरूप कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का प्रवेश दिनांक 01 अप्रैल से 05 अगस्त के मध्य लेंगे। परिषद् की हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण एवं अन्य राज्यों से अभिभावकों के स्थानान्तरण के फलस्वरूप हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 05 अगस्त एवं परिषद् द्वारा संचालित हाईस्कूल कम्पार्टमेंट उत्तीर्ण एवं सन्निरीक्षा के फलस्वरूप हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण घोषित अभ्यर्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 20 अगस्त होगी।

संस्था के प्रधान समस्त कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के विवरण (अग्रिम पंजीकरण) परिषद् की वेबसाइट पर दिनांक 01 मई से 25 अगस्त तक के मध्य ऑन लाइन पंजीकृत करायेंगे।

26 अगस्त से 05 सितम्बर तक ऑन लाइन आवेदन की वेबसाइट बन्द रहेगी। इस बीच संस्था के प्रधान ऑन लाइन आवेदित अभ्यर्थियों के समस्त शैक्षिक विवरणों एवं उनकी फोटो आदि की विद्यालयी अभिलेखों से भली-भांति जांच करेंगे। 06 सितम्बर से 20 सितम्बर तक वेबसाइट पुनः खोली जायेगी, जिसमें संस्था के प्रधान द्वारा अभ्यर्थियों के विवरण में संशोधन, परिवर्तन/परिवर्धन यदि कोई हो स्वीकार/अपडेट किये जायेंगे। उक्त तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के विवरण में कोई संशोधन, परिवर्तन/परिवर्धन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

संस्था के प्रधान अभ्यर्थियों की फोटो युक्त नामावली एवं तत्संबंधी आवश्यक प्रपत्रों की एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से विलम्बतम 30 सितम्बर तक परिषद् के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

हाईस्कूल के परीक्षार्थियों के अपूर्ण परीक्षाफल पूर्ण होने के पश्चात् उत्तीर्ण घोषित होने अथवा किसी अन्य कारण से रुके हुए परीक्षाफल के घोषित होने के पश्चात् उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश संस्था के प्रधान द्वारा कक्षा-11 में परीक्षाफल घोषणा की तिथि के 20 दिनों के अन्दर किया जायेगा। संस्था के प्रधान ऐसे उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का ऑफ लाइन विधि से कक्षा-11 में अग्रिम पंजीकरण परिषद् द्वारा विहित आवेदन पत्र पर कराकर उसे जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से अग्रसारित कराते हुए सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को 15 दिवसों के अन्दर प्रेषित करेंगे।

Aglasem Schools

3-(घ) परिषद् कक्षा-9 तथा 11 में पंजीकृत समस्त अभ्यर्थियों के विवरणों को सम्यक् जांच करेगी तथा वांछित संशोधन, यदि कोई हो, करेगी तथा इन विवरणों के आधार पर अभ्यर्थियों को पंजीकरण संख्या अनुदानित कर सम्बन्धित संस्था को जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से प्रत्येक दशा में आगामी 28 फरवरी तक उपलब्ध करायेगी, तद्नुसार संस्था के प्रधान अपने विद्यालय के प्रत्येक अभ्यर्थी को उसकी पंजीकरण संख्या से अवगत करायेंगे। पंजीकरण संख्या अभ्यर्थी का स्थायी अभिलेख होगा तथा आवश्यकतानुसार पंजीकरण संख्या से ही पत्र-व्यवहार किया जायेगा।

3-(ङ) कक्षा-10 तथा 12 की संस्थागत परीक्षा में वही अभ्यर्थी बैठने के पात्र होंगे जिन्होंने सम्बन्धित संस्था में यथास्थिति कक्षा-9 तथा 11 में अपना पंजीकरण कराया हो। संस्था के प्रधान अपंजीकृत अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्र किसी भी दशा में अग्रसारित नहीं करेंगे।

प्रतिबन्ध यह है कि अन्य परिषदों से कक्षा-10 या 12 में स्थानान्तरित अभ्यर्थी का कक्षा-10 तथा 12 में ही पंजीकरण होगा।

"अग्रेतर प्रतिबन्ध यह भी है कि विनियमों में किसी प्रावधान के होते हुए भी किसी आपतिक स्थिति में राज्य सरकार को परीक्षाओं के आयोजन से सम्बन्धित विनियम में दी गयी किसी भी व्यवस्था को शिथिल करने का अधिकार होगा"।

संस्थागत परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए नियम

[1] 4-(एक) परिषद् द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी का प्रवेश कक्षा 10 एवं 12 में दिनांक 01 अप्रैल से 05 अगस्त के मध्य लिया जायेगा। परिषद् द्वारा संचालित कृषि भाग-1 उत्तीर्ण परीक्षार्थियों एवं अन्य राज्यों से अपने अभिभावकों के स्थानान्तरण के फलस्वरूप कक्षा 9 एवं 11 उत्तीर्ण होने के पश्चात् प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के कक्षा 10 एवं 12 में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 05 अगस्त होगी। मान्यता प्राप्त संस्था के प्रधान को परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क अधिक से अधिक प्रत्येक वर्ष की 05 अगस्त तक जमा करेंगे। इसके साथ संस्था के प्रधान द्वारा संस्था में मान्य विषय अथवा विषयों को अभ्यर्थी जो परीक्षा के लिए ले रहे हैं, व्यक्त करते हुए सचिव द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार अर्ह अभ्यर्थियों के शैक्षिक विवरणों एवं परीक्षा शुल्क कोषागार में 10 अगस्त तक जमा कर, जमा शुल्क के विवरणों को परिषद् की निर्धारित वेबसाइट पर दिनांक 01 मई से 16 अगस्त तक ऑन लाइन अपलोड किया जायेगा।

निर्धारित अवधि तक शुल्क जमा न करने पर संस्था के प्रधान को सम्बन्धित छात्र का नाम संस्था से काटने का अधिकार होगा। किसी संस्था से अपना आन लाइन आवेदन-पत्र भरने के पश्चात् किसी संस्थागत छात्र को केवल उस दशा को छोड़कर जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उसे उसके अभिभावक के उस स्थान से जहां वह शिक्षा ग्रहण कर रहा था, किसी दूसरे स्थान को किये गये स्थानान्तरण के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये तथ्यों/प्रमाण-पत्र पर अपनी संतुष्टि के उपरान्त ऐसा करने की अनुमति दी गयी हो, विद्यालय परिवर्तन का अधिकार न होगा।

10 अगस्त के पश्चात् संस्था के प्रधान अभ्यर्थियों के विवरण प्राप्त कर 16 अगस्त तक 100 रुपये प्रति छात्र की दर से विलम्ब शुल्क के साथ कोषागार में जमा कर 20 अगस्त तक ऑन लाइन आवेदन करेंगे।

(दो)(क) विखण्डित।

[1](ख) 21 अगस्त से 31 अगस्त तक आन लाइन आवेदन की वेबसाइट बन्द रहेगी। इस बीच संस्था के प्रधान आन लाइन आवेदित अभ्यर्थियों के समस्त शैक्षिक विवरणों एवं उनकी फोटो आदि की विद्यालयी अभिलेखों से भली-भांति जांच करेंगे।

01 सितम्बर से 10 सितम्बर तक वेबसाइट पुनः खोली जायेगी, जिसमें संस्था के प्रधान द्वारा अभ्यर्थियों के विवरण में संशोधन एवं परिवर्तन/परिवर्धन यदि कोई हो स्वीकार/अपडेट किये जायेंगे। उक्त तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के विवरण में कोई संशोधन एवं परिवर्तन/परिवर्धन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इण्टरमीडिएट कृषि भाग-1 के परीक्षार्थियों के अपूर्ण परीक्षाफल पूर्ण होने के पश्चात् उत्तीर्ण घोषित होने अथवा किसी अन्य कारण से रुके हुए परीक्षाफल के घोषित होने के पश्चात् उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश संस्था के प्रधान द्वारा कक्षा-12 में परीक्षाफल घोषणा की तिथि के 20 दिनों के अन्दर किया जायेगा। संस्था के प्रधान ऐसे उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का इण्टरमीडिएट परीक्षा का आवेदन-पत्र आफलाइन विधि से पूरित कराकर उसे जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से अग्रसारित कराते हुए सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को 15 दिवसों के अन्दर प्रेषित करेंगे।

[2] (ग) संस्था के प्रधान का यह दायित्व होगा कि उसके द्वारा आन लाइन आवेदित सभी आवेदन-पत्र केवल मान्य विषय/विषयों से विनियमानुसार ही अग्रसारित किये गये हैं। अनर्ह अथवा विनियमों के प्रावधानों के प्रतिकूल अग्रसारित किये गये आन लाइन आवेदन के लिए संस्था के प्रधान सीधे उत्तरदायी माने जायेंगे तथा उनके विरुद्ध परिषद् द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ-साथ उन्हें परिषद् के पारिश्रमिक कार्यों से वंचित किये जाने की भी कार्यवाही की जायेगी।

[2] (तीन) विखण्डित।

[2] (चार) विखण्डित।

Aglasem Schools

(पांच) संस्था के प्रधान आवेदन-पत्रों एवं सचिव द्वारा विनिर्दिष्ट प्रपत्रों के साथ सचिव को यह दिखाते हुए निम्नलिखित प्रमाण-पत्र भेजेगा-

(क) कि संस्था में बालक/बालिका का प्रवेश शिक्षा संहिता के नियमों तथा परिषद् के विनियमों के अनुसार है,

(ख) कि उसने एक मान्यता प्राप्त संस्था में अध्ययन का एक नियमित पाठ्यक्रम पूर्ण किया है,

(ग) कि उसने पाठ्य विवरण में निर्धारित प्रयोग वास्तविक रूप से किये हैं।

(छः) ऐसे छात्रों को, जो किसी मान्यता प्राप्त संस्था में संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में दो बार अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, पुनः किसी संस्था में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

उपस्थिति

5-(1) मान्यता प्राप्त संस्था, प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में कम से कम 220 कार्य दिवसों में खुली रहेगी, जिनमें परीक्षाओं तथा पाठ्यानुवर्ती कार्य-कलाप के दिवस भी सम्मिलित है, प्रतिबन्ध यह है कि ''पत्राचार शिक्षा सतत् अध्ययन सम्पर्क योजना'' के अन्तर्गत पंजीकृत छात्र के सम्बन्ध में कार्य दिवसों को उपर्युक्त संख्या 75 कार्य दिवस होगी तथा इसके साथ सम्बन्धित छात्र को पत्राचार शिक्षा संस्थान द्वारा प्रेषित पाठ्य सामग्री की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अध्ययन करना होगा।

(2) किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा कोई छात्र हाईस्कूल के लिए प्रस्तुत नहीं किया जायेगा जब तक वह दो शैक्षिक वर्षों के दरम्यान प्रत्येक विषय में, जिसमें उसे परीक्षा में सम्मिलित होना है, वादनों की निर्धारित/आवंटित कुल संख्या के, जिसमें क्रियात्मक कार्य के वादन भी सम्मिलित होंगे, कम से कम 75 प्रतिशत वादनों में उपस्थित न रहा हो।

पुनश्च-आंग्ल भारतीय विद्यालयों से आने वाले छात्रों के सम्बन्ध में 75 प्रतिशत उपस्थिति परीक्षा से पूर्व के वर्ष को प्रथम जनवरी से परिगणित की जायेगी।

(3) मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा कोई भी छात्र इण्टरमीडिएट परीक्षा के लिए प्रस्तुत नहीं किया जायेगा। जब तक कि वह दो शैक्षिक वर्षों में जिसमें उसकी परीक्षा होनी है, दिये जाने वाले व्याख्यानों में से (जिसमें क्रियात्मक कार्य, यदि कोई हो, के घण्टे भी सम्मिलित है) कम से कम 75 प्रतिशत में सम्मिलित न हुआ हो।

कृषि वर्ग के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा के परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में उपस्थिति का प्रतिशत भाग एक तथा दो के लिए अलग-अलग परिगणित किया जायेगा।

(**टिप्पणी**-काउन्सिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्जामिनेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित सर्टीफिकेट आफ सेकेण्डरी एजूकेशन परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों की उपस्थिति की गणना परीक्षा के पूर्व के वर्ष की पहली जनवरी से परिगणित की जायेगी।)

(4) परिगणन के लिए एक घण्टे के व्याख्यान की एक व्याख्यान, दो घण्टे व्याख्यान को दो व्याख्यान और इसी प्रकार परिगणित किया जायेगा। क्रियात्मक कार्य में लगा एक घण्टा एक व्याख्यान के रूप में परिगणित होगा। घण्टे का तात्पर्य स्कूल अथवा कालेज के समय चक्र में शिक्षण के घण्टे से है।

(5) ऊपर के खण्ड (2) और (3) में संदर्भित दो शैक्षिक वर्षों का क्रमिक होना आवश्यक नहीं है। यह संस्थाओं के प्रधानों के विवेकाधिकार पर छोड़ा जाता है कि वे उन छात्रों की उपस्थिति, जिन्होंने कक्षा 9 अथवा 11 में एक से अधिक वर्ष पढ़ा है, कक्षा 10 अथवा 12 की उपस्थिति के साथ किसी एक वर्ष की उपस्थिति को परिगणित कर लें। उन छात्रों को जिन्हें एन0सी0सी0, पी0एस0डी0 अथवा प्रादेशिक सेना के शिक्षा अथवा क्रीड़ा दल, बालचर रैलियां अथवा सेन्ट जान एम्बुलेन्स शिविर और प्रतियोगितायें अथवा ग्रामों में कृषि विस्तार सेवा अथवा शैक्षिक परिभ्रमण में जाने की अनुमति दी जाती है, कक्षा में उपस्थिति के लिए वांछित लाभ दिया जायेगा।

पुनश्च-[1] इस विनियम के अन्तर्गत कक्षा में उपस्थिति का समस्त लाभ उपस्थिति अथवा व्याख्यान पंजिका में इस सम्बन्ध में टिप्पणी सहित दिखाना चाहिए। इस प्रकार के लाभ से समस्त लेख भली-भांति रखे जाने चाहिए।

[2] चुने हुए छात्रों के वर्ग के लिए तथा पूरी कक्षा के लिए सही लगायी गई विशेष कक्षा की उपस्थिति के लाभ की अनुमति न होगी।

(6) परिषद् की हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा निरुद्ध छात्रों के सम्बन्ध में केवल एक शैक्षिक वर्ष का प्रतिशत परिगणित किया जायेगा। उस शैक्षिक वर्ष की उपस्थिति जिसके अन्त में छात्र परीक्षा में बैठना चाहता है, परिगणित की जायेगी।

परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उन छात्रों की दशा में जिन्होंने परिषद् की हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिए आवेदन न किया हो, परन्तु उनके नाम संस्था की उपस्थिति पंजी में हो अथवा आवेदन-पत्रों के प्रस्तुत कर दिये जाने के पश्चात् भी परिषद् की परीक्षा मे सम्मिलित न हुए हों, दो शैक्षिक वर्षों का प्रतिशत परिगणित किया जायेगा।

''निरुद्ध'' का तात्पर्य किसी भी कारण से हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में रोके जाने से है।

Aglasem Schools

(7) छात्र द्वारा इस परिषद् के अधिक्षेत्र से बाहर किसी संस्था में परिषद् की हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा की तैयारी में अर्जित उपस्थिति हाईस्कूल परीक्षा के लिए उपस्थिति के प्रतिशत की गणना परिगणित कर ली जायेगी।

(8) हाईस्कूल परीक्षा में अंकों की सन्निरीक्षा के फलस्वरूप सफल घोषित छात्र के सम्बन्ध में प्रथम शैक्षिक वर्ष सन्निरीक्षा का परिणाम सूचित किये जाने के दस दिन पश्चात् प्रारम्भ हुआ समझा जायेगा।

(9) इस परिषद् अथवा अन्य किसी समकक्ष परीक्षा निकाय के रुके हुए परीक्षाफल घोषित होने के बाद किसी मान्यता प्राप्त संस्था के कक्षा-11 में प्रवेश पाने वाले छात्र की उपस्थिति की गणना परीक्षाफल घोषित होने के दसवें दिन से होगी।

(10) कोई छात्र, जो विनियम 4, अध्याय चौदह में उल्लिखित किसी संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त अथवा सम्बद्ध कालेज में सत्र के किसी भाग में रहा है, परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त कालेज में प्रविष्ट हो सकता है और उस कालेज में उनकी उपस्थिति के व्याख्यान इण्टरमीडिएट परीक्षा में वांछित उपस्थिति के प्रतिशत के लिए परिगणित कर लिए जायेंगे।

(11) मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधानों का नितान्त असंतोषजनक कार्य करने वालों को छोड़कर परीक्षार्थियों को रोकने की अनुमति नहीं है, जिन्होंने परिषद् की किसी परीक्षा में प्रवेश की शर्तों को पूरा कर लिया है।

प्रतिबन्ध यह है कि इस विनियम के अन्तर्गत कक्षा को पूरी संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक छात्र नहीं रोके जायेंगे। मान्यता संस्थाओं के प्रधान छात्रों को रोकने के अधिकार का प्रयोग लिखित परीक्षा प्रारम्भ होने के तीन सप्ताह पूर्व तक कर सकते हैं और उनके इस निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं हो सकेगी। मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधान, सचिव को एक बार स्थिति की सूचना देने के पश्चात् अपने निर्णय को संशोधित नहीं करेंगे।

(12) ऊपर के खण्ड (1) में सम्मिलित शर्तों के होते हुए भी मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधान ऐसे छात्रों को परिषद् की होने वाली परीक्षा में बैठने से रोक सकते हैं, जो शरीर शिक्षा, एन0सी0सी0 अथवा पी0एस0डी0 के लिए दिये हुए समस्त सामान तथा वर्दियां नहीं लौटाते हैं अथवा उनके खो जाने पर परिषद् की परीक्षा से पूर्व 15 फरवरी तक उनका मूल्य नहीं दे देते हैं।

(13) न्यूनतम उपस्थिति के नियम का कड़ाई से पालन किया जायेगा, किसी मान्यता प्राप्त संस्था का प्रधान उपस्थिति की कमी का मर्षण अधिकतम-

[क] हाईस्कूल परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए 10 दिन का और [ख] इण्टरमीडिएट परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए प्रत्येक विषय में दिये गये 10 व्याख्यान (क्रियात्मक कार्य के घण्टों सहित यदि हो) कर सकता है, ऐसे समस्त मामलों की सूचना जिसमें इस विशेषाधिकार का प्रयोग किया जाता है, शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) को परिषद् के सभापति के रूप में दी जायेगी।

तथापि उन परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में जिनकी केवल एक वर्ष की उपस्थिति ही परिगणित होनी है, मर्षण की यह सीमा केवल आधी अर्थात् पांच दिन अथवा पांच व्याख्यान जैसी स्थिति हो, रह जायेगी।

पुनश्च-(क) 75 प्रतिशत दिन अथवा व्याख्यान जिनमें एक परीक्षार्थी को उपस्थिति रहना है अथवा (ख) उनकी उपस्थिति में कमी परिगणित करने में एक दिन अथवा व्याख्यान को भिन्न पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

विषय परिवर्तन

6-मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधान कक्षा 9 में विषय/विषयों में परिवर्तन की तथा कक्षा 11 में एक ही वर्ग में अथवा एक वर्ग से दूसरे वर्ग में विषय परिवर्तन की अनुमति दे सकते हैं। कक्षा 10 में एक ही विषय/विषयों तथा कक्षा 12 में एक ही वर्ग में विषय अथवा विषयों के अथवा एक वर्ग से दूसरे वर्ग में परिवर्तन की साधारणतः अनुमति नहीं दी जाती है, परन्तु विशेष परिस्थितियों में मुख्य रूप से अनुत्तीर्ण अथवा रोके गये परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में परिवर्तन की आज्ञा दी जा सकती है और इस प्रकार ऐसे मामलों की सूचना परिषद् को कारणों सहित दी जानी चाहिए। एक से अधिक विषय परिवर्तित करने की आज्ञा बहुत ही कम दी जानी चाहिए। परीक्षार्थी के एक विषय की उपस्थिति, जिसे वह बाद में संस्था के प्रधान की अनुमति से परिवर्तित करता है। नये विषयों की उपस्थिति के साथ नये विषय में इसकी उपस्थिति का प्रतिशत परिगणित करने के लिए परिगणित की जायेगी। परीक्षा में बैठने का आवेदन-पत्र सचिव के पास अग्रसारित कर देने के पश्चात् विषय में परिवर्तन की अनुमति कदापि नहीं दी जायेगी।

छात्रों का प्रवेश एवं प्रोन्नति

7-कोई छात्र जिसने कभी किसी मान्यता प्राप्त संस्था में शिक्षा नहीं पायी है अथवा जिसने कक्षा-10 में प्रोन्नति होने से पूर्व मान्यता प्राप्त संस्था को छोड़ दिया परन्तु जिसे व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में हाईस्कूल परीक्षा में बैठने की अनुमति प्राप्त हो गयी है और उसमें बैठ नहीं सका, कक्षा-10 में प्रवेश का पात्र नहीं होगा। इसी प्रकार कोई छात्र जिसने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् मान्यता प्राप्त संस्था में अध्ययन नहीं किया अथवा कक्षा-12 में प्रोन्नति होने से पूर्व जिसने मान्यता प्राप्त संस्था को छोड़ दिया परन्तु जिसे व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में इण्टरमीडिएट परीक्षा में बैठने की अनुमति प्राप्त हो गयी और उसमें बैठ नहीं सका, कक्षा-12 में प्रवेश का पात्र नहीं होगा।

[3] 7-(क) मान्यता प्राप्त संस्था के प्रधान का, छात्रों का कक्षा-9 से 10 अथवा 11 से 12 में प्रोन्नति करने का निर्णय प्रत्येक वर्ष के मार्च के अन्त तक अन्तिम रूप से हो जायेगा।

Aglasem Schools

व्यक्तिगत परीक्षार्थी

प्रवेश के नियम

8-व्यक्तिगत परीक्षार्थी अथवा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था में निर्धारित और अपेक्षित उपस्थिति के बिना परीक्षा में प्रवेश चाहने वाले व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों पर परिषद् की परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे-

[1] (1) कोई व्यक्ति, जो व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में बैठना चाहता है, आगामी परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि से पूर्व 05 अगस्त तक परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क सहित उस संस्था के प्रधान द्वारा जो परीक्षा का पंजीकरण केन्द्र है, आवेदन करेगा। संस्था के प्रधान प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी के विवरण, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम तथा उपहृत किये गये विषयों का उल्लेख हो प्राप्त कर अधिक से अधिक 10 अगस्त तक राजकीय कोषागार में जमा कर परिषद् की निर्धारित वेबसाइट पर दिनांक 01 मई से 16 अगस्त तक आन लाइन आवेदन करेंगे। 10 अगस्त के पश्चात् संस्था के प्रधान अभ्यर्थियों के विवरण प्राप्त कर 16 अगस्त तक 100 रुपये प्रति छात्र की दर से विलम्ब शुल्क के साथ कोषागार में जमा कर 20 अगस्त तक आन लाइन आवेदन करेंगे।

21 अगस्त से 31 अगस्त तक ऑन लाइन की वेबसाइट बन्द रहेगी। इस बीच संस्था के प्रधान ऑन लाइन आवेदित अभ्यर्थियों के विवरण की भली-भांति जांच करेंगे। 01 सितम्बर से 10 सितम्बर तक वेबसाइट पुनः खोली जायेगी, जिसमें संस्था के प्रधान द्वारा अभ्यर्थियों के विवरण में संशोधन, परिवर्तन/परिवर्धन यदि कोई हो स्वीकार/अपडेट किये जायेंगे। उक्त तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के विवरण में कोई संशोधन, परिवर्तन/परिवर्धन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(क) इण्टरमीडिएट परीक्षा के लिए विनियम-2, अध्याय चौदह में वर्णित अथवा हाईस्कूल परीक्षा के लिए विनियम 10(1), अध्याय बारह में वर्णित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के प्रमाण-पत्र की यथार्थ प्रतिलिपि।

(ख) परीक्षार्थी को अंतिम संस्था, यदि कोई हो, द्वारा दी गयी छात्र पंजी की मूल प्रति।

(ग) जिस श्रेणी के परीक्षार्थियों के लिए शिक्षा विभागीय पत्राचार शिक्षा संस्थान द्वारा पत्राचार पाठ्यक्रम संचालित हो उनकी पत्राचार पाठ्यक्रम के अनुसरण के सम्बन्ध में संस्थान द्वारा दिये गये प्रमाण-पत्र की यथार्थ प्रतिलिपि जो परीक्षा की तिथि पर वैध और मान्य हो।

उन संस्थाओं के प्रधान जो परिषद् के परीक्षाओं के पंजीकरण केन्द्र हैं, ऐसे व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के विवरण जो पात्र है, जांच करके तथा सचिव द्वारा विहित प्रपत्रों की पूर्ति करके उनके द्वारा निर्धारित तिथि तक आन लाइन आवेदन किया जायेगा। किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था में कार्यरत अभ्यर्थी को अपने सेवायोजक से परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। तथ्यों को छिपाना संज्ञेय अपराध होगा और इससे परीक्षाफल निरस्त किया जा सकता है।

[2] (1) विखण्डित।

[2] (2) विखण्डित।

[2] (3) विखण्डित।

अग्रसारण अधिकारियों का पारिश्रमिक

9-ऐसी संस्था के प्रधान, जो परिषद् की परीक्षा का पंजीकरण केन्द्र है अथवा ऐसे अन्य व्यक्ति को इस प्रयोजन हेत सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किये जाये इस अध्याय के विनियम 8 में विहित विधि से आवेदन-पत्र की समय से प्राप्ति, विहित अर्हताओं तथा विनिर्दिष्ट प्रपत्र आदि की जांच तथा समय से प्रेषण के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। इस हेतु उन्हें पांच रुपये प्रति परीक्षार्थी की दर से पारिश्रमिक देय होगा जिसमें से वे दो रुपये प्रति परीक्षार्थी की दर से उपर्युक्त कार्य में अपनी सहायता करने वाले व्यक्ति को देंगे। अग्रसारण अधिकारी आवेदन-पत्र सचिव को भेजने के पश्चात् पारिश्रमिक पावना-पत्र सचिव को भेजेंगे। ऊपर निर्दिष्ट कार्य में अशुद्धता अथवा विलम्ब आदि के लिए अग्रसारण अधिकारी के पारिश्रमिक में कटौती अथवा उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही परिषद् द्वारा की जा सकेगी। अग्रसारण अधिकारी परीक्षार्थी से किसी प्रकार का अग्रसारण शुल्क नकद नहीं लेंगे। परीक्षार्थी से परिषद् द्वारा निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त कोई अन्य शुल्क, चन्दा अथवा दान नहीं लिया जायेगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की पात्रता

[6] 10-(1) परिषद् अथवा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा-9 की परीक्षा अथवा अन्य राज्यों के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित या मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष परीक्षार्थी उत्तीर्ण परीक्षार्थी ही हाईस्कूल में व्यक्तिगत परीक्षा के रूप में बैठने के लिए पात्र होंगे किन्तु शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 द्वारा संचालित जू0हा0 स्कूल (कक्षा 8) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी, जो किन्हीं कारणों से कारागार में निरुद्ध होने के कारण कक्षा-9 की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके, को हाईस्कूल में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में बैठने हेतु कक्षा 9 उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता से मुक्ति रहेगी।

Aglasem Schools

[6] (क) प्रदेश के विभिन्न कारागारों में निरुद्ध बन्दियों को हाईस्कूल परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की सुविधा प्रदान कर दी जाय। ऐसे बन्दियों को कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। चूंकि कक्षा 10 को परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के सम्मिलित होने की न्यूनतम अर्हता कक्षा 9 उत्तीर्ण होना है, ऐसी स्थिति में कारागार में निरुद्ध बन्दियों को कक्षा 9 की परीक्षा उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता से मुक्ति प्रदान की जाय।

[6] (ख) कारागार में निरुद्ध ऐसे बन्दी, जो कक्षा 10 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हैं, उन्हें इण्टरमीडिएट की परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित कराया जाय। ऐसे परीक्षार्थी पत्राचार शिक्षण की अनिवार्यता से मुक्त रहेंगे।

[6] (ग) कारागार में निरुद्ध बन्दियों के परीक्षा आवेदन-पत्र निर्धारित परीक्षा शुल्क के कोष-पत्र एवं नामावली सहित संबंधित जेल अधीक्षक द्वारा अग्रसारित किये जायेंगे। जेल अधीक्षक द्वारा अग्रसारित समस्त आवेदन-पत्र संबंधित जिले के जिला विद्यालय निरीक्षकों के पास प्रेषित किये जायेंगे जिसे उनके द्वारा परिषद् के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित किया जायेगा।

[6] (घ) कारागार में निरुद्ध बन्दियों की परीक्षायें कारागार महानिरीक्षक की संस्तुति पर विभिन्न केन्द्रीय/जिला कारागारों पर आयोजित की जाय, जहां पर जिला विद्यालय निरीक्षक आवश्यकतानुसार पर्यवेक्षक की तैनाती करेंगे।

[6] (ङ) कारागार में निरुद्ध बन्दियों के उत्तर पुस्तक प्रश्न-पत्र आदि की व्यवस्था संबंधित जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा की जायेगी।

[6] (च) लिखित उत्तर पुस्तकों के बण्डल जेल अधीक्षक द्वारा संबंधित जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक को ही प्राप्त कराया जायेगा।

[2] (2) विखण्डित।

(3) आगामी होने वाली हाईस्कूल परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति उन परीक्षार्थियों को नहीं दी जायेगी, जिन्हें कक्षा-10 के लिए प्रोन्नत प्राप्त होने में सफलता नहीं मिला है।

आंग्ल भारतीय विद्यालय

11-किसी आंग्ल भारतीय विद्यालय को छोड़ने वाला परीक्षार्थी हाईस्कूल परीक्षा में उस शैक्षिक वर्ष के पूर्व तक प्रविष्टि न हो सकेगा, जिसमें कि वह कैम्ब्रिज स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में प्रवेश का पात्र होता, यदि वह आंग्ल भारतीय विद्यालय में अध्ययन करता रहता। आंग्ल भारतीय विद्यालय में छात्र के रूप में अध्ययन करने वाले अथवा किसी ऐसे छात्र का आवेदन-पत्र, जिसका अंतिम विद्यालय आंग्ल भारतीय विद्यालय था, आंग्ल भारतीय विद्यालयों के निरीक्षक द्वारा उस संस्था के आचार्य के लिए अग्रसारित होना चाहिए, जिसे परीक्षार्थी अपने केन्द्र के रूप में चुनता है।

राज्य से बाहर के परीक्षार्थी

[1] 12-ऊपर के विनियम 10 अध्याय बारह के अधीन परिषद् के प्रादेशिक अधिक्षेत्रों के बाहर रहने वाले परीक्षार्थियों को परिषद् की परीक्षाओं में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जा सकती है। संबंधित राज्यों के मण्डलीय विद्यालय निरीक्षक/सक्षम शिक्षा अधिकारी ऐसे परीक्षार्थियों की अर्हता संबंधी प्रपत्र उस संस्था के प्रधान को अग्रसारित करेंगे, जिन्हें परीक्षार्थी अपने पंजीकरण केन्द्र के रूप में चुनता है। संस्था के प्रधान विनियमानुसार ऐसे इच्छुक/अर्ह परीक्षार्थी के विवरण जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम तथा उपहृत किये गये विषयों का उल्लेख हो 05 अगस्त तक प्राप्त कर 10 अगस्त तक राजकीय कोषागार में जमा कर परिषद् की निर्धारित वेबसाइट पर दिनांक 01 मई से 10 अगस्त तक आन लाइन आवेदन करेंगे। 10 अगस्त के पश्चात् संस्था के प्रधान ऐसे अभ्यर्थियों के विवरण प्राप्त कर 16 अगस्त तक 100 रुपये प्रति छात्र की दर से विलम्ब शुल्क के साथ कोषागार में जमा कर 20 अगस्त तक आन लाइन आवेदन कर सकेंगे।

केन्द्र परिवर्तन और विषय परिवर्तन

13-साधारणतः व्यक्तिगत परीक्षार्थी को आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् विषय अथवा केन्द्र परिवर्तित करने की आज्ञा न दी जायेगी।

किसी समकक्ष परीक्षा में एक साथ बैठना

14-किसी परीक्षार्थी को जो व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में परिषद् की किसी परीक्षा तथा अन्य निकाय द्वारा संचालित समकक्ष परीक्षा में बैठना चाहता है, परिषद् की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों द्वारा क्रियात्मक कार्य पूरा करने का प्रमाण-पत्र

15-इन विनियमों के शर्तों के होते हुए भी कोई व्यक्तिगत परीक्षार्थी परिषद् की किसी परीक्षा के लिए क्रियात्मक कार्य अथवा क्रियात्मक परीक्षा वाले विषयक को ले सकता है, प्रतिबन्ध यह है कि यदि चुना हुआ विषय भौतिक विज्ञान अथवा रसायन विज्ञान अथवा जीव विज्ञान अथवा कृषि विज्ञान अथवा चित्रकला अथवा सैन्य विज्ञान अथवा भू-गर्भ विज्ञान है तो उसे परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त एक

Aglasem Schools

संस्था में परीक्षा के लिए उस विषय में निर्धारित समस्त क्रियात्मक एवं लिखित कार्य उसी सत्र में जिसमें वह परीक्षा में बैठना चाहता है, पूरा करना चाहिए और इस सम्बन्ध में संस्था के प्रधान का एक प्रमाण-पत्र परीक्षा की तिथि से पूर्व की जनवरी के अन्त तक प्रस्तुत करना चाहिए। किसी परीक्षार्थी को जो एक बार परीक्षा में बैठ चुका है तथा अनुत्तीर्ण हो चुका है, उस विषय के क्रियात्मक कार्य अथवा क्रियात्मक परीक्षा के सम्बन्ध में जिसमें वह पहले ही परीक्षा दे चुका है, प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करना पड़ेगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थी समिति

16-अभिप्रेत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन-पत्र जो अग्रसारण अधिकारियों से यथाविधि परीक्षित तथा हस्ताक्षरित होकर प्राप्त हो, विनियम 3 अध्याय छः के अधीन नियुक्त उप समिति के पास संनिरीक्षा के लिए भेजे जायेंगे। संनिरीक्षा के पश्चात् उप समिति द्वारा ये आवेदन-पत्र स्वीकृत या अस्वीकृत किये जायेंगे।

अतिरिक्त विषयों में प्रवेश की पात्रता

17-इन विनियमों की शर्तों के होते हुए भी निम्नलिखित श्रेणी के परीक्षार्थी भी व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रविष्ट हो सकते हैं:-

(1) कोई परीक्षार्थी जिसने हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, बाद की हाईस्कूल परीक्षा में एक अथवा अधिकतम पाँच विषयों में (कम्प्यूटर विषय छोड़कर) प्रविष्ट हो सकता है और ऐसा परीक्षार्थी यदि सफल हो जावे तो वह अतिरिक्त लिए उत्तीर्ण विषय अथवा विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र पाने का अधिकारी होगा और उसे कोई श्रेणी नहीं दी जायेगी।

(2) कोई परीक्षार्थी जिसने इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष कोई परीक्षा उत्तीर्ण की है बाद की इण्टरमीडिएट परीक्षा में एक अथवा अधिकतम चार विषयों (कम्प्यूटर वर्ग तथा व्यवसायिक वर्ग के विषयों को छोड़कर) बैठ सकता है और वह परीक्षार्थी यदि सफल हो जाये तो उसके द्वारा उपहृत किये गये विषय अथवा विषयों में उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र पाने का अधिकारी होगा और उसे कोई श्रेणी नहीं दी जायेगी। प्रतिबन्ध यह है कि विषय अथवा विषयों का चुनाव केवल एक वर्ग तक ही सीमित हो।

(3) इस विनियम के अन्तर्गत सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी उन विषय अथवा विषयों का चयन नहीं कर सकेंगे, जो उनके द्वारा पूर्व की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में जिसमें वह उत्तीर्ण हुए थे, लिए गये थे। साथ ही परीक्षार्थी आधुनिक भारतीय, विदेशी तथा शास्त्री भाषा समूहों के प्रत्येक समूह में से केवल एक ही भाषा का चयन कर सकेंगे।

(4) परीक्षार्थी, इस विनियम में अन्तर्गत एक बार में केवल एक ही परीक्षा (हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट) में प्रविष्ट हो सकेंगे।

(5) हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी इस विनियम के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे।

(6) इस विनियम के अन्तर्गत परीक्षार्थी के किसी विषय अथवा विषयों में अनुत्तीर्ण होने पर कोई अनुग्रहांक (ग्रेस) देय नहीं होगा।

[4](7) निम्नलिखित परीक्षाओं को परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त है -

1-बोर्ड ऑफ इण्टरमीडिएट एजूकेशन (आन्ध्र प्रदेश)

2-असम हायर सेकेण्डरी एजूकेशन काउन्सिल, गुवाहाटी।

3-गर्वमेन्ट ऑफ कर्नाटका डिपार्टमेन्ट ऑफ प्री-यूनीवर्सिटी एजूकेशन, बंगलोर।

4-काउन्सिल ऑफ हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, उड़ीसा।

5-बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल।

6-गुजरात सेकेण्डरी एण्ड हायर सेकेण्डरी एजूकेशन बोर्ड गांधीनगर।

7-केरला बोर्ड आफ पब्लिक एक्जामिनेशन, तिरूवनन्तपुरम।

8-महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड आफ सेकेण्डरी एण्ड हायर सेकेण्डरी एजुकेशन, पुणे।

9-काउन्सिल ऑफ हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, मणीपुर, इम्फाल।

10-वेस्ट बंगाल काउन्सिल ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, कोलकता।

11-माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित उत्तर मध्यमा परीक्षा।

12-उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित आलिम परीक्षा।

13-बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड, पटना।

Aglasem Schools

14-सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, नई दिल्ली।

15-छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, रायपुर।

16-काउन्सिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट एग्जामिनेशन, नई दिल्ली।

17-दयालबाग एजूकेशन इन्स्टीट्यूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी) दयालबाग आगरा।

18-गोवा बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एण्ड हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, गोवा।

19-बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन हरियाणा, भिवानी।

20-हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, कांगड़ा।

21-जे0 एण्ड के0 स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, जम्मू।

22-झारखण्ड एकेडमी काउन्सिल, राँची।

23-माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश, भोपाल।

24-मेघालय बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, मेघालय।

25-मिजोरम बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, ऐजाल।

26-नागालैण्ड बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, कोहिमा।

27-पंजाब स्कूल एजूकेशन बोर्ड मोहाली।

28-माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

29-स्टेट बोर्ड आफ स्कूल एक्जामिनेशन (सेकेण्डरी) एवं बोर्ड आफ हायर सेकेण्डरी एक्जामिनेशन तमिलनाडू।

30-त्रिपुरा बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन अगरतला।

31-राष्ट्रीय ओपेन स्कूल नई दिल्ली द्वारा संचालित सीनियर सेकेण्डरी (उच्च माध्यमिक) परीक्षा इस प्रतिबन्ध के साथ कि यह परीक्षा कम से कम पाँच विषयों में उत्तीर्ण की गई हो।

32-भारत में विधि द्वारा स्थापित ऐसे परीक्षा संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष संचालित परीक्षायें जिनके सम्बन्ध में सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0 प्र0 शासन का समाधान हो गया है, परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा के समकक्ष मान्य होगी।

[5] 33-डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संचालित प्री-डिग्री सर्टीफिकेट फार डेफ स्टूडेन्ट परीक्षा इस प्रतिबन्ध के साथ कि यह परीक्षा पांच विषयों के साथ उत्तीर्ण की गयी हो।

श्रेणियाँ

18-इन विनियमों में, जहां इससे प्रतिकूल प्रावधान हो, उसे छोड़कर परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों के नाम तीन श्रेणियों में रखें जायेंगे। कोई परीक्षार्थी जो सम्पूर्ण योगांक के 75 प्रतिशत अथवा अधिक अंको से उत्तीर्ण होता है, सम्मान सहित उत्तीर्ण हुआ भी दिखाया जायेगा।

19-जो परीक्षार्थी एक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया है, बाद की एक अथवा अधिक परीक्षाओं में संस्थागत अथवा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रविष्ट हो सकता है, इस प्रतिबन्ध के साथ कि उसे ऐसे प्रत्येक अवसर पर सचिव को आश्वस्त करना होगा कि उसने परिषद की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति कर दी है।

19-(क) हाईस्कूल (कक्षा 9 एवं 10) तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में अभ्यर्थी केवल एक ही माध्यम (संस्थागत अथवा व्यक्तिगत) से आवेदन-पत्र भर कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। किसी भी दशा में अभ्यर्थी को एक परीक्षा वर्ष में एक से अधिक संस्था/संस्थाओं से संस्थागत अथवा व्यक्तिगत अथवा दोनों प्रकार से आवेदन-पत्र भरने अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी। तथ्यों को छिपाना अपराध होगा। इस विनियम के उल्लंघन का दोषी पाये जाने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी तथा उनके विवरण यदि परिषदीय अभिलेखों में अंकित हो गये हैं, तो उन्हें विलुप्त करा दिया जायेगा अथवा अभ्यर्थी के परीक्षा में अनियमित रूप से सम्मिलित होने की दशा में परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।

20-परिषदीय परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को निम्न व्यवस्थाओं के अनुसार अनुग्रहांक देय होगा--

(7) (क) **हाईस्कूल परीक्षा के सन्दर्भ में-**

(1) हाईस्कूल स्तर पर छः लिखित विषयों में से किन्ही पाांच विषयों में उत्तीर्ण होने पर परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा। जिस विषय में परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हो उसे उसी वर्ष की जुलाई माह में पुनः परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जायेगी। उत्तीर्ण होने की दशा में परीक्षार्थी को अनुत्तीर्ण हुए विषय में आगे अध्ययन करने की सुविधा रहेगी।

Aglasem Schools

(2) हाईस्कूल स्तर पर दो विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी को उनकी इच्छानुसार किसी एक विषय में इम्प्रूवमेन्ट या कम्पार्टमेन्ट परीक्षा देने की अनुमति जुलाई माह में प्रदान की जायेगी। यह सुविधा केवल एक विषय तक ही सीमित रहेगी। अंक-पत्र में इस आशय का अंकन नहीं किया जायेगा कि परीक्षार्थी ने इम्प्रूवमेन्ट या पूरक परीक्षा दी है। ऐसे परीक्षार्थियों को हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होने की दशा में उसी वर्ष कक्षा-11 में प्रवेश दिया जायेगा।

(ख) **इण्टर परीक्षा (सामान्य तथा व्यावसायिक) के सन्दर्भ में-**

(1) परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रविष्ट परीक्षार्थी यदि किन्ही दो विषयों जिसमें प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं होती है में अनुत्तीर्ण रहे और दोनों विषयों में उसे पृथक-पृथक 25 प्रतिशत या अधिक अंक मिले हो तो उसे उन अनुत्तीर्ण हुए विषयों में पाठ्यक्रम समिति द्वारा निर्धारित उत्तीर्णांक तक अंक पाने के लिए उसके सम्पूर्ण योग के आधार पर परीक्षा समिति द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक अंक अनुग्रहांक के रूप में देकर उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा और श्रेणी दी जायेगी।

(2) परिषद की परीक्षा में प्रविष्ट किसी परीक्षार्थी को जो ऐसे विषयों का चयन करता है जिसमें लिखित के साथ-साथ प्रयोगात्मक परीक्षा भी होती है को अनुग्रहांक हेतु प्रयोगात्मक वाले दो विषयों जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहता है, में लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग-अलग 25 प्रतिशत या अधिक अंक पाना अनिवार्य होगा। इस प्रकार प्रयोगात्मक वाले विषयों में परीक्षार्थी द्वारा लिखित तथा प्रयोगात्मक दोनों खण्डों में अलग-अलग 25 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही वह अनुग्रहांक पाने के लिए हकदार होगा। प्रतिबन्ध यह है कि परीक्षार्थी को एक खण्ड लिखित अथवा प्रयोगात्मक खण्ड में से किसी एक ही खण्ड में अनुग्रहांक देय होगा। किसी भी दशा में परीक्षार्थी को दोनों खण्डों (लिखित तथा प्रयोगात्मक) में अनुत्तीर्ण होने पर अनुग्रहांक देय नहीं होगा। ऐसे परीक्षार्थी को अनुत्तीर्ण हुए विषय में पाठ्यक्रम समिति द्वारा निर्धारित उत्तीर्णांक तक अंक पाने के लिए उसके सम्पूर्ण योग के आधार पर परीक्षा समिति द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक अंक अनुग्रहांक के रूप में देकर उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा और श्रेणी दी जायेगी। प्रयोगात्मक विषयों में लिखित तथा प्रयोगात्मक खण्डों हेतु पाठ्यक्रम समिति द्वारा निर्धारित पृथक-पृथक पूर्णांक के आधार पर 25 प्रतिशत अंकों का निर्धारण किया जायेगा।

(3) अभ्यर्थी को दो विषयों में आठ अंक की सीमा तक ही अनुग्रहांक उनकी अर्हतानुसार देय होगा।

(7) (ग) हाईस्कूल परीक्षा में परीक्षार्थियों के अंक-पत्र तथा प्रमाण-पत्र में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय श्रेणी का उल्लेख नहीं किया जायेगा। अंक-पत्र में केवल विषयवार अंकों का उल्लेख करते हुए पास अथवा फेल के कुल प्राप्तांक का उल्लेख भी नहीं रहेगा।

परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा में श्रेणी प्रदान की योजना निम्नवत् होगी--

सम्मान सहित उत्तीर्ण होने के लिए वांछित न्यूनतम अंक	:	सम्पूर्ण योग का 75 प्रतिशत
प्रथम श्रेणी के लिए वांछित न्यूनतम अंक	:	योगांक का 60 प्रतिशत
द्वितीय श्रेणी के लिए वांछित न्यूनतम अंक	:	योगांक का 45 प्रतिशत
तृतीय श्रेणी के लिए वांछित न्यूनतम अंक	:	योगांक का 33 प्रतिशत
		जहां इसके प्रतिकूल उल्लेख न हो।

नोट-1-एक विषय में योगांक का 75 प्रतिशत होने पर विषय में विशेष योग्यता प्रदान की जायेगी।

2-कृषि तथा व्यवसायिक वर्ग की परीक्षा के लिए विस्तृत योजना पूर्णांक तथा न्यूनतम उत्तीर्णांक विवरण पत्रिका में पृथक से दिए गए हैं।

(8) (घ) विखण्डित।

(8) (ङ) विखण्डित।

(8) (च) विखण्डित।

(8) (छ) विखण्डित।

(8) (ज) विखण्डित।

(8) (झ) विखण्डित।

(8) (ञ) विखण्डित।

(8) (ट) विखण्डित।

Aglasem Schools

सनिरीक्षा उसकी कार्य-विधि

21-हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट के परीक्षार्थी जो अपनी उत्तर-पुस्तकें संनिरीक्षित कराना चाहते हैं, निम्नलिखित नियमों के अनुसार करा सकते हैं--

(क) कोई परीक्षार्थी जो परिषद द्वारा संचालित परीक्षा में प्रविष्ट हुआ है, विषयों के अपने अंको की संनिरीक्षा के लिए आवेदन-पत्र दे सकता है।

(ख) सन्निरीक्षा हेतु आवेदन-पत्र के साथ रु0 100.00 विषय के प्रति प्रश्न-पत्र की दर से निर्धारित शुल्क का कोष-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रयोगात्मक की सन्निरीक्षा हेतु रु0 100.00 का शुल्क प्रति प्रयोगात्मक विषय पृथक से देय होगा। उत्तर प्रदेश के बाहर के स्थान से आवेदन-पत्र भेजने वाले परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में यह शुल्क सचिव के कार्यालय में रेखित पोस्टल आर्डर अथवा स्टेट बैंक आफ इण्डिया की इलाहाबाद शाखा पर रेखित बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेजा जाना चाहिए।

(ग) समस्त आवेदन-पत्र परीक्षाफल घोषणा की तिथि से 30 दिन की अवधि के अन्दर परिषद कार्यालय को अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी। आवेदन-पत्र के साथ एक सादा लिफाफा पते सहित (जिस पते पर परीक्षार्थी सन्निरीक्षा परिणाम की सूचना चाहता है) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिस पर रजिस्ट्री हेतु निर्धारित शुल्क का डाक टिकट लगा हो।

(घ) इण्टरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तकों की सन्निरीक्षा हेतु आवेदित समस्त मामलों का निस्तारण परीक्षा वर्ष की 31 जुलाई तक तथा हाईस्कूल की उत्तर पुस्तकों की सन्निरीक्षा हेतु आवेदित समस्त मामलों का निस्तारण परीक्षा वर्ष की 15 अगस्त तक कर दिया जायेगा। सन्निरीक्षा की समाप्ति पर परीक्षार्थियों को उनके द्वारा उल्लिखित पते पर सन्निरीक्षा परिणाम की सूचना दी जायेगी।

(ङ) सन्निरीक्षा का तात्पर्य उत्तर पुस्तकों का पुनर्मूल्यांकन नहीं है। सन्निरीक्षा कार्य में परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तकों में यह देखा जायेगा कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तक में क्या अलग-अलग प्रश्नों में दिये गये अंकों का योग करने, उन्हें अग्रेनीत करने अथवा किसी प्रश्न अथवा उसके भाग पर अंक देना छूटने की कोई त्रुटि नहीं हुई है। सन्निरीक्षा कार्य में परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तकों में परीक्षक द्वारा मूल्यांकित प्रश्नों के उत्तरों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

शुल्क

22-परिषद द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित शुल्क लिए जायेंगे--

1-हाईस्कूल परीक्षा : (क) किसी मान्यता प्राप्त संस्था के प्रत्येक परीक्षार्थी से 80 रुपये।
(ख) प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 100 रुपये

2-विखण्डित

3-इण्टरमीडिएट परीक्षा : (क) किसी मान्यता प्राप्त संस्था के प्रत्येक परीक्षार्थी से 90 रुपये।
(ख) प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 150 रुपये

4-(क) विखण्डित

(ख) विखण्डित

(ग) इण्टरमीडिएट कृषि (भाग-1) परीक्षा : किसी मान्यता प्राप्त संस्था के प्रत्येक परीक्षार्थी से 80 रुपये।

(घ) इण्टरमीडिएट कृषि (भाग-1) परीक्षा : प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 150 रुपये

(ङ) इण्टरमीडिएट कृषि (भाग-2) परीक्षा : किसी मान्यता प्राप्त संस्था के प्रत्येक परीक्षार्थी से 80 रुपये।

(च) इण्टरमीडिएट कृषि (भाग-2) परीक्षा : प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 150 रुपये।

(छ) विनियम 9 (क) अध्याय चौदह के अन्तर्गत : केवल अंग्रेजी में इण्टरमीडिएट परीक्षा 25 रुपये।

(ज) विनियम 9 (क) अध्याय चौदह के अन्तर्गत : शेष विषयों में इण्टरमीडिएट परीक्षा 100 रुपये।

[7] 5-हाईस्कूल की पूरक परीक्षा अथवा एक विषय में प्रविष्ट होने वाले परीक्षार्थियों से शुल्क, उपर्युक्त विनियमों के प्रावधान हाईस्कूल परीक्षा (कक्षा-10 में वर्ष 2010 की परीक्षा से प्रभावी होंगे } 250 रुपये।

6-विखण्डित

7-मार्च/अप्रैल की मुख्य परीक्षा में एक अथवा अधिक विषयों की परीक्षा : 200 रुपये प्रति विषय।

8-परीक्षार्थियों के परीक्षाफल की सन्निरीक्षा का शुल्क : 100 रुपये विषय के प्रति प्रश्न-पत्र।

Aglasem Schools

9-(क) किसी संस्थागत परीक्षार्थी द्वारा किसी परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रेषण का अनिवार्य शुल्क

1 रुपये इस शुल्क का आधा सम्बन्धित संस्था के प्रधान द्वारा रख लिया व्योरेवार जायेगा, जो परिषद से सुसंगत सूचना प्राप्त होने के पश्चात् प्रत्येक परीक्षार्थी को उसके व्योरेवार अंक ठीक ढंग से मुद्रित प्रपत्र में प्रेषित करेंगे। संस्था के प्रधान द्वारा रखे गए शुल्क का विवरण निम्नवत् होगा।

(क) नामावली बनाने हेतु 12.5 प्रतिशत।

(ख) संख्या सूचक चक्र निर्माण हेतु 12.5 प्रतिशत।

(ग) प्राप्तांक पत्रों को तैयार करने तथा उसकी जांच हेतु 50 प्रतिशत।

(घ) प्राप्तांक प्रदान करने की प्रक्रिया में डाक टिकट तथा लेखन-सामग्री इत्यादि की मदों में व्यय हेतु 25 प्रतिशत।

यंत्रीकरण वाले संस्थाओं को स्थिति में शुल्क को केवल 25 प्रतिशत धनराशि संस्था के प्रधान अथवा केन्द्र के अधीक्षक द्वारा जैसी स्थिति हो, रोक ली जायेगी, जिसका प्रयोग प्राप्तांक प्रदान करने की प्रक्रिया में डाक व्यय तथा लेखन-सामग्री आदि की मदों में व्यय हेतु किया जायेगा।

(ख) किसी संस्थागत परीक्षा के अंक-पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि का शुल्क : 20 रुपये।

10-(क) किसी व्यक्तिगत परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त ब्योरेवार अंकों के प्रेषण का शुल्क

02 रुपये इस शुल्क का आधा सम्बन्धित केन्द्र के अधीक्षक द्वारा रख लिया जायेगा, जो परिषद के सचिव से सुसंगत सूचना प्राप्त होने के पश्चात् प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी को उसके ब्योरेवार अंक ठीक ढंग से मुद्रित पत्र में प्रेषित करेंगे। केन्द्र अधीक्षक द्वारा रखे गये शुल्क की धनराशि का विवरण निम्नवत् होगा।

(क) नामावली बनाने हेतु 12½ प्रतिशत

(ख) संख्या सूचक चक्र के निर्माण हेतु 12½ प्रतिशत

(ग) प्राप्तांक पत्रों को तैयार करने तथा उसकी जांच हेतु 50 प्रतिशत।

(घ) प्राप्तांक प्रदान करने की प्रक्रिया में डाक टिकट तथा लेखन-सामग्री आदि की मदों में व्यय हेतु 25 प्रतिशत।

यंत्रीकरण वाले संस्थाओं को स्थिति में शुल्क को केवल 25 प्रतिशत धनराशि संस्था के प्रधान अथवा केन्द्र के अधीक्षक द्वारा जैसी स्थिति हो, रोक ली जायेगी जिसका प्रयोग प्राप्तांक प्रदान करने की प्रक्रिया में डाक व्यय तथा लेखन-सामग्री आदि की मदों में व्यय हेतु किया जायेगा।

(ख) किसी व्यक्तिगत परीक्षार्थी के अंक-पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि का शुल्क

20 रुपये।

(अंक-पत्रों की द्वितीय प्रतिलिपि सचिव के कार्यालय से प्रेषित की जायेगी जिसके लिए आवेदन-पत्र दिया जाना चाहिए।)

(ग) विखण्डित

11-**विलम्ब शुल्क**

100 रुपये (किसी व्यक्तिगत परीक्षार्थी द्वारा देय जो परिषद की किसी परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति का अपना आवेदन-पत्र विनियमों में निर्धारित तिथि के पश्चात् परन्तु अधिकतम 06 सितम्बर तक देता है।)

12-प्रवेश-पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि का शुल्क

2 रुपये।

Aglasem Schools

13-परिषद द्वारा एक परीक्षा के लिए परीक्षार्थी को निर्गत प्रमाण-पत्र में नाम परिवर्तन कराने का शुल्क	20 रुपये।
14-इस अध्याय के विनियम 28 के अन्तर्गत निर्गत प्रमाण-पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि का शुल्क	50 रुपये प्रत्येक परीक्षा के लिए।
15-जिस वर्ष में परीक्षा हुई थी उसकी 31 मार्च से 5 वर्ष के अन्दर न लिए गए प्रमाण-पत्र का शुल्क	20 रुपये।
16-किसी व्यक्तिगत परीक्षार्थी के लिए प्रव्रजन प्रमाण-पत्र निर्गत होने का शुल्क	20 रुपये।
17-संस्था के प्रधानों को परीक्षाफल पत्रों की द्वितीय प्रतिलिपियां प्रेषित करने का शुल्क	10 रुपये प्रथम 100 परीक्षार्थियों अथवा उसके अंक के लिए बाद के 100 परीक्षार्थियों अथवा उसके अंश के लिए 5 रुपये।
18-व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन-पत्र अग्रसारण हेतु शुल्क	5 रुपये।

शुल्क की वापसी

23-किसी परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति के लिए एक बार दिया हुआ शुल्क निम्नलिखित को छोड़कर वापस न होगा :

(क) दशाये, जिसमें पूरे शुल्क की वापसी हो जायेगी--

[एक] परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थी की मृत्यु।

[दो] कोई परीक्षार्थी, जो आगे होने वाली परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क देने के पश्चात् सन्निरीक्षा के फलस्वरूप अथवा अपने रोके हुए परीक्षाफल के मुक्त होने पर सफल घोषित कर दिया जाता है।

[तीन] कोई परीक्षार्थी, जो पूर्व परीक्षा के लिए दिये गये शुल्क, जिसमें वह अस्वस्थता के कारण प्रविष्ट न हो सका, के रोके जाने की समय से सूचना प्राप्त न होने के कारण नया शुल्क जमा कर देता है।

(ख) दशायें, जिसमें एक रुपया कम करके वापसी होगी :

[एक] जब कोई परीक्षार्थी भूल से शुल्क को ''0202-शिक्षा खेल-कला और संस्कृति, 01-सामान्य शिक्षा, 202-माध्यमिक शिक्षा, 02-बोर्ड की परीक्षाओं का शुल्क'' शीर्षक में जमा कर दें, यद्यपि वह किसी अन्य निकाय द्वारा संचालित परीक्षा में प्रविष्ट होना चाहता/चाहती है।

[दो] ऐसे परीक्षार्थी के सम्बन्ध में, जिनका आवेदन-पत्र परिषद अथवा अग्रसारण प्राधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया हो।

[तीन] जब कोई परीक्षार्थी परिषद की किसी परीक्षा के लिए विहित शुल्क से अधिक जमा कर दें।

[चार] जब परिषद की किसी परीक्षा के लिए परीक्षार्थी की ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गलती से शुल्क जमा कर दिया जाय।

पुनश्च- (क) ''शुल्क'' का तात्पर्य केवल परीक्षा शुल्क से है और उसमें अंक शुल्क अथवा विलम्ब शुल्क सम्मिलित नहीं है।

(ख) शुल्क की वापसी का आवेदन-पत्र शुल्क को कोषागार में जमा करने के दो वर्ष के भीतर ही प्रस्तुत हो सकेगा।

(ग) शुल्क की वापसी के लिए उस अभ्यर्थी के सम्बन्ध में किसी आवेदन-पत्र की आवश्यकता नहीं हैं जिसका आवेदन-पत्र परिषद द्वारा रद्द कर दिया गया है।

शुल्क-स्थगन

24-आवेदन-पत्र देने पर परिषद किसी परीक्षार्थी को, जो किसी परीक्षा में प्रविष्ट होने से असमर्थ रहा, आगामी होने वाली परीक्षा में प्रवेश की अनुमति उसके शुल्क की स्थगित रखकर निम्नलिखित दशाओं में दे सकता है।

(एक) विखण्डित।

(दो) विखण्डित।

(तीन) परीक्षार्थी परीक्षा के समय भंयकर रूप से रूग्ण था और उसको समर्थ चिकित्सा प्राधिकारी ने यथाविधि प्रमाणित किया है। परीक्षार्थियों के परीक्षा शुल्क स्थगित रखने के आवेदन-पत्र संस्था के प्रधान अथवा सम्बन्धित केन्द्र अधीक्षक द्वारा परिषद के सचिव कार्यालय में परीक्षा वर्ष की 01 मई तक पहुँच जाने चाहिए।

पुनश्च- (क) एक बार स्थगित किया गया शुल्क पुनः स्थगित नहीं हो सकेगा।

(ख) मुख्य परीक्षा के तुरन्त बाद में होने वाली पूरक परीक्षा का शुल्क स्थगित करने का आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर होगी। अधिक जमा किये शुल्क की वापसी न होगी।

Aglasem Schools

प्रवेश-पत्र तथा उन्हें प्राप्त करने की विधि

25-सचिव अपने को आश्वस्त करने के उपरान्त कि परीक्षार्थी ने परिषद की परीक्षा में प्रवेश हेतु समस्त अपेक्षाओं को पूर्ति कर दी है, उसे प्रवेश-पत्र देगा जिसे परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक को प्रस्तुत करके परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी।

व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने प्रवेश-पत्र परीक्षा केन्द्रों के अधीक्षकों से लिखित परीक्षा प्रारम्भ होने के प्रथम दिवस से 48 घन्टे पूर्व प्राप्त कर लेंगे, ऐसा न करने पर उन्हें प्रतिदिन अथवा उसके अंश पर 01 रुपये अर्थदण्ड देना होगा।

यदि सचिव आश्वस्त हों कि किसी परीक्षार्थी का प्रवेश-पत्र खो गया अथवा नष्ट हो गया है तो निर्धारित शुल्क दिये जाने पर उसकी द्वितीय प्रतिलिपि दे सकते हैं।

वहिष्करण एवं निष्कासन

26-इन विनियमों की शर्तों के होते हुए भी--

(एक) कोई परीक्षार्थी जो एक शैक्षिक वर्ष के भीतर किसी समय वहिष्कृत कर दिया गया है, उस शैक्षिक वर्ष में होने वाली परीक्षा में प्रवेश नहीं पा सकेगा।

(दो) किसी ऐसे परीक्षार्थी की, जिसकी परिषद की किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए उसका प्रार्थना-पत्र भेज दिए जाने के पश्चात् संस्था से निष्काषित कर दिया गया है और जिसका किसी मान्यता प्राप्त संस्था में प्रवेश नहीं हुआ है, परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

ज्ञातव्य- (क) यदि उपर्युक्त दण्ड उसे परीक्षाफल में अथवा उसके पश्चात् परन्तु उस शैक्षिक वर्ष की समाप्ति से पूर्व दिया जाता है जिसमें परीक्षा होती है, तो उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।

(ख) किसी परीक्षार्थी को जो परिषद द्वारा मान्य किसी परीक्षा निकाय से पारित है, किसी परीक्षा में उस अवधि को समाप्ति से पूर्व, जिसके लिए वह दण्डित है, प्रवेश नहीं मिल सकेगा।

27-(विखण्डित)

प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति

28-परिषद, आवेदन-पत्र देने पर तथा इस अध्याय के विनियम 22 (14) के अनुसार निर्धारित शुल्क देने पर किसी परीक्षार्थी का प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति निम्नलिखित दशाओं में दे सकता है--

(एक) प्रमाण-पत्र खो जाने अथवा नष्ट हो जाने की दशा में।

(दो) प्रमाण-पत्र के खराब हो जाने, विरूपित होने अथवा कट-फट जाने की दशा में परिषद की अवरूद्ध किये जाने हेतु प्रस्तुत कर दिया जाता है।

(तीन) प्रमाण-पत्र की प्रविष्टियां धूमिल हो जाने की दशा में जो अन्य प्रकार से मजबूत हैं और परिषद को निरस्त किये जाने के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

(चार) आगामी विनियम 32 के प्रविधान के अनुसार अस्वामिक प्रमाण-पत्र नष्ट कर दिये जाने की दशा में।

प्रतिबन्ध यह है कि वर्ग (एक) एवं (दो) और (चार) में परीक्षार्थी अपने आवेदन-पत्रों के साथ शपथ-पत्र भी प्रस्तुत करेंगे। यदि परीक्षार्थी की आयु 20 वर्ष या इससे कम है तो शपथ-पत्र उसके पिता (यदि वह जीवित हैं) के द्वारा अथवा उसके अभिभावक द्वारा (यदि पिता जीवित नहीं है) निष्पादित किया जायेगा। दोनों ही दशाओं में परीक्षार्थी को शपथ-पत्र की यथा विधि अभ्पुष्टि करनी होगी।

यह भी प्रतिबन्ध है कि वर्ग (एक) के सम्बन्ध में परीक्षार्थियों के द्वारा इस सत्य को इस राज्य के दैनिक समाचार-पत्र के एक संस्करण में विज्ञप्ति कराना होगा और इस समाचार-पत्र के संस्करण की प्रति जिसमें विज्ञप्ति निकली है परिषद के कार्यालय को पूर्व प्रतिबन्ध में अपेक्षित शपथ-पत्र के साथ प्रेषित करनी होगी।

प्रब्रजन प्रमाण-पत्र

29-व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को निर्धारित शुल्क देने पर निम्नलिखित प्रपत्र में सचिव द्वारा प्रब्रजन प्रमाण-पत्र निर्गत किये जायेंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश

प्रब्रजन प्रमाण-पत्र

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में परिषद् की परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों के लिए :

यह प्रमाणित किया जाता है कि.....पुत्र/पुत्री.....अनुक्रमांक..... ने 19.....में हुयी हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा..... केन्द्र से व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की।

परिषद् को उसके उत्तर प्रदेश से बाहर किसी विश्वविद्यालय अथवा संस्था में प्रविष्ट होने में कोई आपत्ति नहीं हैं।

इलाहाबाद- सचिव।

Aglasem Schools

ज्ञातव्य-संस्थागत् परीक्षार्थियों के रूप में प्रविष्टि होने वाले परीक्षार्थियों के लिए प्रव्रजन प्रमाण-पत्र नहीं दिया जाता है। जिस संस्था में परीक्षार्थी ने अध्ययन किया उसका जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित स्थानानतरण प्रमाण-पत्र प्रव्रजन प्रमाण-पत्र का कार्य करता है।

30-इस अध्याय के विनियम 28 के होते हुए भी परीक्षार्थी द्वारा प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए जमा किया हुआ शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

प्रमाण-पत्रों का वितरण

31-प्रमाण-पत्रों का वितरण परिषद् की परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी का प्रमाण-पत्र आचार्य अथवा केन्द्र जैसी स्थिति हो, को भेजा जायेगा, जो परीक्षार्थी को देंगे। जो परीक्षार्थी डाक से अपना प्रमाण-पत्र चाहते हैं वे आचार्य/केन्द्र अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक टिकट तथा लिफाफा भेजकर अथवा निर्धारित प्रावधानानुसार प्राप्त कर सकेगें।

अस्वामिक प्रमाण-पत्र

32-आवेदन पत्र तथा इस अध्याय के विनियम 22 (15) के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क देने पर परिषद् किसी परीक्षार्थी को जिसमें उस वर्ष की 31 मार्च से जिसमें की परीक्षा हुई थी पाँच वर्ष के भीतर न लिए गये मूल प्रमाण-पत्र को निर्गत कर सकती है। इसके लिए आवेदन सचिव के यहां से प्राप्त निर्धारित प्रपत्र पर संस्थागत परीक्षार्थी के सम्बन्ध में संस्था के प्रधान द्वारा तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के सम्बन्ध में केन्द्र के अधीक्षक द्वारा एक शपथ-पत्र सहित जिसमें यह उल्लेख हो कि उसके प्रमाण-पत्र की मूल प्रति अथवा दूसरी प्रतिलिपि नहीं प्राप्त की है, दिया जाना चाहिए।

यदि परीक्षार्थी 20 वर्ष या उससे कम आयु का है तो शपथ-पत्र उसके पिता (यदि जीवित हों) के द्वारा अथवा उसके अभिभावक द्वारा (यदि पिता जीवित न हों) निष्पादित किया जायेगा। दोनों दशाओं में परीक्षार्थी को शपथ-पत्र को यथाविधि अभिपुष्टि करनी होगी।

प्रतिबन्ध यह है कि यदि किसी परीक्षार्थी ने निर्धारित अवधि के भीतर अथवा प्रमाण-पत्र सम्बन्धित संस्था के प्रधान अथवा केन्द्र अधीक्षक से प्राप्त नहीं किया है वह उसे 05 वर्ष की अवधि के बीतने के पश्चात् तुरन्त परिषद् कार्यालय में वापस भेज दें। छात्र को परिषद् द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् उसे प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। परिषद् द्वारा समस्त अस्वामिक प्रमाण-पत्रों को परिषद् कार्यालय से उनके निर्गत होने की तिथि से 20 वर्ष बीतने के पश्चात् नष्ट कर दिया जायेगा। तत्पश्चात् यदि कोई परीक्षार्थी अपना प्रमाण-पत्र चाहता है तो उसे उक्त प्रमाण-पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि हेतु नियमानुसार प्रार्थना-पत्र देना होगा।

न्यूनतम आयु

*33-यदि किसी परीक्षार्थी की आयु उस वर्ष की प्रथम जुलाई को जिसमें वह परीक्षा में सम्मिलित होना चाहे 14 वर्ष अथवा उससे अधिक नहीं हो तो यह 1971 तथा उसके आगे की हाईस्कूल परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होगा।

34-(निरस्त)

पत्राचार शिक्षा

35-विभाग द्वारा स्थापित पत्राचार शिक्षा संस्थान द्वारा माध्यमिक शिक्षा के स्तर के उन्नयन और परिषद् की परीक्षओं में व्यक्तिगत रूप से प्रवेश चाहने वाले व्यक्तियों को अध्ययन में सुविधा देने के लिए पत्राचार के माध्यम से शिक्षा देने की व्यवस्था की जायेगी।

पत्राचार शिक्षा संस्थान का प्रमुख दायित्व

पत्राचार शिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के पंजीकरण की व्यवस्था करना, पाठ लेखन, परिमार्जन, मुद्रण एवं आवश्यकतानुसार आवृत्तियों में मुद्रित पाठों के प्रेषण की व्यवस्था करना, अभ्यर्थियों को निर्देशन प्रदान करने की व्यवस्था करना, पत्राचार पाठ्यक्रम का अनुसरण करने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक उपयुक्ता प्रमाण-पत्र देना तथा समय-समय पर निदेशक/शासन द्वारा अधिसूचित अन्य कार्यों का सम्पादन करना होगा।

36-(1) परिषद् परीक्षाओं की, जिस परीक्षा की जिस वर्ग के, जिस श्रेणी के, व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए जिन विषयों में पत्राचार शिक्षा व्यवस्था किये जाने की अधिसूचना शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा की जाय, उस परीक्षा के, उस वर्ग के, उस श्रेणी के ऐसे व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए जो विनियम 37 के अन्तर्गत नहीं आते हैं, पत्राचार शिक्षा हेतु अपना पंजीकरण कराकर पत्राचार शिक्षण अन्तर्गत दिये गये पाठों का अनुसरण करना अनिवार्य होगा।

(2) उपर्युक्त श्रेणी के व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए संस्थान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा करने हेतु पंजीकरण की व्यवस्था की जायेगी। पत्राचार पाठ्यक्रम अनुसरण की अवधि सामान्यतः दो शैक्षिक सत्र होगी। अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार शिक्षा) आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन कर सकते हैं।

(*राजाज्ञा संख्या मा0-630/15-7-1608-56-72 दिनांक 29 दिसम्बर, 1972 द्वारा अन्य आदेश जारी होने तक निलम्बित है।)

Aglasem Schools

37-(1) पत्राचार शिक्षण की अनिवार्यता से निम्नांकित श्रेणी के व्यक्तिगत परीक्षार्थी मुक्त रहेंगे--

क-हाईस्कूल परीक्षा के सम्बन्ध में--

(1) विगत वर्षों की हाईस्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।

(2) विनियम 17 तथा विनियम 20 अध्याय 12 के अन्तर्गत अतिरिक्त विषय/विषयों के परीक्षार्थी अथवा आंशिक परीक्षार्थी।

(3) अध्याय 12 के विनियम 10 (1) (अ) (चार) के अन्तर्गत आने वाले परीक्षार्थी।

(4) ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 9 तथा 10 में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन का नियमित पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया हो किन्तु परिषद् की हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन न किये हों (किन्तु संस्था की उपस्थिति पंजी में नाम हो) अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर दिये जाने के पश्चात् भी परीक्षा में सम्मिलत न हुए हों।

(5) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कक्षा 9 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी।

(6) हिन्दी से भिन्न किसी अन्य माध्यम से परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी।

(7) नेत्रहीन (अन्धे) तथा चलने फिरने में शारीरिक रूप से अक्षम परीक्षार्थी।

(8) भारतीय सेना में नियमित रूप से कार्यरत परीक्षार्थी।

[6] ख-इण्टरमीडिएट परीक्षा के सम्बन्ध में :

(1) विगत वर्षों की इण्टरमीडिएट परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।

(2) विनियम 17 तथा विनियम 20 अध्याय 12 के अन्तर्गत अतिरिक्त विषय/विषयों के परीक्षार्थी अथवा आंशिक परीक्षार्थी।

(3) अध्याय 14 के विनियम 3 के प्रतिबन्धात्मक खण्ड तथा विनियम 3 (ख) के अन्तर्गत आने वाले परीक्षार्थी।

(4) विखण्डित।

(5) हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे कारागार बन्दी, जो किन्ही कारणों से कारागार में न्यूनतम एक अथवा अधिक वर्षों से निरुद्ध हो।

(6) हिन्दी से भिन्न किसी अन्य माध्यम से परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी।

(7) नेत्रहीन (अन्धे) तथा चलने फिरने में शारीरिक रूप से अक्षम परीक्षार्थी।

(8) भारतीय सेना में नियमित रूप से कार्यरत परीक्षार्थी।

प्रतिबन्ध यह है कि पत्राचार शिक्षण व्यवस्था की अनिवार्यता से मुक्ति प्राप्त उपयुक्त (क) और (ख) के अभ्यर्थी चाहें तो निर्दिष्ट विधि से निर्धारित शुल्क जमा करके पत्राचार के अन्तर्गत लिए गये विषयों में पाठ प्राप्त कर सकते है।

(2) इण्टरमीडिएट परीक्षा में व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित होने इच्छुक ऐसे परीक्षार्थियों के लिए जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 11 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, पत्राचार शिक्षा हेतु अपना पंजीकरण कराके पत्राचार शिक्षा के पाठ्यक्रम का अनुसरण करना तथा तत्सम्बन्धी अनुसरण प्रमाण-पत्र परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे परीक्षार्थियों के लिए पत्राचार शिक्षण की अवधि एक शैक्षिक सत्र से अधिक न होगी।

38-(1) पत्राचार शिक्षण हेतु शासन द्वारा स्वीकृत दरों पर पंजीकरण पत्राचार शिक्षण तथा अन्य शुल्क बसूल किया जायेगा।

(2) पत्राचार शिक्षा संस्थान के विभिन्न पारिश्रमिक कार्यों के लिए मानदेय तथा पारिश्रमिक का भुगतान शासन द्वारा स्वीकृत दरों पर किया जायेगा।

39-पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित पत्राचार शिक्षा सतत् अध्ययन सम्पर्क योजना के अन्तर्गत राज्य के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों को नियमित संस्थागत छात्र के रूप में माना जायेगा।

प्रमाण-पत्र में नाम परिवर्तन

*40-परिषद सफल उम्मीदवारों द्वारा विहित प्रक्रियानुसार आवेदन-पत्र देने तथा इस अध्याय के विनियम 22 (13) में निर्धारित शुल्क देने पर प्रमाण-पत्र में निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन नाम परिवर्तन कर सकता है--

(क) आवेदन-पत्र उचित सरणी द्वारा दिया जायेगा तथा जिस वर्ष में परीक्षा हुई थी उसकी 31 मार्च से तीन वर्ष के भीतर परिषद के सचिव के कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। आवेदक को एक टिकट लगे हुए कागज पर शपथ-पत्र देना होगा, जो प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी द्वारा यथाविधि प्रमाणित होना चाहिए, जिसमें नाम में परिवर्तन के वैध कारण दिये होंगे तथा जो एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा यथाविधि प्रमाणित होगा और परीक्षार्थी जहां वह निवास करता है, वहां के स्थानीय दैनिक पत्र की तीन विभिन्न तिथियों के संस्करणों में अपने नाम के परिवर्तन को विज्ञापित करेगा, इससे पूर्व कि उसे परिवर्तित नाम का नया प्रमाण-पत्र प्राप्त हो। सम्बन्धित तिथियों के समाचार-पत्रों की प्रतियां आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

Aglasem Schools

(ख) परिषद द्वारा नाम परिवर्तन के आवेदन-पत्र निम्नलिखित को छोड़कर अन्य किन्हीं कारणों के स्वीकार नहीं किये जायेंगे--

नाम में भद्दापन हो अथवा नाम से अपशब्द की ध्वनि निकलती हो अथवा नाम असम्मानजनक प्रतीत होता हो अथवा अन्य ऐसी स्थिति होने पर।

(ग) परीक्षार्थियों द्वारा नाम के पहले या बाद में उप नाम जोड़ने, धर्म अथवा जाति सूचक शब्दों को जोड़ने अथवा सम्मानजनक शब्द या उपाधि जोड़ने जैसे किसी भी प्रकार के आवेदन-पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार धार्म अथवा जाति परिवर्तन के आधार पर अथवा विवाहित छात्र/छात्राओं के विवाह के फलस्वरूप नाम परिवर्तन हो जाने पर परिषद द्वारा नाम में परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

(घ) उत्तर प्रदेश शासन से कर्मचारियों को नाम परिवर्तन के आवेदन-पत्र सम्बन्धित विभाग के अध्यक्ष द्वारा सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पास भेजा जाना चाहिए।

(ङ) भारतीय संघ के राज्य (उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त) सरकारी कर्मचारियों के नाम में परिवर्तन आवेदन-पत्र पर किया जायेगा, यदि सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा इसी प्रकार का परिवर्तन कर दिया गया है और उसकी सूचना परिषद को सम्बन्धित विभाग के राज्य सचिव अथवा विभाग के अध्यक्ष द्वारा दे दी जाती है।

(च) केन्द्रीय शासन के कर्मचारी के आवेदन-पत्र देने पर नाम में परिवर्तन कर दिया जायेगा, यदि इसी प्रकार का परिवर्तन केन्द्रीय शासन द्वारा कर दिया गया है और उसकी सूचना परिषद को सम्बन्धित मंत्रालय के राज्य सचिव अथवा गृह विभाग के मंत्रालय द्वारा दे दी जाती है।

(छ) यदि किसी परीक्षा के लिए नाम में परिवर्तन कर दिया जाता है तो अन्य परीक्षाओं के प्रमाण-पत्र में जो परीक्षार्थी को पहले अथवा बाद में निर्गत हुए हों, बिना नये शपथ-पत्र के परन्तु प्रति प्रमाण-पत्र के लिए 20 रुपये शुल्क देने पर नाम परिवर्तन कर दिया जायेगा।

(ज) शपथ-पत्र तथा नाम में परिवर्तन का प्रार्थना-पत्र परीक्षार्थी के पिता अथवा यदि उनकी मृत्यु हो गयी हो, अभिभावक द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

पाद टिप्पणी-

1-परिषद्-9/539 दिनांक 06-08-2015 द्वारा संशोधित।

2-परिषद्-9/408 दिनांक 08-07-2015 द्वारा संशोधित।

3-परिषद्-9/467 दिनांक 20-10-2014 द्वारा संशोधित।

4-परिषद्-9/836 दिनांक 05-03-2014 द्वारा संशोधित।

5-परिषद्-9/304 दिनांक 25-06-2015 द्वारा संशोधित।

6-परिषद्-9/654 दिनांक 07-10-2009 द्वारा संशोधित।

7-परिषद्-9/250 दिनांक 04-07-2009 द्वारा संशोधित।

8-परिषद्-9/120 दिनांक 11 मई, 2006 द्वारा विखण्डित।

Aglasem Schools

अध्याय चौदह

इण्टरमीडिएट परीक्षा

1--इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रवेश के लिये या परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम का अध्ययन प्रारम्भ करने से पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थी को परिषद् की हाईस्कूल परीक्षा अथवा हाईस्कूल/प्राविधिक परीक्षा अथवा विनियम द्वारा उसके (हाईस्कूल परीक्षा) समकक्ष घोषित परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

[1] 2--निम्नलिखित परीक्षाएं इण्टरमीडिएट परीक्षा के निर्धारित पाठ्यक्रम के अध्ययन के लिये परीक्षार्थियों को प्रवेश का पात्र बनाने के उद्देश्य से परिषद की हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष घोषित की जाती है-

1-बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन (आन्ध्र प्रदेश)।

2-बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन गुवाहाटी, असम।

3-बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड, पटना।

4-सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, नई दिल्ली।

5-छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, रायपुर।

6-काउन्सिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट एग्जाजिनेशन, नई दिल्ली।

7-दयालबाग एजूकेशन इस्ट्टीयूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी) आगरा।

8-गोवा बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एण्ड हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, गोवा।

9-गुजरात सेकेण्डरी एण्ड हायर सेकेण्डरी एजूकेशन बोर्ड, गांधीनगर, गुजरात।

10-बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन हरियाणा, भिवानी।

11-हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, धर्मशाला, कांगड़ा।

12-जे0 एण्ड के0 स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, जम्मू।

13-झारखण्ड एकेडमी काउन्सिल, राँची।

14-कर्नाटका सेकेण्डरी एजूकेशन एग्जामिनेशन बोर्ड, बंगलौर।

15-केरला बोर्ड ऑफ हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, तिरूवन्तपुरम।

16-महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, पुणे।

17-बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, मध्य प्रदेश, भोपाल।

18-बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, मणिपुर, इम्फाल।

19-मेघालय बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, मेघालय।

20-मिजोरम बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, ऐजाल।

21-नागालैण्ड बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन, कोहिमा।

22-बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, उड़ीसा, कटक।

23-पंजाब स्कूल एजूकेशन बोर्ड, मोहाली।

24-बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन राजस्थान, अजमेर।

25-स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एग्जामिनेशन, (सेकेण्डरी) एण्ड बोर्ड आफ हायर सेकेण्डरी एक्जामिनेशन, तमिलनाडु।

26-त्रिपुरा बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, अगरतला।

27-वेस्ट बंगाल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन, कोलकता।

28-बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल।

29-उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मौलवी परीक्षा, अरबी और मुंशी परीक्षा फारसी।

30-माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित पूर्व मध्यमा अथवा कोई अन्य उच्चतर परीक्षा।

31-राष्ट्रीय ओपेन स्कूल नई दिल्ली द्वारा संचालित सेकेण्डरी (माध्यमिक) परीक्षा इस प्रतिबन्ध के साथ कि यह परीक्षा कम से कम छः विषयों में उत्तीण की गई हो।

Aglasem Schools

32-भारत में विधि द्वारा स्थापित ऐसे परीक्षा संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा संचालित हाईस्कूल (मैट्रीकुलेशन) अथवा इसके समकक्ष संचालित परीक्षायें जिसके सम्बन्ध में सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन का समाधान हो गया है, परिषद की हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष मान्य होंगी।

2-क-नीचे लिखी हुई शर्तें उन व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थित संस्थाओं पर लागू होगी, जो किसी अधिनियम अथवा चार्टर के अन्तर्गत अनिवार्य शर्त के रूप में नहीं चल रही है। ये शर्त उनके द्वारा संचालित परीक्षाओं को परिषद की हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष विनियम 2, अध्याय चौदह के अन्तर्गत मान्यता देने के उद्देश्य से लागू होगी :-

(1) परिषद का एक प्रतिनिधि उस प्राधिकर में होगा, जो परीक्षा के लिये अध्ययन के निर्धारित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करता है;

(2) वह संस्था अपने परीक्षा केन्दों की परिषद के प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षित किये जाने की अनुमति देगी;

(3) वह संस्था परिषद के प्रतिनिधियों को परिषद के नियमों के अनुसार यात्रा एवं दैनिक भत्ता देगी;

ये शर्तें उन समस्त संस्थाओं पर लागू होंगी, जो परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त करने के लिये आवेदन-पत्र देती है तथा उस निकायों के लिये भी जिनकी परीक्षाएं इस अध्याय के विनियम 2 (30) तथा (33) के अन्तर्गत परिषद द्वारा उसकी हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष मान्य है।

3-कोई परीक्षार्थी उस समय तक इण्टरमीडिएट परीक्षा में नहीं प्रविष्ट हो सकेगा, जब तक कि उसके द्वारा हाईस्कूल अथवा एक समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण किये हुए दो शैक्षिक वर्ष न बीत गये हों ;

प्रतिबन्ध यह है कि जिन परीक्षार्थियों ने कैब्रिज स्कूल सर्टीफिकेट (जो पहले सीनियर लोकल कहलाती थी), परीक्षा अथवा इण्डियन सकूल सर्टीफिकेट परीक्षा, नई दिल्ली को काउन्सिल द्वारा संचालित इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा (केवल दिसम्बर, 1974 तक) अथवा हायर सेकेण्डरी परीक्षा (एक वर्षीय अथवा त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) अथवा बोर्ड आफ हायर सेकेण्डरी एजूकेशन, दिल्ली की हायर सेकेण्डरी स्कूल टेक्निकल सर्टीफिकेट परीक्षा (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) अथवा सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन, अजमेर, नई दिल्ली द्वारा संचालित अखिल भारतीय उच्चतर माध्यमिक परीक्षा अथवा डिमास्ट्रेशन मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी परीक्षा अथवा भारत में विधिवत् स्थापित किसी विश्वविद्यालय अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित उच्चतर माध्यमिक परीक्षा अथवा प्रदेश अथवा अर्हता अथवा पूर्व विश्वविद्यालय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जिसके तुरन्त बाद में त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम होता है, इण्टरमीडिएट परीक्षा में पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण करने के अगले शैक्षिक वर्ष में प्रविष्ट हो सकते हैं।

ज्ञातव्य-इस प्रतिबन्ध के अन्तर्गत प्रविष्ट होने वाले परीक्षार्थी व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में भी प्रविष्ट होने के पात्र हैं, यदि वे वांछित शर्तें पूरी करें।

[2] 3-क-विकलांग तथा दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु निर्धारित अवधि के अतिरिक्त 20 मिनट प्रति घण्टे के हिसाब से अतिरिक्त समय देय होगा।

3-ख-इन नियमों को शर्तों के होते हुए भी काई परीक्षार्थी जिसने परिषद की इण्टरमीडिएट प्राविधिक परीक्षा अथवा एक समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, वैज्ञानिक वर्ग के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा में, उस शैक्षिक वर्ष के बाद के वर्ष में बैठ सकता है जिसमें वह पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण करता है। ऐसे परीक्षार्थी को हिन्दी में पुनः बैठने की आवश्यकता न होगी और इन विषयों में उसके द्वारा पहले प्राप्त अंकों को सम्मिलित कर लिया जायेगा।

4-किसी छात्र को, जो एक शैक्षिक वर्ष भारत में विधिवत स्थापित ऐसे विश्वविद्यालय अथवा भारत में ऐसे माध्यमिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध विद्यालय में रहा है, जिसका मैट्रीक्यूलेशन अथवा समकक्ष परीक्षा परिषद द्वारा मान्य है अथवा जिसने हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की उत्तर मध्यमा कक्षा जो पहले राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी द्वारा संचालित होती थी, में उत्तर मध्यमा परीक्षा (अंग्रेजी के साथ) का तैयारी में प्रवेश किया है, एक वर्ष की अनुमति दी जा सकती है, जिसमें वह इस प्रकार रहा है, इस प्रतिबन्ध के साथ कि वह समुचित प्राधिकारी से यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करता है कि तत्सम्बन्धी वर्ष का लेखा उस विश्वविद्यालय अथवा निकाय में लागू विनियमों के अनुसार जहाँ उसे प्रब्रजन किया है, विधिवत् रखा गया है तथा कथित आचार्य को उसके स्थानान्तरण में कोई आपत्ति नहीं है।

टिप्पणी-कोई छात्र जो ऊपर के प्रस्ताव में उल्लिखित किसी निकाय में सम्बद्ध अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र के किसी भाग में रहा है, परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रविष्ट हो सकता है और उस विद्यालय के व्याख्यानों की उपस्थिति की गणना उत्तर प्रदेश के विद्यालय की उपस्थिति के साथ पाठ्यक्रम के नियमित अध्ययन के उद्देश्य से की जायेगी, इस प्रतिबन्ध के साथ कि ऊपर के विनियम में निर्धारित शर्तें पूरी की जाती हैं।

उपर्युक्त विनियम के उद्देश्य से गौहाटी तथा राजस्थान विश्वविद्यालयों की इण्टरमीडिएट परीक्षायें भी मान्य हैं।

[6](5) इण्टरमीडिएट परीक्षा के प्रत्येक परीक्षार्थी की निम्नलिखित के अनुसार पांच विषयों में परीक्षा ली जायेगी-

इन विषयों के अतिरिक्त खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा विद्यालय स्तर पर करायी जायेगी जिसमें 50 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र होगा। इसके अतिरिक्त 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी संस्था के प्रधान द्वारा ली जायेगी।

Aglasem Schools

प्रत्येक परीक्षार्थी को खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 प्रतिशत पाना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों द्वारा इस विषय की लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में अर्जित अंकों का अंकन उनके अंक-पत्र/प्रमाण-पत्र पर किया जायेगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा अग्रसारण/पंजीकरण अधिकारी द्वारा ली जायेगी। पूर्णरूप से दृष्टिबाधित अथवा विकलांग परीक्षार्थियों को खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा से मुक्ति रहेगी।

(क) मानविकी वर्ग

1-एक विषय : हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी।

(2-5) निम्नलिखित विषयों में से कोई चार विषय-

(एक) भारतीय संविधान की आठवीं अनूसूची में दी हुई भाषाओं में से हिन्दी के अतिरिक्त कोई एक भारतीय भाषा (संस्कृत, उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, आसामी, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, सिन्धी, तमिल, तेलगू, मलयालम अथवा नेपाली)।

(दो) एक आधुनिक विदेशी भाषा-अंग्रेजी।

(तीन) एक शास्त्रीय भाषा-संस्कृत, पाली, अरबी अथवा फारसी।

ज्ञातव्य-

(1) परीक्षार्थी वैकल्पिक विषय के रूप में दो से अधिक भाषाएं न ले सकेंगे।

(2) संस्कृत इस प्रतिबन्ध के साथ कि वह उपर्युक्त में क्रमांक एक में वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं ली गयी है।

(3) कश्मीरी तथा चीनी के पाठ्यक्रम पारित होने तक परीक्षार्थी इन्हें उपहृत नहीं कर सकेंगे।

(4) इतिहास

(5) नागरिक शास्त्र

(6) गणित

(7) अर्थशास्त्र

(8) संगीत गायन अथवा संगीत वादन अथवा नृत्यकला

(9) चित्रकला आलेखन अथवा चित्रकला प्रावैधिक अथवा रंजनकला

(10) समाजशास्त्र

(11) विखण्डित

(12) गृह विज्ञान

(13) भूगोल

(14) कम्प्यूटर

(15) सैन्य विज्ञान

(16) मनोविज्ञान अथवा शिक्षा शास्त्र अथवा तर्कशास्त्र

(17) काष्ठ शिल्प अथवा ग्रन्थ शिल्प अथवा सिलाई

(18) मानव विज्ञान

नोट-क्रम चौदह पर अंकित विषय कम्प्यूटर में केवल संस्थागत परीक्षार्थी ही सम्मिलित हो सकेंगे परन्तु इस विषय के अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं।

(ख) वैज्ञानिक वर्ग

1-एक विषय : हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी

(2-5) निम्नलिखित विषयों में से कोई चार विषय--

(एक) भौतिक विज्ञान

(दो) रसायन विज्ञान

(तीन) जीव विज्ञान

(चार) गणित

(पाँच) कम्प्यूटर

Aglasem Schools

(छः) विखण्डित

(सात) मानव विज्ञान

(आठ) मानविकी वर्ग के विषयों में से कोई एक विषय

1-क्रम पाँच के विषयों में केवल संस्थागत परीक्षार्थी ही प्रवेश पाने के पात्र होंगे परन्तु इस विषय में अनुत्तीर्ण छात्र व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रविष्ट हो सकेंगे।

2-यदि क्रम चार अथवा पाँच के विषय उपहृत किया है तो मानविकी वर्ग से क्रमशः (छः) अथवा (चौदह) अथवा (अठ्ठारह) नहीं ले सकेंगे।

(ग) वाणिज्य वर्ग

(1) एक अनिवार्य विषय : हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी।

(2) बहीखाता तथा लेखा शास्त्र

(3) व्यापारिक संगठन एवं पत्र-व्यवहार

(4-5) निम्नलिखित में से कोई दो विषय--

(एक) अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल

(दो) अधिकोषण तत्व

(तीन) औद्योगिक संगठन

(चार) गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी

(पाँच) कम्प्यूटर

(छः) बीमा सिद्धान्त एवं व्यवहार

(सात) मानविकी वर्ग के विषयों में से कोई एक विषय

टीप-(1) क्रम एक अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल लेने वाले छात्र मानविकी वर्ग से अर्थशास्त्र विषय नहीं ले सकेंगे।

(2) क्रम-5 कम्प्यूटर विषय लेने वाले छात्र मानविकी वर्ग से कम्प्यूटर विषय नहीं ले सकेगा।

भाग-एक (प्रथम वर्ष) परीक्षा-

1-हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी

2-(क) शस्य विज्ञान (सामान्य कृषि क्षेत्र की फसलें, भूमि एवं खाद)

(ख) वनस्पति विज्ञान

(ग) भौतिक विज्ञान एवं जलवायु विज्ञान

(घ) कृषि अभियंत्रण के तत्व

(ङ) गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी

भाग-दो (द्वितीय वर्ष) परीक्षा-

1-हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी

2-(क) शस्य विज्ञान (सिंचाई, जल निकास एवं वनस्पति उत्पादन)

(ख) अर्थशास्त्र

(ग) जन्तु विज्ञान

(घ) पशु पालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान

(ङ) रसायन विज्ञान

नोट-हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी विषय की परीक्षा कृषि भाग-एक (प्रथम वर्ष) में नहीं ली जायेगी। इस विषय की परीक्षा कृषि भाग-दो (द्वितीय वर्ष) दो वर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर ली जायेगी।

Aglasem Schools

कृषि वर्ग की परीक्षा की विस्तृत योजना

कृषि भाग एक-(प्रथम वर्ष) परीक्षा

विषय	अधिकतम अंक सिद्धान्त में	न्यूनतम उत्तीर्णांक सिद्धान्त में	अधिकतम अंक क्रियात्मक में	न्यूनतम उत्तीर्णांक क्रियात्मक में	न्यूनतम उत्तीर्णांक योग में
1	2	3	4	5	6
1-कृषि--					
(क) प्रथम प्रश्न-पत्र शस्य विज्ञान (सामान्य कृषिक्षेत्र की फसलें, भूमि एवं खाद तथा क्रियात्मक)	50	17	50	16	33
(ख) द्वितीय प्रश्न-पत्र वनस्पति विज्ञान तथा क्रियात्मक	50	17	50	16	33
(ग) तृतीय प्रश्न-पत्र भौतिक विज्ञान एवं जलवायु विज्ञान तथा क्रियात्मक	50	17	50	16	33
(घ) चतुर्थ प्रश्न-पत्र कृषि अभियंत्रण तथा क्रियात्मक	50	17	50	16	33
(ङ) पंचम प्रश्न-पत्र गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी	50	17	..	..	..
योग--	250	..	200	..	..

कृषि भाग दो-(द्वितीय वर्ष) परीक्षा

विषय	अधिकतम अंक सिद्धान्त में	न्यूनतम उत्तीर्णांक सिद्धान्त में	अधिकतम अंक क्रियात्मक में	न्यूनतम उत्तीर्णांक क्रियात्मक में	न्यूनतम उत्तीर्णांक योग में
1	2	3	4	5	6
1-हिन्दी अथवा सामानय हिन्दी (32-32-36) के	100	33	..	..	..
2-कृषि-					
(क) षष्ठम् प्रश्न-पत्र शस्य विज्ञान (सिंचाई, जल निकास तथा वनस्पति उत्पादन) तथा क्रियात्मक	50	17	50	16	33
(ख) सप्तम् प्रश्न-पत्र अर्थशास्त्र	50	17	..	..	..
(ग) अष्टम् प्रश्न-पत्र जन्तु विज्ञान तथा क्रियात्मक	50	17	50	16	33
(घ) नवम् प्रश्न-पत्र पशुपालन तथा पशु-चिकित्सा विज्ञान तथा क्रियात्मक	50	17	50	16	33
(ङ) दशम् प्रश्न-पत्र रसायन विज्ञान तथा क्रियात्मक	50	17	..	..	..
योग--	350	..	200	..	..

नोट--हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी विषय की परीक्षा कृषि भाग-एक प्रथम वर्ष में नहीं ली जायेगी। इस विषय की परीक्षा कृषि भाग-दो द्वितीय वर्ष में दो वर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर ली जायेगी।

Aglasem Schools

पुनश्च-(1) कोई परीक्षार्थी कृषि इण्टरमीडिएट परीक्ष के प्रमाण-पत्र का अधिकारी परीक्षा के दोनों भागों को उत्तीर्ण करने के पश्चात् होगा। परीक्ष के द्वितीय भाग (द्वितीय वर्ष) के अन्त में सफल परीक्षार्थी को श्रेणी का निर्धारण परीक्षा के प्रथम तथा द्वितीय भागों के संयुक्त अंकों के आधार पर होगा।

(2) परीक्षार्थियों को समस्त विषयों में तथा सिद्धान्त के प्रत्येक प्रश्न-पत्र और परीक्षा के भाग-1 के विषय की क्रियात्मक परीक्षा में भी पृथकतः उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। कोई परीक्षार्थी जब तक वह परीक्षा का प्रथम भाग उत्तीर्ण न कर ले तब तक वह परीक्षा के भाग 2 में प्रविष्ट न हो सकेगा।

(3) परीक्षा के भाग 1 में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के नाम भी प्रकाशित किये जायेंगे। कोई श्रेणी नहीं दी जायेगी।

(4) परीक्षा के भाग 2 में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों को न्यूनतम उत्तीर्णांक पृथकतः सिद्धान्त के प्रत्येक प्रश्न-पत्र में तथा परीक्षा के लिए निर्धारित प्रत्येक क्रियात्मक परीक्षा में प्राप्त करने होगें।

[5] (6)समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं में भाषाओं के अतिरिक्त समस्त विषयों के शिक्षण का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी होगा। प्रतिबन्ध यह है कि जिन विद्यालयों को हिन्दी माध्यम से शिक्षण दिये जाने हेतु पूर्व में मान्यता/अनुमति मिली है, उन्हें अंग्रेजी माध्यम से भी शिक्षण दिये जाने की अनुमति दी जा सकती है। इण्टरमीडिएट परीक्षा के परीक्षार्थी भाषाओं के अतिरिक्त समस्त विषयों में प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी माध्यम से देगें। परिषद के सभापति तथा ऐसे अन्य अधिकारी जिन्हें वे इस सम्बन्ध में अधिकार दे दे स्वविवेक से जिन परीक्षार्थियों को जिनकी मातृ भाषा हिन्दी के अतिरिक्त कोई अन्य भाषा है और जिन्होंने हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा तक हिन्दी का अध्ययन नहीं किया है उर्दू माध्यम से प्रश्नों का उत्तर देने की अनुज्ञा दे सकते हैं। भाषाओं के अतिरिक्त समस्त विषयों में प्रश्न पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी में बनाये जायेंगे।

टिप्पणी-(1) भाषाओं के परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर भाषाओं तथा तत्सम्बन्धी लिपि में देगें, यदि प्रश्न पत्र में ही उसके विपरीत उल्लेख न हो।

(2) विखण्डित।

(3) विखण्डित।

(7) अध्याय चौदह के विनियम के होते हए भी वे परीक्षार्थी जो 1953 ई0 या उनसे पूर्व के वर्ष की इण्टरमीडिएट परीक्षा में "विशेष युद्ध विनियमों" शरणार्थी परीक्षार्थियों के लिए विशेष संक्रमणकालीन विनियमों (जैसे कि 1951 ई0 की विवरण पत्रिका में दिये गये हैं तथा राजनीतिक पीड़ितों के लिए विशेष संक्रमणकलीन विनियमों के अन्तर्गत बैठे तथा अनुत्तीण हुए, बाद में किसी वर्ष की इण्टरमीडिएट परीक्षा में संस्थागत अथवा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में उस वर्ष के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार बैठ सकते हैं, इस प्रतिबन्ध के साथ कि वे परिषद की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए विनियमों में निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा कराते हैं।)

(8) विखण्डित।

(9) निरस्त।

9-(क)-कोई परीक्षार्थी जिसने अध्याय चौदह के प्राचीन विनियम 9 के अन्तर्गत परिषद् द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा केवल अंग्रेजी विषय में उत्तीण कर ली है, शेष विषयों सहित इण्टरमीडिएट की आगामी परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रविष्ट किया जा सकता है और वह परीक्षार्थी परीक्षा में सफल होने पर अवशिष्ट विषयों में उक्त परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र पाने का अधिकारी होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को सम्पूर्ण इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण माना जायेगा। उन्हें कोई श्रेणी नहीं दी जायेगी।

Aglasem Schools

अध्याय चौदह (क)

इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा

(अन्तिम दो वर्षीय कक्षा 11-12 के पाठ्यक्र)

(1) इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी की निम्नलिखित विषयों तथा ट्रेड में परीक्षा ली जायेगीः

(एक) सामान्य हिन्दी

(दो) निम्नलिखित 41 वैकल्पिक विषयों में से कोई एक विषय

1-अरबी
2-अर्थशास्त्र
3-आसामी
4-इतिहास
5-उर्दू
6-उड़िया
7-अंग्रेजी
8-कन्नड़
9-गणित
10-गृह विज्ञान
11-गुजराती
12-चित्रकला
13-तर्क शास्त्र
14-तमिल
15-तेलगू
16-नागरिकशास्त्र
17-नैपाली
18-पाली
19-पंजाबी
20-फारसी
21-बंगला
22-भूगोल
23-मनोविज्ञान
24-मराठी
25-मलयालम
26-समाज शास्त्र
27-संगीत वादन
28-संगीत गायन
29-संस्कृत
30-सिन्धी
31-सैन्य विज्ञान
32-शिक्षा शास्त्र
33-जीव विज्ञान

Aglasem Schools

34-भौतिक विज्ञान

35-रसायन विज्ञान

36-व्यापारिक संगठन एवं पत्र-व्यवहार

37-औद्योगिक संगठन

38-अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल

39-गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी

40-शस्य विज्ञान

41-मानव विज्ञान

(तीन) सामान्य आधारिक विषय (50-50 अंकों के दो प्रश्न-पत्र)

[3] (चार) निम्नलिखित व्यावसायिक धाराओं (ट्रेड्स) में से कोई एक--

1-खाद्य एवं फल संरक्षण

2-पाक शास्त्र

3-परिधान रचना एवं सज्जा

4-धुलाई तथा रंगाई

5-बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी

6-टैक्सटाइल डिजाइन

7-बुनाई तकनीक

8-नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध

9-पुस्तकालय विज्ञान

10-बुनियादी स्वास्थ्य कार्मिक (पुरूष)

11-रंगीन फोटोग्राफी

12-रेडियों एवं रंगीन टेलीवीजन

13-आटोमोबाइल्स

14-मुद्रण

15-कुलाल विज्ञान

16-मधुमक्खी पालन

17-डेरी प्रौद्योगिकी

18-रेशम कीट पालन

19-बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी

20-फसल सुरक्षा प्रौद्योगिकी

21-पौधशाला

22-भूमि संरक्षण

23-एकाउन्टेंसी एवं अंकेक्षण

24-बैकिंग

25-आशुलिपि तथा टंकण

26-विपणन तथा विक्रय कला

27-सचिवीय पद्धति

28-बीमा

29-सहकारिता

Aglasem Schools

30-टंकण हिन्दी तथा अंग्रेजी

31-कृत्रिम अंग एवं अवयव तकनीकी

32-इम्ब्राइडरी

33-हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं बेजीटेबुल ड्राइंग

34-मेटल क्राफ्ट

35-कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स (डाटा एन्ट्री प्रोसेस)

36-घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव

37-रिटेल ट्रेडिंग

38-सुरक्षा

39-मोबाइल रिपेयरिंग

40-टूरिज्म एवं हास्पिटलिटी

[4] 41-आई0टी0/आई0टी0ई0एस0

(2) व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न ट्रेड्स में रोजगारपरक प्रशिक्षण कराया जायेगा जो सम्बन्धित ट्रेड में दिये गये प्रौद्योगिक कार्य के अनुसार होगा। रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रयोगशाला तथा कार्य-स्थल दोनों स्थानों पर होगा।

(3) इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा में केवल संस्थागत परीक्षार्थी ही प्रवेश के पात्र होगें परन्तु व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रविष्ट हो सकेंगे।

(4) इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा का परीक्षा के परीक्षार्थियों को हिन्दी से छूट नहीं प्रदान की जायेगी।

(5) इण्टरमीडिएट व्यवसायिक शिक्षा में प्रवेश के लिये प्रत्येक परीक्षार्थी को परिषद की हाईस्कूल अथवा कोई परीक्षा, जो विनियमों द्वारा उसके समकक्ष घोषित की गई है, उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

(6) शिक्षण एवं प्रश्न-पत्रों का उत्तर देने का माध्यम हिन्दी होगा, यदि कोई परीक्षार्थी प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में देना चाहता है तो उसकी अनुमति होगी।

(7) अध्याय बारह के विनियम लागू होंगे जहाँ तक कि ये इस अध्याय के विनियमों के प्रतिकूल नहीं है।

(8) व्यवसायिक शिक्षा के परीक्षार्थी का परीक्षा अन्तिम वर्ष में होगी।

टीप-शासन की संकल्पना के अनुसार व्यवसायिक शिक्षा हेतु निर्धारित विभिन्न ट्रेड विषयों का अध्ययन प्रत्येक छात्र (कक्षा-9 से 12) के लिये अनिवार्य होगा तथा इस निमित्त विद्यालयों को ट्रेड विषयों की पृथक से मान्यता लेने की आवश्यकता नहीं होगी। संस्था को ट्रेड विषयों के संचालन हेतु कोई शासकीय अनुदान देय नहीं होगा।

पाद टिप्पणी-

1-परिषद्-9/836 दिनांक 05-03-2014 द्वारा संशोधित।

2-परिषद्-9/686 दिनांक 11-01-2012 द्वारा संशोधित।

3-परिषद्-9/05 दिनांक 02-10-2012 द्वारा संशोधित।

4-परिषद्-9/751 दिनांक 16-01-2015 द्वारा संशोधित।

5-परिषद्-9/181 दिनांक 01-07-2010 द्वारा संशोधित।

6-परिषद्-9/879 दिनांक 20-02-20096 द्वारा संशोधित।

Aglasem Schools

कक्षा-12

पाठ्यक्रम तथा पाठ्य-पुस्तकें

हिन्दी

इस विषय मं 50-50 अंकों के दो प्रश्नपत्र होगें, प्रत्येक प्रश्न-पत्र का समय तीन घण्टें होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्णांक-50

1-हिन्दी गद्य का विकास (गद्य की पाठ्य पुस्तक में दिये गये पाठों पर आधारित विभिन्न कालों में गद्य की भाषा-संरचना, विधाओं में परिवर्तन, युग-प्रवर्तक लेखकों का योगदान एवं प्रमुख रचनाएं (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)। 5

2-काव्य साहित्य का विकास (आधुनिक काल-भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग, छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता इत्यादि) की काव्य प्रवृत्तियां उनमें परिवर्तन प्रतिनिधि कवि एवं उनके प्रमुख कृतियां (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)। 5

3-गद्यांशों एवं सूक्तियों की सन्दर्भ सहित व्याख्या। 7+3=10

4-पद्यांशों तथा सूक्तिपरक पंक्तियों की सन्दर्भ सहित व्याख्या। 7+3=10

5-संकलित गद्य के पाठों के लेखकों का साहित्यिक परिचय, जीवनी, कृतियाँ तथा भाषा शैली 04

6-काव्य-सौष्ठव-कवि परिचय, जीवनी, कृतियाँ, साहित्यिक विशेषताएँ- 04

7-(क) कहानी-चरित्र-चित्रण, कहानी के तत्व एवं तथ्यों पर आधारित (लघु उत्तरीय प्रश्न) 04

(ख) नाटक-निर्धारित नाटक की विशेषताएँ एवं पात्रों के चरित्र चित्रण पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न 04

8-खण्ड काव्य-निम्नलिखित पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न- 04

(क) खण्ड काव्य की विशेषताएं (ख) पात्रों का चरित्र-चित्रण (ग) प्रमुख घटनाओं पर आधारित प्रश्न।

द्वितीय प्रश्न-पत्र **पूर्णांक-50**

1-पठित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों के संस्कृत गद्य एवं पद्य खण्डों का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद 10

2-पाठ्य पुस्तक से सूक्तिपरक पंक्तियों की ससन्दर्भ हिन्दी में व्याख्या। 04

3-पाठों पर आधारित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर (कोई दो प्रश्न करना है)। 04

4-काव्य सौन्दर्य के तत्व- 06

(क) सभी रस-(परिभाषा, उदाहरण एवं पहचान)

(ख) अलंकार (1) शब्दालंकार-अनुप्रास, यमक, श्लेष (परिभाषा एवं उदाहरण)

(2) अर्थालंकार-उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, सन्देह, भ्रान्तिमान, अनन्वय, प्रतीप, दृष्टान्त तथा अतिशयोक्ति (परिभाषा एवं उदाहरण)

(ग) छन्द (1) मात्रिक-चौपाई, दोहा, सोरठा, रोला, कुण्डलिया, हरिगीतिका, वरवै (लक्षण एवं उदाहरण)

(2) वर्णवृत्त-इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, सवैया, मंतगमंद, सुमुखी, सुन्दरी, बसन्ततिलका (लक्षण एवं उदाहरण)

(3) मुक्तक-मनहर (लक्षण एवं उदाहरण)

5-निबन्ध-हिन्दी में मौलिक अभिव्यक्ति दिये हुए विषय पर निबन्ध, (जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा आदि की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी निबन्ध पूछे जायेंगें)। 09

6-संस्कृत व्याकरण- **13**

क-सन्धि-(1) स्वर सन्धि-एचोऽयवायावः एडः पदान्तादति, एङपररूपम् 01

(2) व्यंजन-स्तोः श्चुनाश्चुः, ष्टुनाष्टुः, झलांजशझशि, खरिच, मोऽनुस्वारः तोर्लि, अनुस्वारस्यययि पर सवर्णः 01

(3) विसर्ग-विसर्जनीयस्य सः, सरयजुवोरुः, अतोरोरप्लुतादप्लुते, हशिच, रोरि 01

ख-शब्दरूप (1) संज्ञा-आत्मन्, नामन, राजन्, जगत् सरित्। 01

(2) सर्वनाम-सर्व, इदम्, यद। 01

Aglasem Schools

ग-धातुरूप-लट्, लोट, विधिलिङ्ग, लङ, लृट (परस्मैपदी) स्था, पा, नी, दा, कृ, चुर 02

घ-प्रत्यय (1) कृत-क्त, क्त्वा, तव्यत्, अनीयर् 01

(2) तद्धित-त्व, मतुप, वतुप 01

ङ -विभक्ति परिचय-अभितः परितः, समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि, यनाल विकारः,

सहयुक्तेऽप्रधाने, नमः स्वस्तिस्वाहा स्वधालंबषट्योगाच्च, षष्ठीशेषे, यतश्चनिर्धारणम् 02

च-समास-अव्ययीभाव कर्मधारय, बहुव्रीहि। 02

7-हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद। 04

प्रथम प्रश्न-पत्र

पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	पाठ का नाम
1	2	3
गद्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1-बासुदेव शरण अग्रवाल	राष्ट्र का स्वरूप
	2-जैनेन्द्र कुमार	भाग्य और पुरूषार्थ
	3-कन्हैया लाल मिश्र ''प्रभाकर''	राबर्ट नर्सिंग होम में
	4-डॉ0 हजारी प्रसाद	अशोक के फूल
	5-अज्ञेय	सन्नाटा
	6-प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी	भाषा और आधुनिकता
	7-हरिशंकर परसाई	निंदा रस
	8-मोहन राकेश	आखिरी चट्टान
काव्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1-भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	प्रेम माधुरी, यमुना-छवि
	2-जगन्नाथदास "रत्नाकर"	उद्धव-प्रसंग, गंगावतरण
	3-अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'	पवन दूतिका
	4-मैथिलीशरण गुप्त	कैकेयी का अनुताप गीत
	5-जयशंकर प्रसाद	गीत, श्रद्धा-मनु
	6-सूर्यकान्त त्रिपाठी "निराला"	बादल-राग, सन्ध्या-सुन्दरी
	7-सुमित्रा नन्दन पंत	नौका विहार, परिवर्तन, बापू के प्रति
	8-महादेवी वर्मा	गीत
	9-रामधारी सिंह "दिनकर"	पुरूरवा, उर्वशी, अभिनव-मनुष्य
	10-सच्चिदानन्द हीरानंद वात्स्यायन "अज्ञेय"	मैने आहुति बनकर देखा, हिरोशिमा
	11-विविधा	
	"नरेन्द्र शर्मा	मधु की एक बूंद
	"भवानी प्रसाद मिश्रः	बूंद टपकी एक नभ से
	"गजानन माधव मुक्ति बोधः	मुझे कदम-कदम पर
	"गिरिजा कुमार माथुरः	चित्रमय धरती
	"धर्मवीर भारतीः	सांझ के बादल
कथा साहित्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1-भीष्म साहनी	खून का रिश्ता
	2-फणीश्वर नाथ ''रेणु''	पंचलाइट
	3-शिवानी	लाटी
	4-अमरकांत	बहादुर
	5-शिव प्रसाद सिंह	कर्मनाशा की हार

Aglasem Schools

नाटक (सहायक पुस्तक)

क्र0 सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	कुहासा और किरण लेखक-श्री विष्णु प्रभाकर	भारतीय साहित्य प्रकाशन, 204-ए वेस्ट एण्ड रोड, सदर, मेरठ।	मेरठ, आजमगढ़, मुरादाबाद, बलिया, रायबरेली, झांसी, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत।
2	आन की मान लेखक-श्री हरिकृष्ण प्रेमी	कौशाम्बी प्रकाशन, दारागंज, इलाहाबाद	वाराणसी, लखनऊ, इटावा, बरेली, फर्रूखाबाद, एटा, शाहजहांपुर, उन्नाव, हमीरपुर।
3	गरूड़ ध्वज लेखक-लक्ष्मी नारायण मिश्र	साहित्य भवन, प्रा0लि0, 93, के0पी0 कक्कड़ रोड़, इलाहाबाद।	आगरा, गोरखपुर, जौनपुर, फैजाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, गोण्डा, सीतापुर, प्रतापगढ़, बहराइच, ललितपुर।
4	सूत पुत्र लेखक-डा0 गंगा सहाय "प्रेमी"	राम प्रसाद एण्ड सन्स, अस्पताल रोड़, आगरा।	इलाहाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, मैनपुरी, जालौन, हरदोई, बाराबंकी।
5	राज मुकुट लेखक-श्री व्यथित "हृदय"	सिम्बुल लैंग्वेज कारपोरेशन अस्पताल रोड़, आगरा	कानपुर, बुलन्दशहर, मथुरा, बस्ती, मिर्जापुर, देवरिया, बांदा, रामपुर।

खण्ड काव्य (सहायक पुस्तक)

खण्ड काव्य

क्र0सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	मुक्ति यज्ञ-लेखक-श्री सुमित्रा नन्दन पन्त	राधा कृष्ण प्रकाशन 2, अन्सारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली	कानपुर, जौनपुर, मुरादाबाद, फैजाबाद, एटा, ललितपुर।
2	सत्य की जीत-लेखक-श्री द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी	ज्वाला प्रसाद विद्या सागर, 129, के0पी0 कक्कड़ रोड़, इलाहाबाद	झांसी, बदायूँ, प्रतापगढ़, रामपुर, पीलीभीत, लखनऊ, इटावा, बलिया, बिजनौर।
3	रश्मि रथी लेखक-रामधारी सिंह "दिनकर"	उदयांचल, पटना, वितरक-लोक भारती 15-ए, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद	वाराणसी, बुलन्दशहर, मथुरा, मुजफ्फरनगर, फतेहपुर, उन्नाव, देवरिया।
4	आलोकवृत्त लेखक-श्री गुलाब खण्डेलवाल	कमल प्रकाशन, 105 मुकुन्दीगंज, प्रतापगढ़।	इलाहाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, फर्रूखाबाद, मैनपुरी, मिर्जापुर, सीतापुर।
5	त्याग पथी लेखक-श्री रामेश्वर शुक्ल "अंचल"	साहित्यकार संघ, दारागंज, इलाहाबाद	आगरा, गोरखपुर, गाजीपुर, बरेली, सुल्तानपुर, जालौन, लखीमपुर खीरी, गोण्डा, शाहजहांपुर, बाराबंकी।
6	श्रवण कुमार लेखक-श्री शिव बालक शुक्ल	गौतम बन्धु गोइन रोड, लखनऊ	मेरठ, आजमगढ़, बस्ती, रायबरेली, हरदोई, बांदा, बहराइच, हमीरपुर।

नोट :-इसके अतिरिक्त अन्य जिलों/नवसृजित जिलों में नाटक और खण्ड काव्य पूर्व की भांति यथावत् पढ़ाये जायेंगे।

हिन्दी-द्वितीय प्रश्न-पत्र

संस्कृत दिग्दर्शिका

पाठ्य वस्तु

1-भोजस्यौदार्यम्

2-संस्कृत भाषायाः महत्वम्

3-आत्मज्ञः एवं सर्वज्ञः

Aglasem Schools

4-ऋतुवर्णनम्

5-जातक कथा

6-नृपति दिलीपः

7-महर्षि दयानंदः

8-सुभाषित रत्नानि

9-महामना मालवीयः

10-पंचशीलसिद्धान्ताः

11-दूत वाक्यम्

(दो) सामान्य हिन्दी विषय का पाठ्यक्रम निम्नवत् निर्धारित हैः-

सामान्य हिन्दी

इस विषय में 50-50 अंकों के दो प्रश्न-पत्र होंगे प्रत्येक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र	**पूर्णांक-50**
1-हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास (गद्य की पाठ्य पुस्तक में दिये गये पाठों पर आधारित विभिन्न कालों के युग प्रवर्तक लेखक एवं उनकी रचनाएं)। (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)	05
2-हिन्दी काव्य साहित्य का विकास (विभिन्न कालों के प्रमुख कवि और उनकी कृतियों पर आधारित अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)	05
3-पाठ्यक्रम में निर्धारित गद्यांशों एवं सूक्तियों की संदर्भ सहित व्याख्या।	10
4-पाठ्यक्रम में निर्धारित पद्यांशों एवं सूक्तिपरक पंक्तियों की संदर्भ सहित व्याख्या।	10
5-पाठ्यक्रम में निर्धारित लेखकों का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ।	04
6-पाठ्यक्रम में निर्धारित कवियों का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ।	04
7-(क) पाठ्यक्रम में निर्धारित कहानियों का सारांश एवं उद्देश्य पर आधारित प्रश्न।	04
(ख) पाठ्यक्रम में निर्धारित नाटक की कथावस्तु एवं प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण।	04
8-पाठ्यक्रम में निर्धारित खण्डकाव्य की कथावस्तु एवं प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण।	04
द्वितीय प्रश्न-पत्र	**पूर्णांक-50**
1-संस्कृत में निर्धारित पाठों के आधार पर एक गद्यांश तथा एक श्लोक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद।	08
2-संस्कृत के निर्धारित पाठों में आयी किसी एक सूक्ति की संदर्भ सहित हिन्दी में व्याख्या।	04
3-लोकोक्तियों एवं मुहावरों के अर्थ एवं वाक्य प्रयोग।	04
4-(क)-संन्धि-(दीर्घ, गुण, यण, अयादि में से किन्हीं तीन सन्धियों से संबंधित शब्दों का सन्धि विच्छेद।	03
(ख) शब्दों में सूक्ष्म अन्तर।	02
(ग) अनेकार्थी शब्द।	02
(घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (केवल दो शब्द)	02
(ङ) संस्कृत शब्दों में विभक्ति की पहचान।	02
(च) वाक्यों में त्रुटिमार्जन (लिंग, वचन, कारक, काल एवं बर्तनी संबंधी त्रुटियाँ)	02
5-(क)रस-श्रृंगार, करुण, हास्य, बीर एवं शान्त रस के लक्षण एवं उदाहरण	02
(ख) अलंकार-(1) शब्दालंकार-अनुप्रास, यमक, श्लेष के लक्षण एवं उदाहरण।	02
(2) अर्थालंकार-उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रान्तिमान एवं सन्देह के लक्षण एवं उदाहरण।	
(ग) छन्द-मात्रिक-चौपाई, दोहा, सोरठा, कुण्डलियां के लक्षण एवं उदाहरण।	02

Aglasem Schools

6-पत्र लेखन (निम्नलिखित में से किसी एक पर)- 06

(1) नियुक्ति-आवेदन-पत्र

(2) बैंक से किसी व्यवसाय के लिए ऋण प्राप्त करने का आवेदन-पत्र।

(3) अपने नगर या गाँव की सफाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रार्थना-पत्र।

7-निबन्ध (विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना पर आधारित जनसंख्या, स्वास्थ्य शिक्षा व पर्यावरण से सम्बन्धित)। 09

पाठ्य वस्तु-प्रथम प्रश्न-पत्र-

सामान्य हिन्दी विषय के लिए निम्नलिखित पाठ्य वस्तु का अध्ययन करना होगाः-

पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	पाठ का नाम
1	2	3
गद्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1-बासुदेव शरण अग्रवाल	राष्ट्र का स्वरूप
	2-कन्हैया लाल मिश्र ''प्रभाकर''	राबर्ट नर्सिंग होम में
	3-डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी	अशोक के फूल
	4-प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी	भाषा और आधुनिकता
	5-हरिशंकर परसाई	निंदा रस
	6-मोहन राकेश	आखिरी चट्टान
काव्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1-अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'	पवन दूतिका
	2-मैथिलीशरण गुप्त	कैकेयी का अनुताप गीत
	3-जयशंकर प्रसाद	गीत, श्रद्धा-मनु
	4-सुमित्रा नन्दन पंत	नौका विहार, परिवर्तन, बापू के प्रति
	5-महादेवी वर्मा	गीत
	6-रामधारी सिंह ''दिनकर''	पुरूरवा, उर्वशी, अभिनव-मनुष्य
	7-सच्चिदानन्द हीरानंद वात्सायन ''अज्ञेय''	मैंने आहुति बनकर देखा, हिरोशिमा
कथा साहित्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1-जैनेन्द्र कुमार	ध्रुव यात्रा
	2-फणीश्वर नाथ ''रेणु''	पंचलाइट
	3-शिवानी	लाटी
	4-अमरकांत	बहादुर

नाटक (सहायक पुस्तक) **प्रथम प्रश्न-पत्र**

क्र0 सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	कुहासा और किरण लेखक- श्री विष्णु प्रभाकर	भारतीय साहित्य प्रकाशन, 204-ए वेस्ट एण्ड रोड, सदर, मेरठ	मेरठ, आजमगढ़, मुरादाबाद, बलिया, रायबरेली, झांसी, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत।
2	आन की मान लेखक- श्री हरिकृष्ण प्रेमी	कौशाम्बी प्रकाशन, दारागंज, इलाहाबाद	वाराणसी, लखनऊ, इटावा, बरेली, फर्रुखाबाद, एटा, शाहजहांपुर, उन्नाव, हमीरपुर।
3	गरूड़ ध्वज लेखक- लक्ष्मी नारायण मिश्र	साहित्य भवन, प्रा0लि0, 93, के0पी0 कक्कड़ रोड़, इलाहाबाद	आगरा, गोरखपुर, जौनपुर, फैजाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, गोण्डा, सीतापुर, प्रतापगढ़, बहराइच, ललितपुर।
4	सूत पुत्र लेखक- डा0 गंगा सहाय "प्रेमी"	राम प्रसाद एण्ड सन्स, अस्पताल रोड़, आगरा	इलाहाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, मैनपुरी, जालौन, हरदोई, बाराबंकी।
5	राज मुकुट लेखक- श्री व्यथित "हृदय"	सिम्बुल लैंग्वेज कारपोरेशन अस्पताल रोड, आगरा	कानपुर, बुलन्दशहर, मथुरा, बस्ती, मिर्जापुर, देवरिया, बांदा, रामपुर।

Aglasem Schools

खण्ड काव्य (सहायक पुस्तक)

खण्ड काव्य

क्र0सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	मुक्ति यज्ञ-लेखक- श्री सुमित्रा नन्दन पन्त	राधा कृष्ण प्रकाशन 2, अन्सारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली	कानपुर, जौनपुर, मुरादाबाद, फैजाबाद, एटा, ललितपुर।
2	सत्य की जीत-लेखक- श्री द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी	ज्वाला प्रसाद विद्या सागर, 129, के0पी0 कक्कड़ रोड, इलाहाबाद	लखनऊ, इटावा, बलिया, विजनौर, झांसी, बदायूँ, प्रतापगढ़, रामपुर, पीलीभीत।
3	रश्मि रथी लेखक- रामधारी सिंह "दिनकर"	उदयांचल, पटना, वितरक-लोक भारती 15-ए, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद	वाराणसी, बुलन्दशहर, मथुरा, मुजफ्फरनगर, फतेहपुर, उन्नाव, देवरिया।
4	आलोकवृत्त लेखक- श्री गुलाब खण्डेवाल	कमल प्रकाशन, 105 मुकुन्दीगंज, प्रतापगढ़।	इलाहाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, फर्रूखाबाद, मैनपुरी, मिर्जापुर, सीतापुर।
5	त्याग पथी लेखक- श्री रामेश्वर शुक्ल "अंचल"	साहित्यकार संघ, दारागंज, इलाहाबाद	आगरा, गोरखपुर, गाजीपुर, बरेली, सुल्तानपुर, जालौन, लखीमपुर खीरी, गोण्डा, शाहजहांपुर, बाराबंकी।
6	श्रवण कुमार लेखक- श्री शिव बालक शुक्ल	गौतम बन्धु गोइन रोड, लखनऊ	मेरठ, आजमगढ़, बस्ती, रायबरेली, हरदोई, बांदा, बहराइच, हमीरपुर।

नोटः-इसके अतिरिक्त अन्य जिलों/नवसृजित जिलों में नाटक और खण्ड काव्य पूर्व की भांति यथावत् पढ़ाये जायेंगे।

सामान्य हिन्दी-द्वितीय प्रश्नपत्र

संस्कृत हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु-

1-चतुरश्चौरः

2-सुभाषचन्द्रः

3-संस्कृत भाषायाः महत्वम्

4-जातक कथा

5-सुभाषित रत्नानि

6-महामना मालवीयः

7-पंचशील-सिद्धान्ताः

परिशिष्ट, व्याकरण, शब्दरूप, धातुरूप।

खेल तथा शारीरिक शिक्षा (अनिवार्य विषय)

पूर्णांक-50 अंक

इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे तथा 50 अंकों का होगा, इसके साथ ही 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। लिखित एवं प्रयोगात्मक में उत्तीर्ण होने के लिये विद्यार्थी को 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। इस विषय के प्राप्तांकों का योग, श्रेणी निर्धारण में नहीं किया जायेगा। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा अग्रसारण/पंजीकरण अधिकारी द्वारा ली जायेगी।

उद्देश्य-

1-बालकों का सर्वांगीण विकास एवं गुणों का उन्नयन।

2-छात्रों में स्वयं उत्तरदायित्व वहन, समय पालन एवं स्वस्थ नेतृत्व शक्ति का विकास।

3-सुदृढ़ शरीर का निर्माण करने हेतु शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं की अभिवृद्धि।

4-सहयोग, सहिष्णुता तथा विश्वबन्धुत्व की भावना का विकास।

5-छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति अनुराग, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना का विकास।

6-भावी जीवन में जीविका के लिये तैयार करना।

Aglasem Schools

खण्ड-क

इकाई-1-भारत में शारीकि शिक्षा का स्वरूप एवं विकास- **06 अंक**

भारत में खेल एवं शारीरिक शिक्षा का विकास (स्वतंत्रता से पूर्व), शारीरिक शिक्षा का आधुनिक स्वरूप (स्वतंत्रता के बाद), वर्तमान राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा नीति।

इकाई-2-शारीरिक वृद्धि एवं विकास- **08 अंक**

वृद्धि एवं विकास के विभिन्न स्तर, विभिन्न आयु वर्ग की शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक विशेषतायें, किशोरावस्था की समस्यायें एवं समाधान, शारीरिक स्वस्थता एवं विकास को प्रभावित करने वाले कारक।

इकाई-3-ड्रग्स एवं डोपिंग- **06 अंक**

ड्रग्स का अर्थ, खिलाड़ियों द्वारा ड्रग्स का प्रयोग क्यों? खिलाड़ियों पर ड्रग्स का कुप्रभाव एवं उपचार, खिलाड़ियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले ड्रग्स एवं उनका प्रभाव, डोपिंग का अर्थ, रक्त डोपिंग एवं इससे बचाव।

इकाई-4-व्यायाम एवं योगासनों का शारीरिक तंत्रों पर प्रभाव- **05 अंक**

व्यायाम एवं योगासनों का पेशी तंत्र, पाचन तंत्र, रुधिर परिसंचरण तंत्र, श्वसन तंत्र तथा तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव, योगासन एवं प्राणायाम की दैनिक जीवन में आवश्यकता और महत्व।

इकाई-5-व्यक्तित्व एवं नेतृत्व- **05 अंक**

अर्थ, परिभाषा एवं उत्तम व्यक्तित्व की विशेषतायें, व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करने वाले कारक, वंशानुक्रम, वातावरण एवं समाज, व्यक्तित्व विकास में शारीरिक शिक्षा की भूमिका, उत्तम नेतृत्व की विशेषतायें, खिलाड़ियों में व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास की विधियां।

इकाई-6-प्रमुख खेल- **05 अंक**

क्रिकेट, हॉकी, फुटबाल, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस, टेनिस, हैण्डबाल, वालीबाल विभिन्न खेलों के नियम, मैदानों की माप, सम्बन्धित खेलों की मुख्य तालिका।

इकाई-7-विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगितायें- **05 अंक**

राष्ट्रमण्डल खेल, एशियन खेल, एफ्रोएशियन खेल एवं ओलम्पिक।

इकाई-8-खेल पुरस्कार- **04 अंक**

अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद पुरस्कार, सी0के0 नायडू पुरस्कार, ध्यान चन्द्र पुरस्कार आदि।

इकाई-9-मानव अधिकार- **03 अंक**

मानव अधिकारों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा, मानव अधिकार और भारत का संविधान, महात्मा गांधी और मानवाधिकार।

इकाई-10-मौलिक अधिकार- **03 अंक**

समानता, स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता, शोषण से संरक्षण, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार, संवैधानिक उपचारों, शिक्षा का मौलिक अधिकार, सूचना का अधिकार, शिकायत प्रणाली, मानव अधिकार आयोग, चाइल्ड लाइन, वीमेन पावर लाइन।

पुस्तक-''मानव अधिकार अध्ययन'' प्रकाशक ''माइंडशेयर''।

अरबी

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न पत्र 3 घण्टे का होगा

1-निर्धारित पद्य की उर्दू या अंग्रेजी में व्याख्या	20 अंक
2-पाठ्यक्रम पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न, जिनके उत्तर उर्दू या अंग्रेजी में दिये जा सकते हैं।	10 अंक
3-व्याकरण	08 अंक
4-उर्दू या हिन्दी या अंग्रेजी से अरबी में अनुवाद	12 अंक
5-निर्धारित गद्य की उर्दू या अंग्रेजी में व्याख्या	20 अंक

Aglasem Schools

6-पाठ्यक्रम पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न, जिनके उत्तर उर्दू या अंग्रेजी में दिये जा सकते हैं 08 अंक

7-निबन्ध-जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं ट्राफिक रूल्स की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी निबन्ध पूछे जायेंगे। 12 अंक

8-सहायक पुस्तक से व्याख्या 10 अंक

निर्धारित पाठ्य-पुस्तकें (गद्य तथा पद्य)--

अल-तयबृल मुनखबात, लेखक-हाफिज सैय्यद जलालउद्दीन अहमद जाफरी (प्रकाशक-जाफरी ब्रदर्स, इलाहाबाद)।

1-गद्य-पाठ-11, 13, 14, 15, 16, 20, 21, 22, 23, 24।

2-व्याकरण-असासे अरबी, लेखक-नईमुर्रहमान (प्रकाशक-किताबिस्तान, इलाहाबाद)।

3-पद्य-पाठ-11, 12, 13, 14, 15, 17, 18, 19।

सहायक पुस्तक-

अदादरारी, भाग 2, लेखक-डा0 ए0एम0एन0 अली हसन, प्रकाशक-राम नारायण लाल बेनी माधव, इलाहाबाद (केवल प्रारम्भ से 30 पृष्ठ पढ़ना है)।

या

मिनहाजुल अरबिया, भाग 4, लेखक-एस0 नबी हैदराबादी।

अर्थशास्त्र

अध्ययन के उद्देश्य-

1-उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों को इस प्रकार तैयार करना, जिससे कि वह आगे चलकर विश्वविद्यालय कक्षाओं में अर्थशास्त्र के अध्ययन का लाभ उठा सकें।

2-आर्थिक वातावरण के सम्बन्ध में उन्हें ज्ञान प्रदान करना।

3-देश के नगर तथा ग्राम सम्बन्धी समस्याओं का ज्ञान प्राप्त करवाना जिससे वह उदार प्रवृत्ति के बनें, राष्ट्रीय एकता की पृष्ठभूमि से विचार करें और संकीर्ण दृष्टिकोण के शिकार होने से बचें।

4-साधनों के वैकल्पिक प्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

5-विभिन्न प्रकार की आर्थिक प्रणालियों का ज्ञान प्राप्त करना।

6-भारतीय अर्थ व्यवस्था के लक्षण, कमियों और कठिनाइयों का ज्ञान प्राप्त करना।

7-नियोजन की उपलब्धियों तथा उसके मार्ग में आने वाले अवरोधों को समझने की क्षमता उत्पन्न करना।

पाठ्यक्रम

तीन-तीन घण्टे के दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिये अधिकतम 50 अंक होंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र में 10 अंक का वस्तुनिष्ठ प्रश्न अनिवार्य होगा।

अर्थशास्त्र लेने वाले छात्रों के अन्दर देश के आर्थिक प्रगति की व्यवहारिक जानकारी जागृत करने की दृष्टि से उनसे दो वर्षों में एक बार देहाती क्षेत्र एवं एक बार किसी औद्योगिक क्षेत्र का सर्वेक्षण विद्यालयों द्वारा अपने संसाधनों से कराया जाय।

प्रथम प्रश्न-पत्र **पूर्णांक 50**

अर्थशास्त्र के सिद्धान्त

इकाई-1-विनिमय- **15 अंक**

विनिमय प्रणालियां, बाजार-परिभाषा, वर्गीकरण एवं विस्तार। कीमत (मूल्य) का सिद्धान्त, उत्पादन लागत-कुल लागत, औसत और सीमान्त लागत एवं सम्बन्ध। आय-कुल आय, औसत आय, सीमान्त आय और उनका सम्बन्ध। पूर्ण प्रतियोगिता तथा अपूर्ण प्रतियोगिता में कीमत निर्धारण।

इकाई-2-वितरण- **15 अंक**

(क) अर्थ, वितरण का सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त, आधुनिक सिद्धान्त।

(ख) लगान-परिभाषा, लगान के सिद्धान्त, रिकार्डो व आधुनिक।

Aglasem Schools

(ग) मजदूरी-अर्थ व प्रकार, सीमान्त उत्पादकता का सिद्धान्त, आधुनिक सिद्धान्त।

(घ) ब्याज-अर्थ, सकल व शुद्ध।

(ङ) लाभ--अर्थ, सकल व शुद्ध लाभ, लाभ की दशायें।

इकाई-3-राजस्व **10 अंक**

अर्थ एवं महत्व, कर-प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर। केन्द्रीय सरकार की आय के स्रोत एवं व्यय की मदें। उत्तर प्रदेश सरकार की आय के स्रोत तथा व्यय की मदें। स्थानीय निकाय की आय व व्यय।

इकाई-4-राष्ट्रीय आय- **10 अंक**

आधारभूत संकल्पना, सकल घरेलू उत्पाद, सकल राष्ट्रीय उत्पाद, निबल घरेलू उत्पाद, निबल राष्ट्रीय उत्पाद का सामान्य परिचय, राष्ट्रीय आय की गणना की विधियां।

द्वितीय प्रश्न-पत्र **पूर्णांक 50**

भारत का आर्थिक विकास

इकाई-1 **10 अंक**

भारतीय जनशक्ति का विकास-जनसंख्या-घनत्व, वितरण, वृद्धि के कारण और प्रभाव रोकने के उपाय-बाधायें, जनसंख्या नीति और परिवार कल्याण योजना।

इकाई-2 **05 अंक**

भारतीय आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था-भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, व्यापारिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नाबार्ड।

इकाई-3 **10 अंक**

ग्रामीण अर्थ व्यवस्था-विकास और प्रौद्योगिकी-ग्राम्य विकास में पंचवर्षीय योजनाओं की विभिन्न उपलब्धियां, ग्राम्य विकास के घटक-पेयजल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक वानिकी, ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनायें।

इकाई-4 **05 अंक**

आर्थिक विकास एवं दूर संचार व्यवस्था-आन्तरिक अनुसंधान, इण्टरनेट, पेजर, ई-मेल तथा ई-कामर्स का सामान्य परिचय तथा उनकी आर्थिक विकास में आवश्यकता एवं महत्व।

इकाई-5 **10 अंक**

भारत का विदेशी व्यापार-आयात एवं निर्यात की प्रवृत्तियां एवं दिशा, व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन। आयात-निर्यात नीति।

इकाई-6-सांख्यिकी- **10 अंक**

(क) सामान्य परिचय, महत्व, प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़े संग्रहण की विधियां-पूर्ण गणना और प्रतिदर्श (सैम्पुल) विधियां, आंकड़ों की विश्वसनीयता, आंकड़ों का प्रदर्शन, दण्ड आरेख, वृत्त चित्र, बारम्बारता वक्र, संचयी बारम्बारता वक्र।

(ख) केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप-समानान्तर माध्य, माध्यका (मीडियन) तथा बहुलक (मोड)।

(ग) सूचकांक-अर्थ, महत्व व गणना की विधियां।

पाठ्य-पुस्तकें--

(1) अर्थशास्त्र भाग-1

(2) अर्थशास्त्र भाग-2

असमी

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र होगा।

1-गद्य	. .	20 अंक
2-पद्य	. .	20 अंक
3-नाटक	. .	20 अंक
4-व्याकरण	. .	20 अंक
5-निबन्ध (जनसंख्या, पर्यावरण, ट्राफिक रूल्स, आपदा प्रबन्धन पर प्रश्न पूछे जायेंगे।)		20 अंक

Aglasem Schools

निर्धारित पुस्तक-

1-साहित्य कौशल-असम हायर सेकेण्डरी एजूकेशन काऊसिंल ज्योति प्रकाशन जसवन्त रोड, गुवाहाटी

निर्धारित पाठ-

गद्य- 1-सप्तरथ श्रतिकर विज्ञान विप्लव एवं न्यूटन-डा0 कुलिन्द्र पाठक।

2-अहोहुतुकि प्रीति-डा0 बनिकन काग्ती।

पद्य- 1-नाट्यघर-नलिन बाला देवी।

2-विश्वखुनिकर-मफीजउद्दीन अहमद हजारिका।

नाटक- 1-विभूति कोइना-ज्योति प्रसाद अग्रवाल।

इतिहास

पाठ्यक्रम के उद्देश्य-

भारतीय इतिहास को विश्व इतिहास के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। प्रमुख धाराओं का ज्ञान अपेक्षित है। छात्रों को ऐतिहासिक शोध के नवीन-निष्कर्षों को ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया जाये। वर्ष में कम से कम एक बार निकट के किसी ऐतिहासिक स्थान का भ्रमण कराया जाये। उस पर प्रश्न इस प्रकार पूछा जाये कि भ्रमण अनिवार्य हो जाये, छात्रों की मौलिकता की परख हो जाये।

1-इतिहास का अध्ययन सम्पूर्ण देश के अतीत पर आधारित हो। वे अपने पूर्वजों की संस्कृति की जानकारी प्राप्त कर सकें। उनकी उपलब्धियां को समझें। उनसे प्रेरणा प्राप्त करें तथा भूलों को दोहराने से बचें।

2-उन तथ्यों को समझें जिन्होनें राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने में सहायता प्रदान की तथा आगे बढ़ाने का प्रयास करें। अपनी कमजोरियों को समझने और उन्हें पुनः न दोहराने का संकल्प करें जिनसे उन्हें हानि पहुंची हो, उनसे बचें और उनका विरोध करें।

3-विश्व बन्धुत्व की भावना उत्पन्न हो, मानवतावादी और यथार्थवादी दृष्टिकोण विकसित हो।

4-अतीत की थाति पर वर्तमान का निर्माण करने का साहस पैदा हो। अन्तर्राष्ट्रीय घटना चक्र को समझें और देश को इनसे प्रभावित होने वाली स्थितियों को समझें।

5-इतिहास को अधिक बोधगम्य बनाने के लिये उत्तर के साथ भारतीय उप महाद्वीप के मानचित्र तथा अन्य सम्बन्धित आवश्यक रेखाचित्र भी प्रस्तुत करने पर बल दिया जाये।

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक पचास अंकों का होगा। समय तीन घण्टे का होगा। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा--

प्रश्नें का स्वरूप	प्रश्नों की संख्या	अंक
विस्तृत उत्तरीय प्रश्न	4×6	24
लघुउत्तरीय प्रश्न	6×2	12
बहुविकल्पीय प्रश्न	5×1	05
वस्तुनिष्ठ प्रश्न	10×½	05 (ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित)
मानचित्र अंकन	4×1	04
		50

नोट : बृहत्तर भारत का मानचित्र।

प्रथम प्रश्न-पत्र **पूर्णांक 50**

इकाई-1 **10 अंक**

1-मुगल साम्राज्य की स्थापना-बाबर, हुमायूं।

2-मध्यान्तर-सूर-साम्राज्य-शेरशाह सूरी, चरित्र, शासन प्रबन्ध, धार्मिक सहिष्णुता।

इकाई-2 **15 अंक**

1-मुगल साम्राज्य का द्वितीय चरण-

Aglasem Schools

2-साम्राज्य का विस्तार-अकबर से औरंगजेब तक। राष्ट्रीयता के नये आयाम, अकबर का कार्य। सामाजिक एवं धार्मिक सुधार, धार्मिक नीति। निर्माण का युग ऐतिहासिक भवन-अकबर, जहांगीर और शाहजहां की देन। औरंगजेब-राष्ट्रीय एकता पर आघात। साम्राज्य का पतन।

3-मुगलकालीन शासन व्यवस्था, समाज, कला एवं साहित्य।

इकाई-3 **10 अंक**

1-शिवाजी-शासन प्रबन्ध। चरित्र मूल्यांकन।

2-यूरोपीय शक्तियों का भारत में प्रवेश-सत्ता के लिये संघर्ष, भारतवासियों में एकता का अभाव। अंग्रेजों का व्यापार से राजनीति में प्रवेश।

इकाई-4 **15 अंक**

1-अंग्रेजी कम्पनी का विस्तार-साम्राज्यवादी नीति 1740-1856 (संक्षेप में क्लाइव से डलहौजी तक का घटना-चक्र)।

2-कम्पनी का शासन नीति एवं वैधानिक विकास 1773-1857।

3-सामाजिक चेतना-राजा राम मोहन राय, स्वामी दयानन्द, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, एनी बेसेन्ट, जस्टिस रानाडे। राष्ट्रीयता की भावना का विकास, नवनिर्माण-रेल, तार, डाक आदि।

द्वितीय प्रश्न-पत्र **पूर्णांक 50**

इकाई-1 **10 अंक**

1-1857-स्वतन्त्रता के लिये संघर्ष-कारण, स्वरूप, परिणाम।

2-कांग्रेस की स्थापना-शोषण के प्रति जन जागरण-शिक्षा का विस्तार।

इकाई-2 **15 अंक**

1-राष्ट्रीय आन्दोलन-(1885-1919)। कांग्रेस की नीति में परिवर्तन-तिलक, गोखले।

2-राजनीति में अहिंसा का प्रयोग 1919-1947।

गांधी के सिद्धान्त और कार्य-असहयोग आन्दोलन (सभी क्षेत्रों में गांधी की देन) संक्षेप में उन सभी शहीदों एवं सेल्यूलर जेल में बन्द क्रान्तिकारियों का उल्लेख अवश्य किया जाये, जिनके जीवन से छात्रों को प्रेरणा मिले।

इकाई-3 **15 अंक**

1-1919 तथा 1935 का भारत ऐक्ट (संक्षिप्त)।

2-देश विभाजन-अंग्रेजी नीति का परिणाम। एक मूल्यांकन।

इकाई-4 **10 अंक**

1-स्वतन्त्र भारत 1947 समस्यायें-निराकरण, राजनीतिक एकीकरण, संविधान 1950, उसकी विशेषतायें (अब तक के लोक कल्याणकारी कार्य-पंचवर्षीय योजनायें, शिक्षा प्रसार, औद्योगिक विकास)।

पुस्तकें-

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान सम्बन्धित विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तक का चयन कर लें।

उर्दू

इसमें दो प्रश्न-पत्र होंगे प्रत्येक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र (गद्य) **पूर्णांक 50**

1-व्याख्या तशरीह (तीन इकतिबासात में दो की तशरीह)	15 अंक
2-नम्र निगारों पर तनक़ीदी सवालात	10 अंक
3-खुलासा	10 अंक
4-तारीख नसरी असनाफ अदब	5 अंक
5-निबन्ध (मजमून)	10 अंक

Aglasem Schools

द्वितीय प्रश्न-पत्र (पद्य) **पूर्णांक 50**

1-तशरीहात (गज़ल और दूसरे असनाफ-ए-शायरी) की तशरीहात 15 अंक

2-शायरों पर तनकीदी सवालात 10 अंक

3-असनाफ शायरी 5 अंक

4-(अ) तशवीह इस्तेआरह व सनअते 5 अंक

(तशबीह, इस्तेयाह व मरातुन नजीर हुस्नए-तालील, तजाहुल-ए-आरफाना तलमीह, मजाज़ क्नाया मुबालग़ा, तजाद)

(ब) मुहावरे व जर्बुल इमसाल (कहावतें) 5 अंक

5-उर्दू जुबान व अदब का इरतिक़ा 10 अंक

निर्धारित पुस्तकें- **प्रथम प्रश्न-पत्र (गद्य)**

1-अदब पारे नम्र, लेखक-एहतशाम हुसैन (अदारा-फरोगे उर्दू, लखनऊ), (पाठ संख्या 18 गोखले के बुत को छोड़कर)।

अथवा

2-अदबी सिपारे नम्र, लेखक-खलील उल रब (श्री राम मेहरा ऐण्ड कम्पनी, आगरा)।

संस्तुत सहायक पुस्तकें-

1-मुबादयाते तनकीद लेखक-अब्दुररब (इण्डियन प्रेस पब्लिकेशन, प्रा0लि0, इलाहाबाद)।

2-तनकीदी इशारे, लेखक आले अहमद सुरूर (अदारा फरोगे उर्दू, लखनऊ)।

3-तनबीरे अदब, लेखक-जान सगीर अहमद (नेशनल प्रेस, इलाहाबाद), पृष्ठ 316 पर इन्सान के अन्तर्गत, सोनेट, लेखक-एन0एम0 रसीद को छोड़कर।

द्वितीय प्रश्न-पत्र (पद्य)

1-अदब पारे नज्म, लेखक-एहतशाम हुसैन (अदारा-फरोगे उर्दू, लखनऊ)।

अथवा

2-अदबी सिपारे नज़्म, लेखक-खलील उररब (श्री राम मेहरा ऐण्ड कम्पनी, आगरा)।

व्याकरण--

1-हिदायतुल बलागत, लेखक-प्रो0 मुहम्मद मुबीन (आर0एस0 राम दयाल अग्रवाल, इलाहाबाद)।

पाठ्यवस्तु प्रथम प्रश्न-पत्र

अरब पारे (नम्र)

1-इनतेखाब फसानाए अजायब : मिर्जा रज्जब अली बेग सरूर।

2-शायरी और सोसायटी : ख्वाजा अल्ताफ हुसैन हाली।

3-नज्म और कलाम मौज के बाब में खयालात।

4-उर्दू शायरी की इब्तेदाई तारीख : मौलाना नियाज़ फ़तेहपुरी

5-अबुल कलाम आजाद की शख्सीयत का अदबी पहलू : काजी मोहम्मद अब्दुल गफ्फ़ार।

6-महात्मा गांधी का फलसफ़ए हयात : डा0 सैयद आबिद हुसैन।

अदबी सियारे (नम्र)

1-मीर अम्मन

किस्सा मुल्क नीम रोज के शहजादे का

2-मिर्जा गालिब के खुतून

1-नवाब अनवार उद्दौला सादउद्दीन खां बहादुर शफ़क के नाम

3-मौलाना मुहम्मद हुसैन 'आजाद'

1-उर्दू शायरी के पांच दौर

Aglasem Schools

4-मौलाना अल्ताफ़ हुसैन 'हाली'

1-ग़ज़ल की इस्लाह

5-अल्लामा राशिदुल खैरी

1-करबला का नन्हा शहीद

6-मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

1-हिकायत बादह व तिरयाक़

7-मौलाना अब्दुल हक

1-अदब उर्दू व चकबस्त

8-आले अहमद सुरूर

1-नया अदबी शऊर

अदबी सियारे (नज्म)

1-गजलियात

1-ख्वाजामीर दर्द, मीरतक़ीमीर, गालिब, अमीरमीनाई, चकबस्त, फ़ानीबदायूनी, असगरगोण्डवी, मजाज़, जजबी, नशूर वाहिदी (शुरू की तीन गजलें)

2-मसनवियात

1-दास्तान वारिद होना, बेनजीर का बाग में बद्रे मुनीर के

2-दयाशंकर नसीम (हम्द, नात व मुनकबत)

आवारा होना बकावली का ताजुल मुलूक गुलची की तलाश में।

3-ब्याह होना बकावली का ताजुल मुलूक के साथ। मसनवी तराना-ए-शौक-खात्मा

4-इकबाल -साकीनामा

5-अली सरदार जाफ़री-साज़े हयात

कसायद

जौक : दर मदह अबू जफ़र बहादुर शाह मरहूम

गालिब : कसीदह, दरमदह बहादुर शाह

मरासी

1-मीर अनीस-हज़रत इमाम हुसैन का हजरत अब्बास को अलम सौंपना। बाद के सभी बन्द

2-मिर्जा सलामत अली दबीर-तुलुए सुबह

3-सफी लखनवी-मरसिया हाली

4-असरारूल हक मजाज-ताजे वतन का लाले दरखशां चला गया। (गांधी जी की मौत से मुतास्सिर होकर)

कताआन व रूबाइयात

1-अकबर इलाहाबादी-खत्म वहार, मशरिक व मगरिब, नई रोशनी, कश-मकश

2-इकबाल-मुल्ला और बहिश्त

3-जोश-इंतेजार, माज़रत

4-अख्तर-ताज, टैगोर की शायरी

या

मौलाना अहमद रज़ा खाँ बरेलवी

मोहसिने काकोरवी

रऊफ अमरोहवी

कैफ टोंकवी

रूबाईयात

मीर अनीस, प्यारे मियां साहब रशीद, अमजद हैदराबादी

Aglasem Schools

मनजूमात

1-हाली-इकबाल मन्दी की अलामत

2-अकबर-लबे साहिल और मौज

3-चकबस्त-आसफउद्दौला का इमामबाड़ा

4-इकबाल-शुआए उम्मीद

5-जोश-आवाज़ की सीढ़ियां

6-अफसर मेरठी-तुलुए खुर्शीद ए-नव

7-अख्तर-शीराजी-नगम-ए-ज़िन्दगी।

सनाअते मुबालगा, व्याकरण, हुस्न-ए-कलाम और बलागत (सनाए और बदाए), तलमीह, इस्तेआरा, मेरातुन नज़ीर, हुस्न-ए-तालील, तजाहुल-ए-आरिफाना, प्रचलित मुहावरात और जरबुल मिसाल (कहावतें)

अदब पारे (नज्म)

गजलियात

1-मीरतकी 'मीर' की गजलों का इन्तेखाब

2-ख्वाजा हैदर अली 'आतिश' की गजलों का इन्तेखाब

3-मोमिन खां 'मोमिन' की गजलों का इन्तेखाब

4-गालिब की गजलों का इन्तेखाब

5-दाग देहलवी की गजलों का इन्तेखाब

6-अली सिकन्दर 'जिगर मुरादाबादी' की गजलों का इन्तेखाब

इन्तेखाब कसायद

1-दरमदह शुजाउद्दौला दर फतेह करदन हाफिज रहमत खां। मिर्जा रफ़ीसौदा

2-दरमदह बहादुर शाह अज शेख मोहम्मद इबराहीम 'जौक़'

इन्तेखाब मरासी : मीर अनीस

1-50 बन्द के बाद के सभी बन्द जो किताब में हैं।

2-बालगंगाधर तिलक : बृजनारायन चकबस्त

इन्तेखाब मसनवियात

1-इन्तेखाब मसनवी मीर हसन : (मीर गुलाम हैदर) (आगाजें दास्तान) दास्तान तैयारी बाग़ की

2-इन्तेखाब मसनवी गुलजारे नसीम : पं0 दयाशंकर नसीम (i) आवारा होना बकावली का ताजुल मुलूक गुलची की तलाश में (तक)

नातगोई

1-मौलाना अहमद रजा खां बरेलवी

2-मोहसिन काकोरवी

3-रऊफ़ अमरोहवी

4-कैफ टोंकवी

या

इनतेखाबात कताआत

(अलताफ हुसेन हाली, जगत मोहन लाल 'खां' 'जोश मलीहाबादी)

इन्तेखाब रूबाईयात

1-अल्ताफ हुसैन हाली

2-जगतमोहन लाल खां

3-जोश मलीहाबादी

Aglasem Schools

इन्तेखाब नज्मजदीद

1-ख्वाजा अल्ताफ हुसैन हाली-नंगे खिदमन

2-पं0 बृजनारायन चकबस्त-खाके हिन्द

3-डा0 सर मुहम्मद इकबाल-(1) शुआए उम्मीद

(2) जावेद के नाम

(3) गालिब

4-'जोश' मलीहाबादी (1) अंगीठी

(2) बदली का चांद

(3) जादूकी सरज़मीन

(4) सुबहै मैकदह

5-पं0 आनन्द नारायण 'मुल्ला'-महात्मा गांधी का कत्ल

व्याकरण-(अ) सनाअते-मुबालगा, हुस्न-ए-कलाम और बलागत (सनाए और बदाए) तलमीह, इस्तेआरा, मेरातुन नजीर, हुस्न-ए-तालील, तहाजुल-ए-आरिफाना।

(ब) प्रचलित मुहावरात व जरबुल इमसाल (कहावतें)

संस्तुत सहायक पुस्तकें-प्रथम प्रश्न-पत्र

1-मुनादयाते तनकीद-लेखक अब्दुल रब (इण्डियन प्रेस, इलाहाबाद)

2-तनकीदी इशारे-लेखक आले अहमद सुरूर (अदारा फ़रोगे उर्दू लखनऊ)

3-तनबीरे अदब-लेखक जान सगीर अहमद (नेशनल प्रेस, इलाहाबाद) पृष्ठ 316 पर इन्सान के अन्तर्गत सोनेट-लेखक एम0 रशीद को छोड़कर

द्वितीय प्रश्न-पत्र

व्याकरण-

1-हिदायतुल बलागत-लेखक प्रो0 मुहम्मद मुबीन (आर0एस0एम0 राम दयाल अग्रवाल, इलाहाबाद)

उड़िया

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्न-पत्र होगा।

1-गद्य

1-गद्य पर आधारित प्रश्न 35 अंक

2-सहायक पुस्तकों पर आधारित प्रश्न 20 अंक

2-पद्य

1-पद्य पर आधारित प्रश्न 15 अंक

3-व्याकरण और पठित 15 अंक

अलंकार, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, विशेषोक्ति, विभावना, अनुप्रास, यमक, व्यतिरेक

4-निबन्ध 15 अंक

पर्यावरण, जनसंख्या, प्रदूषण, ट्रैफिक रूल्स पर भी निबन्ध पूछे जायेंगे

निर्धारित पुस्तकें

1-प्रबन्ध प्रकाश-रत्नाकर पति

सहायक पुस्तकों में पठित अंश

1-पल्ली-श्री शशिकान्त राय।

2-सूर्यमुखी-डा0 पद्म चरण पटनायक।

Aglasem Schools

पद्य-

1-चिलिका-राजनाथ राय।

2-प्रणय वल्लरी-गंगाधर मेहर।

व्याकरण-

प्रवेशिका व्याकरण रचना, लेखक-मृत्युंजय रथ।

अंग्रेजी

इस विषय में 50-50 अंकों के दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्णांक-50

1-Prose- **20 अंक**

(a) Explanation with reference to context (one passage in English). 4

(b) One passage for testing comprehension-factual as well as interpretative and evaluative type----- ----- ---- ----- ---- 4

(c) Two short answer type questions (not to exceed 30 words) ----- 2+2=4

(d) One long answer type question from text (answer not to exceed 150 words) ----- 6

(e) Vocabulary (based on text) ----- 2

2-Play- **7 अंक**

(a) One long answer type question (answer not to exceed 150 words) ----- 5

(b) One short answer type question (30 words) ----- 2

3-Story- **7 अंक**

(a) One long answer type question (answer not to exceed 150 words) ----- 5

(b) One short answer type question (30 words) ----- 2

4-Poetry- **12 अंक**

(a) Explanation with reference to context two passages in English from poems ---8

(b) General or Central idea of any one poem ----- 4

5-Figures of speech- **4 अंक**

(Simile, Metaphor, Personification, Apostrophe, Oxymoron, Onomatopoeia, Hyperbole -----)

द्वितीय प्रश्न-पत्र **पूर्णांक-50**

General English-

1. (a) Direct-Indirect ----- 2

(b) Synthesis ----- 2

(c) Transformation ----- 2

(d) Syntax (correction of sentences to test the knowledge of syntax) ----- 2

2. Idioms and Phrases ----- 3

Aglasem Schools

3. Vocabulary: ----- 4

(a) Synonyms

(b) Antonyms

(c) Homophones

(d) One word substitution

4. Translation-

(a) Hindi to English ----- 10

(b) English to Hindi ----- 5

अथवा

किसी संक्षिप्त पद्यांश का सारांश, किसी गद्यांश का संक्षिप्त विवरण, अंग्रेजी में व्यवहार किये जाने वाले शब्दों (इंगलिश यूसेज) का वाक्यों में प्रयोग, वाक्यों में व्याकरण सम्बन्धी अशुद्धियों का संशोधन-----

अथवा

1500 ई0 के बाद के अंग्रेजी साहित्य (वेल एण्ड कम्पनी द्वारा प्रकाशित हेंडसन द्वारा संचालित ऐन आउट लाइन ऑफ इंगलिश लिटरेचर के अनुसार) ----- 15

5. Essay ----- 10

6. Letter writing/Application ----- 5

7. Unseen Passages—Prose. ----- 5

इसके अंक विभाजन निम्नवत् होंगे--

(a) Comprehension question ----- 2

(b) Meaning of underlined portion ----- 1

(c) Summary of the unseen piece together with its heading ----- 1½ & ½

नोट–जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा तथा ट्राफिक रूल्स की जानकारी हेतु निबंध के रूप मे प्रश्न पूछे जायेंगे।

निर्धारित पाठ्य वस्तु-

अंग्रेजी विषय के लिये निम्नांकित पाठ्य-वस्तु (माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित अंश) का अध्ययन करना होगा-

पुस्तक का नाम	पाठ	लेखक का नाम
1	2	3
1. English prose	1. A Girl with a Basket	: William C. Douglas
	2. A Fellow-Traveller	: A.G. Gardiner
	3. Secret of Health, Success and Power	: James Allen
	4. The Horse	: R.N. Tagore
	5. I am John's Heart	: J.D. Ratcliff
	6. Women's Education	: S. Radha Krishnan
	7. The Heritage of India	: A.L. Basham
2. English poetry	1. Character of a Happy Life	: Sir Henry Wotton
	2. The True Beauty	: Thomas Carew
	3. On His Blindness	: John Milton

Aglasem Schools

	4. From "An Elegy Written in a Country Churchyard".	: Thomas Gray
	5. A Lament	: P.B. Shelley
	6. La Belle Dame Sans Merci	: John Keats
	7. From the Passing of Arthur	: Alfred Lord Tennyson
	8. My Heaven	: Ravindra Nath Tagore
	9. Stopping by Woods on a snowy Evening.	: Robert Frost
	10. The Song of the Free	: Swami Vivekanand
3. English Short Stories	1. The Gold Watch	: Ponjikkara Raphy
	2. An Astrologer's Day	: R. K. Narayan
	3. The Lost Child	: Mulk Raj Anand
	4. The Special Experience	: Prem Chand
4. The Merchant of Venice		: William Shakespeare

5-इण्टरमीडिएट जनरल
इंगलिश

कम्प्यूटर

पाठ्यक्रम [मानविकी, वैज्ञानिक तथा वाणिज्य वर्ग के छात्रों के लिये]

इस विषय की लिखित परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र तीन-तीन घंटों की समयावधि के होंगे। प्रत्येक लिखित प्रश्न-पत्र 30 अंकों का होगा। इसके अतिरिक्त 40 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु तीन घंटे की समयावधि निर्धारित होगी। उत्तीर्ण होने के लिये परीक्षार्थी को लिखित, प्रयोगात्मक तथा योग में न्यूनतम क्रमशः 20, 13 तथा 33 अंक प्राप्त करने होंगे।

प्रथम प्रश्न-पत्र **30 अंक**

इकाई-1-कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एवं प्रोग्रामिंग **04 अंक**

- सॉफ्टवेयर से परिचय
- सॉफ्टवेयर एवं उसके प्रकार
- ऑपरेटिंग सिस्टम एवं उसके प्रकार
- लाइनेक्स एवं उसके विभिन्न स्वरूप

इकाई-2-प्रोग्रामिंग **10 अंक**

- कम्प्यूटर समस्या-समाधान तकनीकी के रूप में प्रोग्रामिंग के विभिन्न चरण
- एलगौरिथिम, फ्लोचार्ट, सूडोकोड्स एवं डिसीजन टेबिल

इकाई-3-प्रोग्रामिंग भाषायें **06 अंक**

- लो लेविल लैंग्वेज : मशीन एवं एसेम्बली
- हाई लेविल लैंग्वेज
- क्म्पाइलर एवं एन्टरप्रेटर्स
- फोर्थ जनरेशन लैंग्वेज (4 GLs)

Aglasem Schools

इकाई-4-एच0टी0एम0एल0 प्रोग्रामिंग **10 अंक**

- वेब पेज एवं वेब साइट्स की अवधारणा
- एच0टी0एम0एल0 से परिचय एवं उनका स्वरूप
- एच0टी0एम0एल0 टैग्स द्वारा साधारण वेब पेज का निर्माण
- वेब पेज मे टेक्स्ट को फॉरमेट एवं हाईलाइट करना
- वेब पेज में हाइपर लिंक बनाना

द्वितीय प्रश्न-पत्र **30 अंक**

इकाई-1-ऑब्जेक्ट ओरियेन्टेड प्रोग्रामिंग **08 अंक**

- ऑब्जेक्ट ओरियेन्टेड प्रोग्रामिंग से परिचय
- ऑब्जेक्ट ओरियेन्टेड प्रोग्रामिंग की आवश्यकता
- ऑब्जेक्ट ओरियेन्टेड प्रोग्रामिंग के लक्षण एवं तत्व
- क्लास, ऑब्जेक्ट, इनहैरिटेन्स, आपरेटर ओवरलोडिंग आदि से परिचय
- स्ट्रक्चर्ड प्रोग्रामिंग एवं ऑब्जेक्टस ओरियेन्टेड प्रोग्रामिंग में अन्तर

इकाई-2-सी ++ (C++) प्रोग्रामिंग **08 अंक**

- सी ++ (C++) से परिचय एवं उसकी विशेषताएं
- करेक्टर सेट
- टोकन्स
- स्ट्रक्चर ऑफ प्रोग्राम्स
- डेटाटाइप्स, कौन्सटेन्ट्स एवं वैरियेबिल्स
- ऑपरेटर्स एवं एक्सप्रेशन्स
- इनपुट एवं आउटपुट आपरेशन्स
- कन्ट्रोल स्टेटमेन्ट्स
  - IF ELSE
  - WHILE Loop, FOR Loop एवं उनकी नेस्टिंग (Nesting)
  - CASE, BREAK एवं CONTINUE

इकाई-3-सी ++ प्रोग्रामिंग (एडवांस्ड प्रोग्रामिंग) **08 अंक**

- क्लासेज तथा ऑब्जेक्ट्स
- कन्स्ट्रक्टर्स एण्ड डेस्ट्रक्टर्स
- फंक्शन्स
- फंक्शन्स ओवरलोडिंग
- Arrays
- Inheritance
- Exception Handing का परिचय
- Pointers का परिचय

Aglasem Schools

इकाई-4-डाटाबेस कन्सेप्ट **06 अंक**

- डाटाबेस की अवधारणा
- रिलेशनल डाटाबेस
- नार्मलाइजेशन
- स्ट्रक्चर्ड क्वेरी लैंग्वेज (SQL) का परिचय

कम्प्यूटर प्रयोगात्मक **40 अंक**

प्रयोगात्मक परीक्षा में विद्यार्थी के लिए H.T.M.L. तथा C $^{++}$ की प्रोग्रामिंग की परीक्षा होगी जिसमें दो प्रश्नों का उत्तर (1-H.T.M.L. तथा 2-C^{++}) प्रोग्राम की संरचना एवं टेस्टिंग (Testing) की जायेगी और इसके साथ मौखिक परीक्षा (VIVA) भी होगा।

अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा

1-H.T.M.L. का प्रयोग	10 अंक
2-C^{++} का प्रयोग	20 अंक
3-मौखिक (VIVA)	10 अंक
	40 अंक

कम्प्यूटर

अधिकतम अंक-40 न्यूनतम उत्तीर्णांक-13 समय-3 घण्टे

वाह्य मूल्यांकन-20 अंक निर्धारित अंक

1-दो प्रयोग (एक C तथा एक C++)-	2×8	16 अंक
2-प्रयोग आधारित मौखिकी-		04 अंक

आन्तरिक मूल्यांकन-20 अंक

1-मिनी प्रोजेक्ट (वर्ड स्प्रेडशीट, डी0बी0एम0एस0 Access में से किसी एक के आधार पर)--	08 अंक
2-प्रोजेक्ट आधारित मौखिकी-	04 अंक
3-सत्रीय कार्य-	08 अंक

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, इन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

पाठ्य-पुस्तक--

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

पाठ्य-पुस्तकें--

कम्प्यूटर विषय के लिये निम्नलिखित पुस्तकें निर्धारित की गयी हैं:--

(1) फन्डामेन्टल्स ऑफ कम्प्यूटर	बी0 राजारमन
(2) लेट अस सी	यशवन्त कालेलकर
(3) इंट्रोडक्टरी कम्प्यूटर साइंस (वाल्यूम-1)	ए0 के0 शर्मा
(4) इंट्रोडक्टरी कम्प्यूटर साइंस (वाल्यूम-1)	वी0 पी0 जग्गी एवं सुषमा जैन
(5) प्रोग्रामिंग इन सी	बाला गुरूस्वामी

Aglasem Schools

कन्नड़

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा--

1-सन्दर्भ सहित व्याख्या पद्य एवं नाटक	20 अंक
2-आलोचनात्मक प्रश्न-पद्य एवं नाटक	20 अंक
3-सहायक पुस्तकें जिसका विस्तृत अध्ययन वांछनीय नहीं है	10 अंक
4-व्याकरण एवं लोकोक्तियाँ	10 अंक
5-भाषाभ्यास	25 अंक
6-निबन्ध (पर्यावरण, जनसंख्या, प्रदूषण एवं ट्रैफिक रूल्स पर भी निबन्ध पूंछे जायेंगे।)	08 अंक
7-अपठित	07 अंक

निर्धारित पुस्तकें--

1-काव्य संगम-भाग दो

2-मिंकू तिमन्ना काग, 100 पद, लेखक--डी0 बी0 गुंडप्पा, प्रकाशक--काव्यालय प्रकाशन, मैसूर।

नाटक--

1-गदायुद्ध नाटकम्, लेखक--बी0 एम0 काटिया, प्रकाशक--विश्व साहित्य, मैसूर।

आलोचनात्मक--

1-विमर्श, लेखक--मारुति वेण्कटेस आयंगर, भाग-1 मात्र, प्रकाशक--जीवन कार्यालय, बसवनगुड़ी, बंगलौर सिटी।

अपठित--

सन्ना कटैगुडू

गणित

प्रथम प्रश्न-पत्र

अधिकतम अंक : 50

इकाई	शीर्षक	अंक
1	बीजगणित	22
2	प्रतिलोम त्रिकोणमितिय फलन	08
3	निर्देशांक ज्यामिति	20
	कुल अंक -- 50	

इकाई-1-बीजगणित

1-आव्यूह **10 अंक**

संकल्पना, संकेतन, क्रम, समानता, आव्यूहों के प्रकार, शून्य आव्यूह, एक आव्यूह का परिवर्त, सममित तथा विषम सममित आव्यूह, आव्यूहों का योग तथा अदिश गुणन योग गुणन तथा अदिश गुणन के सरल गुणधर्म। आव्यूहों के गुणन की अक्रमविनिमेयता तथा अशून्य आव्यूहों का अस्तित्व जिनका गुणन एक शून्य आव्यूह है (क्रम 2 के वर्ग आव्यूहों तक सीमित) प्रारम्भिक पंक्ति तथा स्तम्भ संक्रियाओं की संकल्पना, व्युत्क्रमणीय आव्यूह तथा व्युत्क्रम की अद्वितीयता, यदि उसका अस्तित्व है (यहाँ सभी आव्यूहों के अवयव वास्तविक संख्यायें हैं)

2-सारणिक **06 अंक**

एक वर्ग आव्यूह का सारणिक (3 × 3 के वर्ग आव्यूह तक), सारणिकों के गुणधर्म, उपसारणिक तथा सहखण्ड, सारणिकों का अनुप्रयोग त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात करने में सह खंडज आव्यूह तथा आव्यूह का व्युत्क्रम। संगत, असंगत तथा उदाहरणों द्वारा रैखिक समीकरण निकाय के हलों की संख्या ज्ञात करना। दो अथवा तीन चरों में रैखिक समीकरण निकाय को (जिनका अद्वितीय हल हो) के प्रतिलोम का प्रयोग कर हल करना। क्रैमर का नियम तथा इसके अनुप्रयोग।

Aglasem Schools

3-रैखिक असमिकायें- **06 अंक**

रैखिक असमिकायें, एक चर में रैखिक असमिकाओं का बीजीय हल तथा उसका संख्या रेखा पर निरूपण। दो चरों में रैखिक असमिकाओं का आलेखीय हल।

इकाई-2-प्रतिलोम त्रिकोणमितीयफलन

परिभाषा, परिसर, प्रांत, मुख्यमान शाखायें, प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों के आलेख। प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों के प्रारम्भिक गुणधर्म। **08 अंक**

इकाई-3 निर्देशांक ज्यामिती

1-शंकु परिच्छेद-शंकु परिच्छेद, दीर्घवृत्त, परिवलय एवं अनिपरवलय। एक बिन्दु, एक सरल रेखा तथा प्रतिच्छेदी रेखाओं का एक युग्म, शंकु परिच्छेद के अपभ्रष्ट रूप में। वृत्त का मानक समीकरण वृत्त का सामान्य समीकरण, दीर्घवृत्त तथा अनिपरवलय की नियता का परिचय। सरल रेखा Y=mx+c के वृत्त, परवलय, दीर्घवृत्त तथा अनिपरवलय की स्पर्श रेखा होने का प्रतिबन्ध। **14 अंक**

2-त्रिकोणमीय ज्यामिती का परिचय-त्रिविसीय अंतरिक्ष में निर्देश तथा निर्देशांक तल, एक बिन्दु के निर्देशांक, दो बिन्दुओं के बीच दूरी तथा खण्ड सूत्र। **06 अंक**

गणित

द्वितीय प्रश्न-पत्र **पूर्णांक : 50**

इकाई	शीर्षक	अंक
1	अवकलन	12
2	समाकलन	12
3	अवकलन समीकरण	06
4	रैखिक प्रोग्रामन	05
5	सदिश तथा त्रिविमीय ज्यामिती	15
	कुल योग . .	50

इकाई-1 : अवकलन

1-अवकलन तथा अवकलनीयता **06 अंक**

अवकलन को दूरी के फलन के परिवर्तन की दर के रूप में परिभाषित करना तथा उसकी ज्यामितीय व्याख्या, बोध, अवकलन की परिभाषा तथा इसका सम्बन्ध स्पर्श रेखा की ढाल से करना। फलनों के योग, अन्तर, गुणन तथा भाग द्वारा बने फलनों का अवकलन करना। बहुपद फलनों तथा त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलन ज्ञात करना।

अवकलनीयता, संयुक्त फलनों का अवकलन, श्रृंखला नियम, प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलन, अस्पष्ट फलनों का अवकलन, चर घातांकी तथा लघुगणकीय फलनों की संकल्पना तथा उनका अवकलन

$$\lim_{x\to 0} \frac{1}{x}, \quad \lim_{x\to \infty} \frac{1}{x}, \quad \lim_{x\to \infty} \left[1+\frac{1}{x}\right]^{x}, \quad \lim_{x\to 0} (1+x)^{\frac{1}{x}}$$

$$\lim_{x\to 0} \log\left[\frac{1+x}{x}\right], \quad \lim_{x\to 0} \frac{e^{x}-1}{x}$$

लघुगणकीय अवकलन, प्राचल रूप में व्यक्त फलनों का अवकलन द्वितीय क्रम के अवकलन, रोले तथा लैग्रान्ज के मध्यमान प्रमेय (बिना उपपत्ति के) तथा उनकी ज्यामितीय व्याख्या एवं अनुप्रयोग।

2-अवकलनों के अनुप्रयोग **06 अंक**

अवकलनों के अनुप्रयोग, परिवर्तन की दर वृद्धि/ह्रास मान फलन, अभिलम्ब तथा स्पर्श रेखायें, सन्निकटन, उच्चतम तथा निम्नतम (प्रथम अवकलन परीक्षण की ज्यामितीय प्रेरणा तथा द्वितीय अवकलन परीक्षण उपपत्ति लायक टूल)।

सरल प्रश्न (जो विषय के मूलभूत सिद्धान्तों की समझ दर्शाते हैं तथा वास्तविक जीवन से सम्बन्धित हों)

Aglasem Schools

इकाई-2 (1)-समाकलन **06 अंक**

समाकलन, अवकलन के व्युत्क्रम प्रक्रम के रूप में, कई प्रकार के फलनों का समाकलन-प्रतिस्थापन द्वारा, आंशिक भिन्नों द्वारा, खंडशः द्वारा, केवल निम्न प्रकार के सरल समाकलनों का मान ज्ञात करना :

$$\int \frac{dx}{x^2 \pm a^2}, \quad \int \frac{dx}{\sqrt{x^2 \pm a^2}}, \quad \int \frac{dx}{\sqrt{a^2 - x^2}}, \quad \int \frac{dx}{\sqrt{ax^2 + bx + c}}$$

$$\int \frac{dx}{ax^2+bx+c} \quad \int \sqrt{\frac{px+q}{ax^2+bx+c}}\, dx \quad \int \frac{px+q}{\sqrt{ax^2+bx+c}}\, dx, \quad \int \sqrt{ax^2+bx+c}\, dx$$

$$\int \sqrt{a^2 \pm x^2}\, dx \quad \int \sqrt{x^2 - a^2}, dx \quad \int (px+q), \sqrt{ax^2+bx+c}\, dx, \int \frac{dx}{a + b\cos x}, \quad \int \frac{dx}{a + b\sin x}$$

योगफल की सीमा के रूप में निश्चित समाकलन, कलन का आधारभूत प्रमेय (बिना उपपत्ति के), निश्चित समाकलनों के मूल गुणधर्म, तथा उनके मान ज्ञात करना।

(2)-समाकलनों के अनुप्रयोग **06 अंक**

अनुप्रयोगः साधारण वक्रों के अन्तर्गत क्षेत्रफल ज्ञात करना, विशेषतया रेखायें, वृत्त/परवलय/दीर्घवृत्त (केवल मानक रूप में) का क्षेत्रफल

इकाई 3-अवकल समीकरण **06 अंक**

परिभाषा, कोटि एवं घात, अवकल समीकरण का व्यापक एवं विशिष्ट हल, दिये हुए व्यापक हल वाले अवकल समीकरण का समीकरण, पृथक्करणीय चर के तरीके द्वारा अवकल समीकरणों का हल, प्रथम कोटि एवं प्रथम घात वाले समघातीय अवकल समीकरणों का हल, निम्न प्रकार के रैखिक अवकल समीकरणों का हल $\frac{dy}{dx} + py = q$ जहाँ p व q, x के फलन हैं।

$\frac{dx}{dy} + px = q$ जहाँ p व q, y के फलन हैं।

इकाई-4 : रैखिक प्रोग्रामन **05 अंक**

रैखिक प्रोग्रामन : भूमिका, सम्बन्धित पदों जैसे--व्यवरोध, उद्देश्य फलन, इष्टतम हल की परिभाषायें, रैखिक प्रोग्राम समस्याओं के विभिन्न प्रकार, रैखिक प्रोग्रामन समस्याओं का गणितीय सूत्रण, दो चरों में दी गई समस्याओं का आलेखीय हल, सुसंगत तथा असुसंगत क्षेत्र, सुसंगत तथा असुसंगत हल, इष्टतम सुसंगत हल (तीन अतुच्छ व्यवरोधों तक)

इकाई-5 : सदिश तथा त्रिविमीय ज्यामिति **15 अंक**

सदिश तथा अदिश, एक सदिश का परिमाण व दिशा, सदिशों के दिककोसाईन/अनुपात, सदिशों के प्रकार (समान, मात्रक, शून्य, समान्तर तथा संरेख सदिश), किसी बिन्दु का स्थिति सदिश, ऋणात्मक सदिश, एक सदिश के घटक, सदिशों का योगफल, एक सदिश का अदिश से गुणन, दो बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखण्ड को किसी अनुपात में बाँटने वाले बिन्दु का स्थिति सदिश, सदिशों, का अदिश गुणनफल, एक अदिश का एक रेखा पर प्रक्षेप, सदिशों का सदिश गुणनफल, अदिश त्रिक गुणनफल।

दो बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा के दिक कोसाइन/अनुपात, एक रेखा का कार्तीय तथा सदिश समीकरण, समतलीय तथा विषमतलीय रेखायें, दो रेखाओं के बीच की न्यूनतम दूरी। एक तल के कार्तीय तथा सदिश समीकरण,

(1) दो रेखाओं के बीच का कोण।

(2) दो तलों के बीच का कोण।

(3) एक रेखा तथा एक तल के बीच का कोण।

(4) एक बिन्दु की एक तल से दूरी।

Aglasem Schools

गृह विज्ञान

इस विषय में लिखित परीक्षा हेतु दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र की समयावधि 3 घण्टे होगी।

प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी।

प्रथम प्रश्न-पत्र- **पूर्णांक**

शरीर क्रिया विज्ञान तथा स्वास्थ्य रक्षा विज्ञान 35

द्वितीय प्रश्न-पत्र-

समाज शास्त्र तथा बाल कल्याण 35

प्रयोगात्मक पाककला एवं सिलाई से सम्बन्धित मौखिक 30

उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम 23 तथा 10 एवं योग में 33 अंक पाना आवश्यक होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र

शरीर क्रिया विज्ञान तथा स्वास्थ्य रक्षा

(क) शरीर क्रिया विज्ञान- **20 अंक**

1-पेशी तंत्र का रूपरेखीय अध्ययन तथा उनकी सामान्य विकास की अवस्थायें।

2-पाचन तथा पोषण--[1] भोजन प्रणाली का वितरण तथा कार्ययुक्त तिल्ली तथा आमाशय, [2] भोजन के विभिन्न तत्व [3] विभिन्न परिस्थितियों जैसे--व्यवसाय, आयु तथा जलवायु के अनुसार शरीर की भोजन सम्बन्धी आवश्यकतायें [4] पोषण में दुग्ध का विशेष स्थान [5] संतुलित आहार [6] मसाले तथा अल्कोहल का भूख तथा पाचन पर प्रभाव।

3-परिसंचरण तन्त्र-[1] रक्त का संघटन तथा कार्य [2] रक्त संचरण का यांत्रिकत्व तथा अंगों में उनकी आवश्यकतानुसार रुधिर सम्भरण।

4-विकास तथा क्रियात्मक क्षमता पर व्यायाम का प्रभाव।

5-तंत्रिका तन्त्र तथा ज्ञानेन्द्रियां-[1] तंत्रिका कोशिकायें, तंत्रिकायें, मेरुरज्जु व मस्तिष्क [2] कर्ण, नासिका व चक्षु की रचना [3] दृष्टि का सामान्य दोष तथा उनकी प्रारम्भिक पहचान [4] समन्वय और औधविन्यसन से उसका कक्षेम।

6-रक्त एवं नासिका

7-ज्ञानेन्द्रियां

ख-स्वास्थ्य रक्षा विज्ञान **15 अंक**

1-स्वास्थ्य रक्षा-[1] व्यक्तिगत स्वास्थ्य रक्षा जैसे त्वचा, दन्त, चक्षु आदि [2] घर की हाईजीन जैसे संवाहन व स्वच्छता [3] कूड़ा-करकट तथा व्यर्थ जल के निकास की व्यवस्था, जल निकास, पायखाना [4] जल सम्भरण, खाद्य सम्भरण।

2-व्यक्ति का उत्तरदायित्व।

3-निम्नलिखित रोगों का उद्‌गम, फैलने की विधि, चिन्ह, लक्षण, निरोध तथा उपचार

मलेरिया, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न रोग, चेचक, हैजा, प्लेग, खसरा, मोतीझरा तथा अन्य साधारण संक्रामक रोग।

द्वितीय प्रश्न-पत्र

समाज शास्त्र तथा बाल कल्याण

समाज शास्त्र

इकाई-1 **20 अंक**

(1) मानव आवश्यकतायें तथा परिस्थितियां, जिनसे भग्नासा उत्पन्न होती है।

(2) मानव आवश्यकताओं की संतुष्टि के रूप में परिवार।

(3) एकाकी तथा संयुक्त परिवार के सम्बन्धों का मनोविज्ञान।

Aglasem Schools

(4) व्यक्ति के व्यक्तित्व पर बाल्यावस्था का प्रभाव।

(5) बाल विवाह, गुण तथा दोष।

(6) गृह व्यवस्था, पारिवारिक बजट एवं मितव्ययता

(7) प्राकृतिक आपदायें जैसे-आग, भूकम्प, बाढ़ तथा सूखा की मूलभूत जानकारियां, प्रभाव तथा इससे बचने के उपाय।

बाल कल्याण **15 अंक**

1-शिशु मृत्यु संख्या की समस्यायें।

2-बाल कल्याण की आधुनिक गतिविधियां।

3-परिवार कल्याण एवं परिवार नियोजन।

<u>प्रयोगात्मक</u>

पाक कला-तली तथा घोटी हुई (मैश की हुई) सब्जी।

अचार-आम का अचार।

जेली-आम, अमरूद, रसभरी।

सॉस-टमाटर सॉस, श्वेत सास।

छेने की बनी एक मिठाई।

या

अण्डे से बनी सामग्री-प्लफी, आमलेट, ए नोएन, कस्टर्ड पोचैड एग, फ्रेंच टोस्ट।

गृह विज्ञान

अधिकतम अंक-30 **न्यूनतम अंक-10** **समय : 05 घंटा**

वाह्य मूल्यांकन- **15 अंक**

निर्धारित अंक

1-पाक कला	04 अंक
2-सिलाई	04 अंक
3-सत्रीय कार्य	04 अंक
4-मौखिक कार्य-(मौखिक सभी खण्डों से होना अनिवार्य)	03 अंक

आन्तरिक मूल्यांकन- **15 अंक**

1-सत्रीय कार्य (सिलाई एवं फाइल रिकार्ड)	06 अंक
2-पाक कला (सत्रीय पाठ्यक्रम पर आधारित सभी बिन्दु)	06 अंक
3-मौखिक कार्य (सभी खण्ड से)	03 अंक

नोट-1 अध्यापिका के द्वारा प्रत्येक परीक्षार्थी के कार्य का विवरण वाह्य परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

2-वाह्य परीक्षा के समय प्रत्येक परीक्षार्थी से माडल बनाने हेतु एक मीटर कपड़ा मंगाया जाये। इस निर्णय का पालन करना अनिवार्य है।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा-

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

Aglasem Schools

सिलाई

1-सिलाई को मशीने तथा उसकी यांत्रिकत्व की जानकारी जिसमें मशीन में धागा उचित रूप से लगाना, तनाव व टांके के नियम तथा मशीन की साधारण खराबियों को दूर करने का व्यावहारिक ज्ञान।

2-नीचे दिये प्रत्येक वर्ग से एक वस्त्र-

1-फ्राक या पेटीकोट।

2-सनसूट या ब्लाउज।

प्रत्येक छात्रा को फैन्सी टांकी की कढ़ाई का एक सेट तैयार करना चाहिए जैसे लंच सेट, डचैज सेट व टी सेट।

टिप्पणी-शिक्षिका को प्रत्येक छात्रा का कार्य के विवरण, वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के निरीक्षण हेतु तैयार रखना चाहिए।

पुस्तकें-

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नही की गई है। विद्यालयों के प्रधान संबंधित विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

गुजराती

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

1-गद्य विभाग (भाव निरूपण)	20 अंक
2-पद्य विभाग (भाव निरूपण)	20 अंक
3-गद्य विभाग (पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न)	20 अंक
4-पद्य विभाग (पाठ्य पुस्तक पर आधारित कविताओं की समीक्षा)	20 अंक
5-रस, छन्द तथा अलंकार	10 अंक
6-निबन्ध	10 अंक

निर्धारित पुस्तकें-

(1) गुजराती (धोरण 12) गुजरात राज्य शाखा पाठ्य पुस्तक मण्डल विधायन, सेक्टर 10-ए, गांधी नगर (गुजरात)

चित्रकला

इसकी परीक्षा दो प्रश्न-पत्रों में होगी। प्रत्येक प्रश्न-पत्र 50-50 पूर्णांकों का तथा 3 घण्टे का होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र प्राविधिक चित्रकला अथवा आलेखन का होगा। इसमें 10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे तथा शेष प्रश्न-पत्र 40 अंकों का होगा।

द्वितीय प्रश्न-पत्र वस्तु चित्रण 30 अंक व स्मृति चित्रण 20 अंक, प्रकृति चित्रण 30 अंक स्मृति चित्रण 20 अथवा प्राकृतिक दृश्य (लैण्डस्केप) 50 अंक।

प्रथम प्रश्न-पत्र

खण्ड (क) हिन्दी तथा अंग्रेजी के बड़े (CAPITAL) प्रकाश व छायायुक्त अक्षर, रोमन, आधुनिक। साथ-साथ तिरछी लिखावट में एक वाक्य। 10 अंक

या

कर्णवत पैमाना

खण्ड (ख) ठोस ज्यामिति-घन, समपार्श्व, सूची, स्तम्भ, गोला, बेलन, शंकु के लाम्बिक प्रक्षेप। 10 अंक

खण्ड (ग)-सममितीय चित्र। 20 अंक

टिप्पणी-प्रत्येक खण्ड में से एक प्रश्न अनिवार्य है तथा कुल पांच प्रश्न करने होंगे।

अथवा

आलेखन-प्राकृतिक, अलंकारिक, आकृतियों पर आधारित विभिन्न प्रकार के दो या दो से अधिक आवृत्ति के मौलिक-रचनात्मक आलेखन। पुष्प जैसे गुलाब, कमल, सूरजमुखी, डहलिया, गुड़हल, पेन्जी आदि फूल, कलियां, पत्तियों आदि

Aglasem Schools

वस्तुयें जैसे मानव शंख, तितलियां, हंस, हिरन, हाथी आदि का आधार लेकर आलेखन बनाना। कम से कम तीन रंग भरने हैं। उत्तम संगति के साथ। आलेखन वस्त्रों की छपाई, बुनाई, कढ़ाई, चर्म शिल्प, बर्तन, अल्पना व अन्य ज्यामिति आकार में बनाने होंगे। ग्राफ बना कर भी आलेखन बनाये जा सकते हैं। 40 अंक

द्वितीय प्रश्न-पत्र **50 अंक**

वस्तु चित्रण व स्मृति चित्रण या प्राकृतिक चित्रण, प्राकृतिक दृश्य (Land Scape)-

वस्तु चित्रण **30 अंक**

विभिन्न प्रकार की वस्तुयें जो साधारण प्रयोग में आती हैं और जो बेलनाकार, आयताकार तथा सामान्य आकार की होती है जैसे घरेलू बर्तन, क्राकरी, दीपक, लालटेन, बोतलें, गिलास, जूते, अटैची, थरमस, छतरी, पैकेट, फल, सब्जी आदि का चित्र बनाना-यह चित्रण इंक में प्रकाश, छाया तथा प्रतिछाया, पेन्सिल, पेस्टल, आयल पेंट, पोस्टर रंग, जल रंग अग्र भूमि तथा पृष्ठ भूमि दर्शाते हुए करना है।

टिप्पणी-चित्र संयोजन से 20 सेंमी0 से कम न हो। वस्तु समूह एक आयताकार व अन्य बेलनाकार या गोलाकार वस्तुओं का होना चाहिए। जिनका आपस में समन्वय भी होना चाहिए। वस्तुओं को कम से कम 40 सेंमी0 ऊंचाई पर रखा होना चाहिए।

अथवा

प्रकृति चित्रण या स्मृति चित्रण

प्रकृति चित्रण **30 अंक**

पुष्प जैसे-कनेर, गुड़हल, पेन्जी, कलियां, डंठलों, पत्तियों तथा सम्पूर्ण पौधे के चित्र, प्राकृतिक रंगों में छाया, प्रकाश तथा प्रति छाया दर्शाते हुए बनाना। जल रंग या पोस्टर रंग का प्रयोग कर सकते हैं। पौधे व पुष्प, पत्तियों के प्रत्येक अंग व जोड़ बनाने में विशेष ध्यान रखना चाहिए।

स्मृति चित्रण **20 अंक**

वस्तु चित्रण या प्राकृतिक चित्रण के साथ-साथ स्मृति चित्रण सफेद कागम पर प्रकाश, छाया तथा प्रति छाया सहित निम्न वस्तुओं मे से किसी एक का चित्र बनाना होगा। घरेलू बर्तन, क्राकरी, शीशे व एनमल अन्य दैनिक जीवन की छोटी-छोटी वस्तुएं या सरल पशु-पक्षी जैसे कुत्ता, बिल्ली, खरगोश, हिरन, हाथी, पक्षी, बत्तख, मोर, तोता, मुर्गा, कबूतर, हंस, नाप 15 सेंमी0 से अधिक नहीं।

(माध्यम पेन्सिल क्रेयान)

अथवा

प्राकृतिक दृश्य (Land Scape) **50 अंक**

50 अंकों का होगा। स्मृति चित्रण नहीं करना है।

उच्चतर प्राकृतिक दृश्य जैसे उषाकाल, मध्यकाल कोई ऋतु प्रभाव, जिसमें मानव, पशु-पक्षी, झोपड़ियों, आकाश का समावेश हो या ग्रामीण जीवन की साधारण झांकी, सामाजिक दृश्य, थोड़े प्राकृतिक पृष्ठभूमि में बनाना है। माध्यम-जल रंग, पोस्टर रंग, ऑयल, ऑयल पेस्टल व कार्बन चारकोल पेन्सिल, नाप 25 सेंमी0 X 30 सेंमी0।

पुस्तकें-

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

तर्कशास्त्र

उद्देश्य एवं लक्ष्य-

माध्यमिक स्तर पर छात्रों को तर्कशास्त्र के तत्वों के शिक्षण का उद्देश्य, उनके मस्तिष्क की स्पष्ट, यथार्थ एवं क्रमबद्ध चिन्तन के लिए प्रस्तुत करना है। समग्ररूप से तर्कशास्त्र में पाठ्यक्रम निम्नांकित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निर्धारित किया गया है-

(क) छात्रों को ऐसे मौलिक नियमों एवं सिद्धान्तों से परिचित कराना जो विचारों को नियन्त्रित करते हैं।

(ख) उनको वैज्ञानिक शोधों में प्रयुक्त तार्किक प्रक्रियाओं से परिचित कराना।

(ग) छात्रों को विचार प्रक्रिया में आये हुए दोषों को पकड़ने तथा उनसे बचने के योग्य बनाना।

(घ) छात्रों में तार्किक दृष्टिकोण तथा तर्कसंगत विचार और सत्य के प्रति सम्मान उत्पन्न करना।

उपर्युक्त उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की पूर्ति हेतु पाठ्य वस्तु को प्रस्तुत करते समय अध्यापक को विचाराधीन प्रकरण के व्यावहारिक पक्ष पर विशेष बल देना तथा दैनिक जीवन से दृष्टान्त और उदाहरण देना अपेक्षित है।

Aglasem Schools

तर्कशास्त्र

इसमें 50-50 अंकों के दो प्रश्न-पत्र होंगे

प्रथम प्रश्न-पत्र	**पूर्णांक-50**
1-तर्कशास्त्र तथा उनका वर्गीकरण	10
2-उक्तियों का तार्किक स्वरूप, अन्तरानुमान की प्रकृति एवं स्वरूप, अन्तरानुमान के विभिन्न स्वरूपों से संबंधित दोष प्रकरण, अन्तरानुमान के प्रकार।	10
3-न्याय वाक्य : आकार एवं संयोग।	10
4-मिश्र न्याय वाक्य	10
5-न्याय वाक्यों के नियमों के उल्लंघन से उत्पन्न दोष	10
द्वितीय प्रश्न-पत्र	**पूर्णांक-50**
1-प्राक्कल्पना	8
2-साम्यानुमान	8
3-व्यवस्था एवं नियमों का संस्थापन	8
4-वर्गीकरण	8
5-आगमनात्मक युक्तियों के विश्लेषण एवं आगमनात्मक पद्धति का प्रयोग, आगमन तर्क से संबंधित दोष प्रकरण	9
6-प्रायोगिक अथवा आगमन की विधियां	9

पुस्तक-

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

तमिल

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

1-पद्य :		
	(1) सन्दर्भ तथा व्याख्या	05 अंक
	(2) लेखक परिचय, शैली, अलोचना आदि	05 अंक
	(3) कविता सारांश अथवा अन्य सामान्य प्रश्न	10 अंक
2-निबन्ध :	(पर्यावरण, जनसंख्या, प्रदूषण तथा ट्राफिक रूल्स पर भी निबन्ध पूंछे जायेंगे।)	20 अंक
3-	(1) साधारण शब्दों तथा मुहावरों का प्रयोग	05 अंक
	(2) समास तथा सन्धि	05 अंक
	(3) शब्द-भेद (एक शब्द का भिन्न-भिन्न अर्थों सहित वाक्यों का प्रयोग)	10 अंक
4-	(1) पद्य पर आधारित लघु प्रश्न	05 अंक
	(2) पद्य पर आधारित अति लघु प्रश्न	15 अंक
5-अनुवाद--	(हिन्दी से तमिल)	10 अंक
	(तमिल से हिन्दी)	10 अंक

सहायक पुस्तकें--तमिल पाठ्यपुस्तक

तेलगू

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

1-गद्य एवं पद्य पर आलोचनात्मक प्रश्न	25 अंक
2-सन्दर्भ सहित व्याख्या	25 अंक
3-व्याकरण एवं लोकोक्तियां	25 अंक
4-निबन्ध (जनसंख्या, ट्राफिक रूल्स, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर भी प्रश्न पूंछे जायेंगे।)	25 अंक

Aglasem Schools

निर्धारित पाठ्य-पुस्तकें--

पद्य--करुण श्री, ले0 जे0 पाप्य शास्त्री (राम पब्लिशर्स, कंतुल रिस्ट्रीट, विजयवाड़ा-1, आ0 प्र0 से प्राप्त)।

गद्य--नीतिचन्द्रिका--मित्रेवदन, लेखक--चिन्नसुयरि (वेंकट राम ऐण्ड कं0)।

व्याकरण--

आन्ध्र व्याकरणम् गा0 रा0 सीदरुलु।

नागरिक शास्त्र

इस विषय में दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक की अवधि 3 घण्टे तथा अधिकतम अंक 50 होंगे। प्रथम प्रश्न-पत्र नागरिक शास्त्र के सिद्धान्त पर और दूसरा भारतीय शासन तथा नागरिक जीवन पर होगा।

दोनों प्रश्न-पत्रों में 10-10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न अवश्य पूछे जायेंगे।

पाठ्यक्रम को रुचिकर, उपयोगी और जीवन्त बनाने के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान के लिए जिन विद्यालयों के पास साधन हों और जहाँ सम्भव हो छात्रों की स्थानीय निकायों, विधान मण्डल, संसद और न्यायालयों की कार्य-प्रणाली का ज्ञान कराया जाये। साथ ही विद्यालयों में माक पार्लियामेंट/विधान मण्डल आदि का भी आयोजन कराया जाये।

प्रथम प्रश्न-पत्र

नागरिक शास्त्र के सिद्धान्त

इकाई-2

1-राज्य की उत्पत्ति के सिद्धान्त : सामाजिक समझौता सिद्धान्त एवं विकासवादी सिद्धान्त 10 अंक

2-राज्यों के कार्यों का सिद्धान्त--व्यक्तिवादी सिद्धान्त, लोक समाजवादी सिद्धान्त, लोक कल्याणकारी राज्य का सिद्धान्त, प्राचीन भारतीय विचारकों मनु तथा कौटिल्य के अनुसार राज्य के विभिन्न कार्य।

इकाई-2 10 अंक

1-स्वतन्त्रता एवं समानता।

2-अधिकार एवं कर्तव्य।

इकाई-3 15 अंक

1-शासन के अंग-व्यवस्थापिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका : संगठन, शक्तियां एवं महत्व।

2-जनमत, राजनैतिक दल, मताधिकार तथा निर्वाचन प्रणालियां।

इकाई-4 15 अंक

1-राष्ट्रवाद तथा अन्तर्राष्ट्रवाद, गुटनिरपेक्षता की अवधारणा।

2-आरक्षण की अवधारणा, आवश्यकता, क्षेत्र तथा परिणाम।

3-भारत में आदिवासी एवं जनजाति की समस्या एवं समाधान।

4-मानवाधिकार : अर्थ, परिभाषा, महत्व (विशेषकर महिलाओं तथा बच्चों के संदर्भ में) एवं मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियां व समाधान।

द्वितीय प्रश्न-पत्र पूर्णांक-50

भारतीय शासन तथा नागरिक जीवन

इकाई-1-राज्य सरकार का गठन तथा कार्य विधि- 12 अंक

(क) राज्यों की कार्यपालिका--राज्यपाल तथा मन्त्रिपरिषद्,

(ख) राज्यों का विधान मण्डल--विधान परिषद्--संगठन तथा शक्ति, विधान सभा--संगठन तथा शक्ति।

(ग) दोनों सदनों से पारस्परिक तथा कार्यपालिका से सम्बन्ध।

इकाई-2-केन्द्र शासित क्षेत्र तथा उनकी शासन व्यवस्था- 15 अंक

1-केन्द्र शासित क्षेत्र तथा उनकी शासन व्यवस्था।

2-भारतीय न्यायपालिका--सर्वोच्च न्यायालय--जनहित याचिकायें--अर्थ तथा महत्व--लोक अदालत।

3-भारत में सार्वजनिक सेवायें--उसके महत्व तथा कार्य और लोक सेवा आयोग।

Aglasem Schools

4-स्थानीय स्वशासन--

(क) स्थानीय शासन का महत्व (पंचायती राज व्यवस्था)

(ख) ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत।

(ग) नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद्, नगर निगम।

5-नीति आयोग-

पंचवर्षीय योजनायें-उसके लक्ष्य तथा उपलिब्ध।

इकाई-3-द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वैश्विक परिदृश्य : शीतयुद्ध, तनाव, शैथिल्य एक ध्रुवीय एवं बहु ध्रुवीय विश्व की परिकल्पना 10 अंक

इकाई-4-भारत तथा विश्व : राष्ट्र मण्डल के सदस्य के रूप में भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य के रूप में भारत, भारत की विदेश नीति, गुटनिरपेक्ष आन्दोलन एवं सार्क। 13 अंक

पाठ्य पुस्तकें-

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

नैपाली

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

1-गद्य (पंचम पाठ से अन्तिम पाठ तक) (ससन्दर्भ गद्यांश व्याख्या, लेखक परिचय और समीक्षा) 20 अंक

2-पद्य (पंचम पाठ से अन्तिम पाठ तक) (सन्दर्भ सहित पद्यांश व्याख्या, कवि परिचय और समीक्षा) 20 अंक

3-नाटक (ससन्दर्भ अवतरण व्याख्या एवं हिरण्यकशिपु को छोड़कर नाटक के शेष पात्रों का परिचय) 10 अंक

4-अनुवाद नैपाली से संस्कृत 05
संस्कृत से नैपाली 05 } 10 अंक

5-निबन्ध (विजयदशमी, फागुपूर्णिमा, जन्माष्टमी, तिहार, जलप्रदूषण, मृद् प्रर्दूषण में किसी एक विषय में) 10 अंक

6-पाठ सारांश (निर्धारित पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों का सारांश पाठ का संक्षिप्तीकरण अथवा विभिन्न पाठों पर आधारित तर्क संगत लघु उत्तरीय प्रश्न) 10 अंक

7-छन्द (उपेन्द्रवज्रा, उपजाति, वंशस्थ, शिखरिणी, शाईल विक्रीडित, भुजंग प्रयण) 10 अंक

अलंकार--

(उपमा, रूपक, दृष्टान्त, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, अर्थान्तरन्यास, विरोधाभास)

8-सन्धि, शब्द रूप एवं धातुरूप (गुणसन्धि, वृद्धिसन्धि, विसर्गसन्धि) 10 अंक

शब्दरूप--आत्मन, अस्मद्, युष्मद्, तद्

धातुरूप--(पठ्, गम् धातु के लट्, लिङ्, लृट्, लोट् लकार के रूप)

निर्धारित पाठ्य-पुस्तक--

1-नेपाली गद्य चन्द्रिका, भाग-2 (पंचम पाठ से अन्तिम पाठ तक), लेखक दिनेश चन्द्र, प्रकाशक जगदीश चन्द्र रेग्मी, नेपाली पुस्तक सदन, दुर्गाघाट, वाराणसी।

2-नेपाली पद्य चन्द्रिका, भाग-2 (पंचम पाठ से अन्तिम पाठ तक), लेखक दिनेश चन्द्र, प्रकाशक जगदीश चन्द्र रेग्मी, नेपाली पुस्तक सदन, दुर्गाघाट, वाराणसी।

3-तरुण तपसी, (3-5 विश्राम) रचयिता लेखनाथ पौडयाल, काठमाण्डू, नेपाल।

4-प्रहलाद (नाटक), बालकृष्ण समसाझा, प्रकाशन काठमाण्डू, नेपाल।

5-भिखारी--रचयिता--लक्ष्मी प्रसाद देवकोटा, साझा प्रकाशन, काठमाण्डू, नेपाल (निर्धारित पाठ वन, घांसी)

6-सहायक ग्रन्थ--

(1) छन्द, रस अलंकार--गोरखा पुस्तक भण्डार, वाराणसी।

(2) शब्द धातु रूप छन्दसा तालिका सम्पादक, विनोद राय पाठक, शारद प्रकाशन संस्थान, वाराणसी।

(3) लघु सिद्धान्त कौमुदी

Aglasem Schools

पालि

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) गद्य--(क) महापरिनिब्बान सुत्तं (भाणवार 4 से 6 तक)
30 अंक

(ख) पालि प्रवेशिका (पाठ 19-24)

(2) पद्य--(क) धम्मपद (धम्मदुवग्गो, भग्गवग्गो, पाकिण्णग्गो,निरयवग्गो) 30 अंक

(ख) चरियापिटक (दानपारमिवा के अन्तर्गत छः से दस चर्चाएं)

(3) व्याकरण निबन्ध तथा अनुवाद 30 अंक

(i) व्याकरण--

(क) शब्द रूप--निम्नांकित संज्ञाओं तथा उनके अनुरूप अन्य शब्दों के रूप 10 अंक

[1] पुल्लिंग--मुनि, भिक्खु

[2] स्त्रीलिंग--इत्थी

[3] नपुंसकलिंग--अट्ठि, आयु

(ख) धातु रूप--वर्तमान, भूत तथा भविष्य काल में निम्नलिखित धातुओं के रूप पठ, गम, रक्ख, पच, नम, बुध, सक, लिख, भुज, कथ, पूज।

(ग) सन्धियाँ--निम्नलिखित सूत्रों पर आधारित होंगी, परन्तु सूत्रों को कंठस्थ करना आवश्यक नहीं है।

[क] स्वर सन्धि--(1) परोक्वचि, (2) ए ओ नं

[ख] व्यंजन सन्धि--(1) सरम्हाब्दे।

[ग] निग्गहीतं सन्धि--(1) लोपो।

(घ) समास--निम्नलिखित समासों की सामान्य परिभाषा तथा उदाहरण :

[1] बहुब्रीहि समास [2] द्वन्द्व समास।

(ii) निबन्ध--पालि भाषा में संक्षिप्त निबन्ध सरल सात वाक्यों में 10 अंक

भगवाबुद्धों कुसिनारा, राजा असोको, बोधगया।

(iii) अनुवाद--हिन्दी वाक्यों का पालि में रूपान्तर (अनुवाद का उद्देश्य छात्र/छात्राओं को पालि भाषा में वाक्य रचना एवं पालि भाषा का संगठन/पद्धति से परिचित कराना है)। 10 अंक

(iv) पालि साहित्य का इतिहास द्वितीय बौद्ध संगीति, तृतीय बौद्ध संगीति, विनय पिटक। 10 अंक

नोट :--अनुवाद के लिये कोई पाठ्य-पुस्तक निर्धारित नहीं है।

पंजाबी

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

(क) गद्य :

[1] सन्दर्भ तथा व्याख्या, साहित्यिक सौंदर्य $2\frac{1}{2}+5+2\frac{1}{2}=$ 10 अंक

[2] लेखक का परिचय, शैली, भाषा $2+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=$ 05 अंक

[3] कहानी सारांश अथवा अन्य सामान्य प्रश्न 05 अंक

[4] सहायक पुस्तकों के आधार पर एक प्रश्न सारांश
शब्द सीमा 75-100 अथवा चरित्र-चित्रण के रूप में (शब्द सीमा 125-150) 05 अंक

Aglasem Schools

(ख) गद्य तथा पद्य पर आधारित प्रश्न (शब्द सीमा 50-60) 2½+2½ = 05 अंक

(ग) 1-संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन आदि शब्दों का वाक्यों में प्रयोग तथा परिभाषा 08 अंक

2-पंजाबी से हिन्दी में अनुवाद (छः पंक्तियां) 06 अंक

3-हिन्दी से पंजाबी में अनुवाद (छः पंक्तियां) 06 अंक

(क) पद्य :

[1] संदर्भ तथा व्याख्या तथा काव्य सौष्ठव 1½+2+1½ = 05 अंक

[2] परिचय, शैली, भाषा 2+1½+1½ = 05 अंक

[3] कविता का सारांश अथवा सामान्य प्रश्न 05 अंक

(ख) नाटक (ड्रामा) :

[1] सन्दर्भ तथा व्याख्या 2½+2½ = 05 अंक

[2] पात्रों के चरित्र-चित्रण अथवा कार्य की आलोचना (शब्द सीमा 75-100) 05 अंक

(ग) अलंकार : 2+3 = 05 अंक

निम्नलिखित अलंकारों की पहचान उदाहरण सहित :

शब्दालंकार--श्लेष, वक्रोक्ति।

अर्थालंकार--सन्देह, उत्प्रेक्षा, उल्लेख।

व्याकरण :

(1) शब्द भेद (एक ही शब्द का भिन्न-भिन्न अर्थों सहित वाक्यों का प्रयोग) 06 अंक

(2) पंजाबी में निबन्ध (शब्द सीमा 225-250 तक) 10 अंक

(3) पैराग्राफ आधारित प्रश्न के अन्दर। 04 अंक

निर्धारित पुस्तकें-

गद्य

1-गरीब दी दुनिया--लेखक स0 नानक सिंह (प्राप्ति स्थान--सिंह ब्रदर्स, बाजार माई सेवा-अमृतसर)।

पद्य

2-रसधारा, लेखक--सरदार अवतार सिंह, आजाद प्रकाशक, जनता प्रकाशन मन्दिर, जालन्धर सिटी।

नाटक हेतु संस्तुत पुस्तकें--

3-मुडके दी खुशबू--लेखक--हरचरन सिंह, प्र0--धनपत राय ऐण्ड सन्स, जालन्धर सिटी।

सहायक पुस्तक--

4-जीवन जुगति, लेखक--प्रिन्सपल निरंजन सिंह, प्रकाशक--सिंह ब्रदर्स, बाजार माई सेवा, अमृतसर।

व्याकरण के लिये--

5-नवीन पंजाबी व्याकरण लेख रचना--लेखक--ज्ञानी सिंह, धनपत राय एण्ड सन्स, जालन्धर सिटी, (पंजाबी)।

फारसी

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

1-निर्धारित पाठ्य-पुस्तक से कविता का उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में व्याख्या 15 अंक

2-पाठ्य-पुस्तक पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 15 अंक

Aglasem Schools

3-व्याकरण 08 अंक

4-अनुवाद उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी से फारसी में 12 अंक

5-पठित पुस्तकों के किसी गद्य भाग की व्याख्या उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 20 अंक

6-पाठ्य-पुस्तक पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 08 अंक

7-सहायक पुस्तक के किसी उद्धरण की व्याख्या 10 अंक

8-निबन्ध (जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं ट्रैफिक रूल्स की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी निबन्ध के रूप में पूछे जायेंगे)। 12 अंक

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें--

(पद्य के लिये)

1-वाहा रिस्ताने फारसी, भाग-दो, लेखक--खानम जाकिरा रईस, प्रकाशक--शहनाज पब्लिकेशन, शहमदगंज, बरेली।

(गद्य के लिये)

2-वहारिस्ताने फारसी, भाग-दो, लेखक--खानम जाकिरा रईस, प्रकाशक--शहनाज पब्लिकेशन, शहमदगंज, बरेली।

3-व्याकरण-मिसबाहुल कवायद प्रथम भाग

लेखक-एम0एच0 जलालउद्दीन जाफरी-प्रकाशक अनवार अहमदी प्रेस, इलाहाबाद।

4-अनुवाद तथा निबन्ध-जदीद रहनुमाय तरजुमा व कवायद फारसी-तृतीय भाग

लेखक शाहराजी अहमद-प्रकाशक रामनारायन लाल बेनी माधव, इलाहाबाद।

5-सहायक पुस्तुक-

गुलवस्ता-ए-फ़ारसी-लेखक हाफ़िज मुहम्मद खां-प्रकाशक राम नारायन लाल बेनी माधव, इलाहाबाद।

निर्धारित पाठ्यवस्तु

पद्य

1-मौलाना रूम-मसनवी

2-दास्तान-ए-शादी

1-रोजा-ए-सुल्तान

2-दिले दर्द मंदा बद आवर जेबन्द

3-बरहाल-ए-आम-ततावुलनकुनैद

3-गजलियात-शेखसादी शीराजी

4-ऐराकी हमदानी-गजलियात

5-सलमान साऊजी-गजलियात

6-ख्वाजा हाफ़िज शीराजी-गजलियात

रूबाईयात

1-अबु सईद

2-अबु खैर

कनाद

1-शर्फ़े मर्द

2-तासीर-ए-हमनशीनी

3-सोहबते नेकां

सईद नफ़ीसी

1-पैगामे शायर-बेदुख्तराने इमरोज

सैयाबुश कसराई

1-बाग़-ए-काली

गद्य

1-इन्तेखाब अज रिसाले दिलकुश-उबैद ज़ाकानी।

2-इन्तेखाब अज लतायेफ़ उत तवायफफ-मौलाना फखरूद्दीन अली आसफी।

3-इन्तेखाब अज फारसी व दस्तूर

1-उताफ-ए-ख्वाब

2-अलमास

3-जवांमर्दी

Aglasem Schools

बंगला

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) पद्य पाठ्य-पुस्तक 40 अंक
(2) नाटक 30 अंक
(3) आधुनिक बंगला साहित्य का संक्षिप्त इतिहास 19वीं सदी 20 अंक
(4) अलंकार : 10 अंक

निम्नलिखित अलंकारों का अध्ययन किया जाय :

अनुप्रास, यमक, श्लेष, रूपक, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक, सन्देह, व्याजस्तुति, अप्रस्तुत, प्रशंसा, अर्थान्तरन्यास, अपहुनति, श्वभयोक्ति, अतिश्योक्ति।

संस्तुत पुस्तकें--

उच्च माध्यमिक बंगला संचयन (कविता व नाटक)--
पश्चिम बंग माध्यमिक शिक्षा परिषद् विश्व भारती, 6 आचार्य जगदीश बसु रोड, कलकत्ता--17।

कवितायें--

1-पूर्वराग--चण्डीदास।
2-हरगोरोर संसार--भारत चन्द्र।
3-रावणेर रण सज्जा--मधुसूदन दत्त।
4-मानव वन्दना--अक्षय कुमार बड़ाल।
5-ओरा काज करे--रवीन्द्र नाथ ठाकुर।
6-वर्ष बोधन--सत्येन्द्र नाथ दत्त।
7-रवीन्द्र नाथेर प्रति--बुद्धदेव बसु।
8-बुलान मंडलेर प्रति कालकेतु--कवि कंकन मुकुन्दराम चक्रवर्ती।
9-कौचडाव--यतीन्द्र नाथ सेन गुप्ता।
10-जीवन वन्दना--काजी नज़रूल इस्लाम।
11-घोषणा--सुभाष मुखोपध्याय।
12-अठारों बहोर वयत्र--सुकान्त भट्टाचार्य।

नाटक--

1-कर्ण कुन्ती संवाद--रवीन्द्र नाथ।
2-स्टाचु--मन्मथ राय।
3-आधुनिक बंगला साहित्य-इति वृत्त-अषित कुमार बंदोपाध्याय।

संस्तुत पुस्तकें--

1-An up-to-date Bengali Composition
1-अशोकनाथ भट्टाचार्य, माडर्न बुक एजेन्सी, कलकत्ता--17।
2-बंगला द्वितीय पत्र (द्वितीय खण्ड)--कनके बन्धोपाध्याय, स्टूडेन्ट्स बुक सप्लाई, 1 कालेज स्क्वायर--कलकत्ता--72।

भूगोल

तीन-तीने घण्टे एवं 35-35 अंकों के दो प्रश्न-पत्र होंगे तथा 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित, प्रयोगात्मक एवं योग में क्रमशः 23, 10 एवं 33 अंक प्राप्त करने होंगे।

उद्देश्य

1-प्राकृतिक पर्यावरण तथा मानव कार्यकलापों की अन्तः क्रिया से जनित परिस्थितियों की भौगोलिक जानकारी प्राप्त करना।

2-भौगोलिक अध्ययन से सम्बन्धित सूचना एकत्र करना, विश्लेषण करना तथा निष्कर्ष निकालने में सहायक कौशलों की जानकारी करना तथा निपुणता प्राप्त करना।

3-विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों तथा उनके उपयोग की जानकारी प्राप्त करना तथा भविष्य के बारे में निष्कर्ष निकालना।

4-भारत के प्राकृतिक तथा मानवीय संसाधनों के उपयोग के फलस्वरूप विकास की सम्भावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

5-विभिन्न संसाधनों तथा प्रादेशिक क्षेत्रों के वर्तमान विकास का आंकलन करना तथा भविष्य में उनके इष्टतम् विकास की संकल्पना करने का प्रयास करना।

प्रथम प्रश्न-पत्र

भौतिक एवं मानव भूगोल

इकाई-1- **07 अंक**

जैव मण्डल--प्राकृतिक वनस्पति--प्रकार, विशेषतायें एवं विश्व वितरण। जीव-जन्तु और जलवायु तथा वनस्पति से सह सम्बन्ध। पारिस्थितिकी तन्त्र, असंतुलन की समस्यायें एवं उनका निराकरण।

Aglasem Schools

इकाई-2- **12 अंक**

मानव तथा आर्थिक भूगोल--(क) प्राकृतिक पर्यावरण के तत्व, मानव और पर्यावरण का सम्बन्ध जनसंख्या की वृद्धि, घनत्व तथा वितरण। जनसंख्या की संरचना, लिंग, आयु, साक्षरता, ग्राम एवं नगरीय तथा व्यावसायिक संरचना। जनसंख्या की समस्यायें, उनका निराकरण-जनसंख्या स्थानान्तरण, विश्व प्रजातियां एवं भारतीय जन जातियां, जातीय समस्यायें, रंग भेद नीति। ग्राम, नगर, सामान्य ग्रामीण अधिवास, उनके प्रकार और प्रतिरूप, नगरीय अधिवास उनकी आकारिका एवं कार्य, नगरीकरण की समस्यायें।

(ख) संसाधन और उनके वर्गीकरण--जैव एवं क्षयी एवं अक्षयी, संभाव्य एवं विकसित कच्चा माल तथा ऊर्जा, संसाधनों का संरक्षण, प्रमुख संसाधनों का संरक्षण, प्रमुख संसाधनों का विश्व वितरण, वन मत्स्य, खनिज, ऊर्जा तथा जल संसाधन, अर्थ-व्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र। मत्स्य, पशुपालन एवं कृषि विशेष सन्दर्भ में। प्राथमिक क्षेत्र का अध्ययन, कृषि के प्रकार, झूम तथा स्थायी जीवन निर्वाहक एवं व्यापारिक सघन एवं विस्तृत बागाती कृषि, मिश्रित खेती, शुष्क खेती, फल-सब्जी की खेती, सहकारी कृषि आदि। निम्नांकित की उपज, दशायें तथा विश्व वितरण गेहूँ, चावल, कपास, जूट, गन्ना, चाय, कहवा, रबर।

इकाई-3- **07 अंक**

द्वितीयक क्षेत्र--उद्योगों के स्थानीकरण के कारण, लोहा तथा इस्पात, वस्त्र, कागज, चीनी उद्योग।

इकाई-4- **09 अंक**

तृतीय क्षेत्र--यातायात के साधन, रेलमार्ग, महासागरीय मार्ग, वायुमार्ग, पाइप लाइन, संसार के प्रमुख रेल महानगरीय एवं वायु मार्गों का अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, प्रमुख बन्दरगाह, गेहूं, चावल, चाय, खनिज, तेल, लौह खनिज तथा कोयले का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार।

द्वितीय प्रश्न-पत्र

प्रादेशिक एवं भारत का भूगोल

समय 3 घण्टे अंक 35

इकाई-1 **अंक 10**

मानवीय संसाधन-जनशक्ति गुणवत्ता एवं मात्रा।

जनसंख्या का घनत्व एवं विस्तार, जनसंख्या की वृद्धि दर, जनसंख्या की संरचना, आयु, लिंग, भाषा, साक्षरता, व्यवसाय, ग्रामीण एवं नगरीय। नगरीकरण में वृद्धि तथा उसका अर्थ व्यवस्था से सम्बन्ध। जनसंख्या की समस्यायें एवं उनका समाधान।

इकाई-2 **अंक 09**

भारतीय अर्थ-व्यवस्था की संरचना, विशेषता-भारतीय कृषि उद्योग धन्धों एवं यातायात के साधनों का पंचवर्षीय योजनाओं के परिप्रेक्ष्य में अध्ययन, भारत का विदेशी व्यापार तथा महत्वपूर्ण बन्दरगाह।

इकाई-3 **अंक 07**

1–रिकॉर्ड।	05
2–प्रोजेक्ट।	10
3–सत्रीय कार्य।	10

Aglasem Schools

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

रंजन कला

इसमें दो प्रश्न-पत्र होंगे। जिनमें से प्रत्येक तीन घण्टे का तथा 50 अंकों का होगा। द्वितीय प्रश्न-पत्र में 10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

प्रथम प्रश्न-पत्र 50 अंक

मानव सिर का (Statue) प्रतिमा द्वारा रंगों में चित्रण–मानव सिर की प्रतिमा स्त्री-पुरुष जो प्लास्टर ऑफ पेरिस या मिट्टी की बनी हो। सम्मुख रखकर पेस्टिल, ऑयल पेस्टिल या क्रेयान इंक से चित्रण करना होगा। प्रकाश, छाया, प्रतिछाया प्रदर्शित करनी होगी।

अथवा

भारतीय चित्रकारी–भारत के विशेष प्राचीन कलाकारों के चित्रों की सुगम सपाट।

सरल अनुवृत्ति–एक मानव व एक पशु-पक्षी से संयोजित रंग व रेखाओं में चित्रित करना। नाप : 20 सेमी0 × 30 सेमी0। प्रश्न-पत्र में चित्र कम से कम 15 सेमी0 लम्बाई में दिया जाय।

द्वितीय प्रश्न-पत्र 50 अंक

रंगों में काल्पनिक चित्र संयोजन–ग्रामीण घटनाओं का उन्नत भाव प्रकाशन अथवा चित्र जैसे–ग्रामवाला गड़रिया, हलवाहा, किसान, माली, दूधवाला, भाजी बेचने वाला या फेरी वाला, खेल उत्सव आदि। इसमें मानव चित्र उन्नत दृश्य में जिसमें नदी, वृक्ष, झोपड़ी, मकान इत्यादि भी सम्मिलित किये जायें। चित्र दो या अधिक रंगों में स्वतन्त्र शैली में सपाट रंग व रेखाओं द्वारा प्रकाशित किये जायें।

अथवा

भारतीय चित्रकला का इतिहास–भारतीय कला के निम्नांकित उपशीर्षकों में विभाजित हो, विभिन्न कला केन्द्रों का इतिहास, आलोचनात्मक और तुलनात्मक/अध्ययन के साथ पढ़ाया जाय।

मुगल काल, राजपूत काल, पुनर्जागरण काल, बंगाल स्कूल व विशेष प्रख्यात भारतीय कलाकारों का जीवन परिचय।

टिप्पणी–प्रश्न-पत्र पाँच प्रश्नों का होगा।

पुस्तकें–कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक से परामर्श करके पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

भौतिक विज्ञान

इसमें 35-35 अंकों के दो प्रश्न-पत्र एवं 30 अंकों का प्रयोगात्मक होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र

इकाई	शीर्षक	अंक
1	स्थिर विद्युतकी	08
2	धारा विद्युत	07
3	धारा का चुम्बकीय प्रभाव तथा चुम्बकत्व	08
4	वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण तथा प्रयवर्ती धारा	08
5	वैद्युत चुम्बकीय तरंगे	04
	कुल अंक . .	**35 अंक**

द्वितीय प्रश्न-पत्र

इकाई	शीर्षक	अंक
1	प्रकाशिकी	13
2	द्रव्य और द्वैत प्रकृति	04
3	परमाणु तथा नाभिक	06
4	इलेक्ट्रॉनिक युक्तियाँ	08
5	संचार व्यवस्था	04
	कुल अंक . .	**35 अंक**

Aglasem Schools

इकाई 1–स्थिर विद्युतिकी 08 अंक

वैद्युत् आवेशः आवेश का संरक्षण, कूलॉम–नियम–दो बिन्दु आवेशों के बीच बल, बहुत आवेशों के बीच बल, अध्यारोपण सिद्धान्त तथा सतत् आवेश वितरण।

विद्युत् क्षेत्र, विद्युत् आवेश के कारण वैद्युत् क्षेत्र, विद्युत् क्षेत्र रेखायें वैद्युत् द्विध्रुव, द्विध्रुव के कारण वैद्युत क्षेत्र, एक समान वैद्युत् क्षेत्र में द्विधुव पर बल आघूर्ण, वैद्युत् फ्लक्स।

गाउस नियम का प्रकथन तथा अनन्त लम्बाई के एक समान आवेशित सीधे तार, एक समान आवेशित अनन्त समतल चादर तथा एक समान आवेशित पतले गोलीय खोल (के भीतर तथा बाहर) विद्युत् क्षेत्र ज्ञात करने में इस नियम का अनुप्रयोग, वैद्युत् विभव, विभवान्तर, किसी बिन्दु आवेश, वैद्युत् द्विध्रुव, आवेशों के निकाय के कारण वैद्युत् विभव, समविभव पृष्ठ, किसी स्थिर वैद्युत् क्षेत्र में दो बिन्दु आवेशों के निकाय तथा वैद्युत् द्विध्रुव की स्थिर वैद्युत् स्थितिज ऊर्जा, चालक तथा विद्युत् रोधी, किसी चालक के भीतर मुक्त आवेश तथा बद्ध आवेश, परावैद्युत् पदार्थ तथा वैद्युत् ध्रुवण, संधारित्र तथा धारिता, श्रेणीक्रम तथा समान्तर क्रम में संधारित्रों का संयोजन, पट्टिकाओं के बीच परावैद्युत् माध्यम होने अथवा न होने पर किसी समान्तर पट्टिका संधारित्र की धारिता, संधारित्र में संचित ऊर्जा, वानडे ग्राफ जनित्र।

इकाई 2–धारा विद्युत् 07 अंक

विद्युत् धारा, धात्विक चालक में वैद्युत् आवेशों का प्रवाह, अपवाह वेग (Drift Velocity), गतिशीलता तथा इनका विद्युत् धारा से सम्बन्ध, ओम का नियम, वैद्युत् प्रतिरोध V-I अभिलक्षण (रैखिक तथा अरैखिक) विद्युत् ऊर्जा और शक्ति, वैद्युत् प्रतिरोधकता तथा चालकता, कार्बन प्रतिरोधक, कार्बन प्रतिरोधकों के लिये वर्ण कोड, प्रतिरोधकों का श्रेणी तथा पार्श्व क्रम संयोजन, प्रतिरोध की ताप निर्भरता, सेलों का आन्तरिक प्रतिरोध, सेल का वि0वा0बल (e.m.f.) तथा विभवान्तर, सेलों का श्रेणीक्रम तथा पार्श्वक्रम संयोजन, द्वितीयक सेल की प्रारम्भिक धारणा, किरचॉफ का नियम तथा इसके अनुप्रयोग व्हीटस्टोन सेतु, मीटर सेतु, विभवमापी–सिद्धान्त, विभवान्तर एवं दो सेलों के विद्युत् वाहक बल (e.m.f.) की तुलना करने के लिये इसका अनुप्रयोग, किसी सेल के आन्तरिक प्रतिरोध की माप।

इकाई 3–विद्युत् धारा का चुम्बकीय प्रभाव तथा चुम्बकत्व 08 अंक

चुम्बकीय क्षेत्र की संकल्पना, ओर्स्टेड का प्रयोग, बायोसेवर्ट नियम तथा धारावाही लूप में इसका अनुप्रयोग, ऐम्पियर का नियम तथा इसका अनन्त लम्बाई के सीधे तार में अनुप्रयोग, सीधी तथा टोराइडी परिनालिकायें, एक समान चुम्बकीय तथा वैद्युत् क्षेत्रों में गतिमान आवेशों पर बल, साइक्लोट्रॉन, एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में धारावाही चालक पर बल, दो समान्तर धारावाही चालकों के बीच बल–एम्पियर की परिभाषा–एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में धारावाही लूप द्वारा बल आघूर्ण का अनुभव, चल–कुण्डली गैल्वेनोमीटर इसकी धारा सुग्राह्यता तथा इसका अमीटर तथा वोल्टमीटर में रूपान्तरण, धारा लूप चुम्बकीय द्विध्रुव के रूप में तथा इसका चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण, किसी परिभ्रमण करते इलेक्ट्रॉन तथा चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण, चुम्बकीय द्विध्रुव (छड़ चुम्बक) के कारण इसके अक्ष के अनुदिश तथा अक्ष के अभिलम्बत् चुम्बकीय क्षेत्र तीव्रता, एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में चुम्बकीय द्विध्रुव (छड़ चुम्बक) पर बल आघूर्ण, तुल्यांकी परिनालिका के रूप में छड़ चुम्बक, चुम्बकीय क्षेत्र रेखायें, पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र तथा चुम्बकीय अवयव अनुचुम्बकीय, प्रतिचुम्बकीय तथा लौह चुम्बकीय पदार्थ उदाहरणों सहित, विद्युत् चुम्बक तथा इनकी तीव्रताओं को प्रभावित करने वाले कारक, स्थायी चुम्बक।

इकाई 4–वैद्युत् चुम्बकीय प्रेरण तथा प्रत्यावर्ती धारायें 08 अंक

वैद्युत् चुम्बकीय प्रेरण–फैराडे के नियम, प्रेरित e.m.f. तथा धारा, लेंज का नियम, भँवर धारायें, स्वप्रेरण तथा अन्योन्य प्रेरण, प्रत्यावर्ती धारा, प्रत्यावर्ती धारा तथा वोल्टता के शिखर तथा वर्गमाध्यमूल मान, प्रतिघात तथा प्रतिबाधा, LC दोलन (केवल गुणात्मक विवेचना) श्रेणीबद्ध LCR परिपथ अनुनाद, AC परिपथों में शक्ति, वाटहीन धारा, AC जनित्र तथा ट्रान्सफार्मर।

इकाई 5–वैद्युत् चुम्बकीय तरंगे 04 अंक

विस्थापन धारा की आवश्यकता, वैद्युत् चुम्बकीय तरंगें, तथा इनके अभिलक्षण (केवल गुणात्मक संकल्पना) वैद्युत् चुम्बकीय तरंगों की अनुप्रस्थ प्रकृति, वैद्युत् चुम्बकीय स्पेक्ट्रम (रेडियो तरंगे, सूक्ष्म तरंगे, अवरक्त, दृश्य, पराबैंगनी, X किरणें, गामा किरणें) इनके उपयोग के विषय में मौलिक तथ्यों सहित।

द्वितीय प्रश्न-पत्र

इकाई 1–प्रकाशिकी 13 अंक

प्रकाश का परावर्तन, गोलीय दर्पण, दर्पण सूत्र, प्रकाश का अपवर्तन, पूर्ण आन्तरिक परावर्तन तथा इसके अनुप्रयोग, प्रकाशिक तन्तु, गोलीय पृष्ठों पर अपवर्तन, लेंस, पतले लेंसों का सूत्र, लेंस मेकर सूत्र, न्यूटन का सम्बन्ध, विस्थापन विधि द्वारा

Aglasem Schools

प्रतिबिम्ब की स्थिति ज्ञात करना (संयुग्मी बिन्दु), आवर्धन, लेंस की शक्ति, सम्पर्क में रखें पतले लेंसों का संयोजन, लेंस और दर्पण का संयोजन, प्रिज्म से होकर प्रकाश का अपवर्तन तथा परिक्षेपण।

प्रकाश का प्रकीर्णन–आकाश का नीला वर्ण, सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय आकाश में सूर्य का रक्ताभ दृष्टिगोचर होना, रमन प्रभाव का प्रारम्भिक अवधारणा। प्रकाशिक यंत्र–मानव नेत्र, प्रतिबिम्ब बनना तथा समंजन क्षमता, लेंसों द्वारा दृष्टि दोषों का संशोधन (निकट दृष्टिदोष, दूर–दृष्टि दोष, जरा दूर दृष्टि दोष, अबिन्दुकता) सूक्ष्मदर्शी तथा खगोलीय दूरदर्शक (परावर्ती तथा अपवर्ती) तथा इनकी आवर्धन क्षमतायें तरंग प्रकाशिकी–तरगांग्र तथा हाइगेन्स का सिद्धान्त, तरंगाग्रों के उपयोग द्वारा समतल तरंगों का समतल पृष्ठों पर परावर्तन तथा अपवर्तन, हाइगेन्स सिद्धान्त के उपयोग द्वारा परावर्तन तथा अपवर्तन के नियमों का सत्यापन, व्यतिकरण, यंग का द्विझिरी प्रयोग तथा फ्रिंज चौड़ाई के लिये व्यंजक, कला संबद्ध स्रोत तथा प्रकाश का प्रतिपालित व्यतिकरण, एकल झिरी के कारण विवर्तन, केन्द्रीय उच्चिष्ठ की चौड़ाई, सूक्ष्मदर्शी तथा दूरदर्शकों की विभेदन क्षमता, ध्रुवण, समतल ध्रुवित प्रकाश, ब्रस्टर का नियम, समतल ध्रुवित प्रकाश तथा पोलरॉयडों का उपयोग।

इकाई 2–द्रव्य तथा विकिरणों की द्वैत प्रकृति 04 अंक

विकिरणों की द्वैत प्रकृति, प्रकाश विद्युत् प्रभाव, हर्ट्ज तथा लेनार्ड प्रेक्षण, आइस्टीन प्रकाश वैद्युत् समीकरण, प्रकाश की कणात्मक प्रकृति द्रव्य तरंगे–कणों की तरंगात्मक प्रकृति, दे–ब्रॉग्ली सम्बन्ध, डेविसन तथा जर्मर प्रयोग (प्रायोगिक विवरण न दिया जाय केवल निष्कर्ष की व्याख्या की जाय)।

इकाई 3–परमाणु तथा नाभिक 06 अंक

एल्फा–कण प्रकीर्णन प्रयोग, परमाणु का रदरफोर्ड मॉडल, बोर मॉडल, ऊर्जा–स्तर, हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम, सतत् तथा अभिलाक्षणिक (Characteristics) X किरणें, नाभिकों की संरचना एवं आकार, परमाणु द्रव्यमान समस्थानिक, समभारिक, समन्यूट्रॉनिक, रेडियोऐक्टिविटी, एल्फा, बीटा तथा गामा कण/किरणें और इनके गुण, रेडियोऐक्टिव क्षय –नियम, द्रव्यमान–ऊर्जा सम्बन्ध, द्रव्यमान क्षति, बंधन ऊर्जा प्रति न्यूक्लिऑन तथा द्रव्यमान संख्या के साथ इसमें परिवर्तन, नाभिकीय विघटन और संलयन।

इकाई 4–इलेक्ट्रॉनिक युक्तियाँ 08 अंक

ठोसों में ऊर्जा बैन्ड, चालक, कुचालक तथा अर्धचालक, अर्धचालक डायोड–I-V अभिलाक्षणिक (अग्रदिशिक तथा पश्चदिशिक वायसन में) (In forward and reverse bias) डायोड दिष्टकारी के रूप में, LED के अभिलाक्षणिक, फोटोडायोड, सौर सेल तथा जेनर डायोड, वोल्टता नियंत्रक के रूप में जेनर डायोड, संधि ट्रांजिस्टर, ट्रांजिस्टर क्रिया, ट्रांजिस्टर के अभिलाक्षणिक, ट्रांजिस्टर प्रवर्धक के रूप में (उभयनिष्ठ उत्सर्जक विन्यास) तथा ट्रांजिस्टर दोलित्र के रूप में, लॉजिक गेट (OR, AND, NAND तथा NOR) ट्रांजिस्टर स्विच के रूप में।

इकाई 5–संचार व्यवस्था 04 अंक

संचार व्यवस्था के अवयव (केवल ब्लॉक आरेख), सिग्नलों की बैंड चौड़ाई, (Band Width) (वाक्, TV अंकीय आँकड़े) प्रेषण माध्यम की बैन्ड चौड़ाई वायुमण्डल में वैद्युत् चुम्बकीय तरंगों का संचरण, व्योम तथा आकाश तरंगों का संचरण, मॉडुलन की आवश्कता, आयाम माडुलित तरंगों का उत्पादन तथा संसूचन।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

भौतिक विज्ञान

अधिकतम अंक–30 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक–10 अंक समय–04 घण्टे

(1) वाह्य मूल्यांकन–

1–कोई दो प्रयोग (2 × 5)।	10
2–प्रयोग पर आधारित मौखिकी।	05

(2) आंतरिक मूल्यांकन–

1–प्रयोगात्मक रिकॉर्ड।	04
2–प्रोजेक्ट कार्य व उस पर आधारित मौखिकी।	08
3–सत्रीय कार्य–सतत् मूल्यांकन।	03

Aglasem Schools

(3) प्रत्येक प्रयोग के 05 अंक का वितरण निम्नवत् होगा–

(1) क्रियात्मक कौशल (आवश्यक सावधानियाँ सहित) उपकरण का सामंजस्य व प्रेक्षण कौशल (शुद्ध प्रेक्षण)। 01

(2) प्रेक्षणों की पर्याप्त संख्या तथा उचित सारणीय। 01

(3) गणनात्मक कौशल अथवा ग्राफ बनाना। 01

(4) परिणाम/निष्कर्ष का शुद्ध मात्रक सहित कथन। 01

(5) आरेख (परिपथ, किरण आरेख, सैद्धान्तिक आरेख)। 01

नोट :–व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रिकॉर्ड व सत्रीय कार्य के अंकों के स्थान पर प्रोजेक्ट कार्य में 15 अंक होंगे। छात्रों का मूल्यांकन आन्तरिक तथा वाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। सतत् मूल्यांकन में विषय अध्यापक प्रत्येक छात्रों द्वारा किये गये प्रयोगों की सूची बनाकर वाह्य परीक्षक के सम्मुख प्रस्तुत करें तथा किये गये प्रयोगों की संख्या के आधार पर ही अंक दिये जायेंगे।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

प्रयोग सूची

1–चल–सूक्ष्मदर्शी द्वारा कांच के गुटके का अपवर्तनांक ज्ञात करना।

2–समतल दर्पण तथा उत्तल लेंस द्वारा किसी द्रव का अपवर्तनांक ज्ञात करना।

3–अवतल दर्पण के प्रकरण में u के विभिन्न मानों के लिये v का मान ज्ञात करके अवतल दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात करना।

4–अमीटर तथा वोल्टमीटर द्वारा ओम के नियम का सत्यापन कना तथा तार के पदार्थ का विशिष्ट प्रतिरोध ज्ञात करना।

5–उत्तल लेंस का उपयोग करके उत्तल दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात करना।

6–u तथा v अथवा 1/u तथा 1/v के बीच ग्राफ खींचकर किसी उत्तल लेंस की फोकस दूरी ज्ञात करना।

7–उत्तल लेंस का उपयोग करके अवतल लेंस की फोकस दूरी ज्ञात करना।

8–दिये गये प्रिज्म के लिये आपतन कोण तथा विचलन कोण के बीच ग्राफ खींचकर न्यूनतम विचलन कोण ज्ञात करना तथा प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक ज्ञात करना।

9–मीटर सेतु द्वारा किसी दिये गये तार का प्रतिरोध ज्ञात करके उसके पदार्थ का विशिष्ट प्रतिरोध ज्ञात करना।

10–मीटर सेतु द्वारा प्रतिरोधकों के (श्रेणी/पार्श्व) संयोजनों के नियमों का सत्यापन करना।

11–वोल्टमीटर तथा प्रतिरोध बॉक्स की सहायता से किसी सेल का आन्तरिक प्रतिरोध ज्ञात करना।

12–विभवमापी द्वारा दो दिये गये प्राथमिक सेलों की विद्युत् वाहक बलों की तुलना करना।

13–विभवमापी द्वारा दिये गये प्राथमिक सेल का आन्तरिक प्रतिरोध ज्ञात करना।

14–किसी उभयनिष्ठ–उत्सर्जक pnp अथवा npn ट्रॉंजिस्टर के अभिलाक्षणिकों का अध्ययन करना तथा धारा एवं वोल्टता लाब्धियों के मान ज्ञात करना।

15–विस्थापन विधि से उत्तल लेंस की फोकल दूरी ज्ञात करना।

रसायन विज्ञान

सामान्य तथा अकार्बनिक रसायन

प्रथम प्रश्न-पत्र **35 अंक**

इकाई 1–रासायनिक बलगतिकी 05 अंक

अभिक्रिया का वेग (औसत और तात्क्षणिक), अभिक्रिया वेग को प्रभावित करने वाले कारक–सान्द्रता, ताप, उत्प्रेरक, अभिक्रिया की कोटि और आण्विकता, वेग नियम और विशिष्ट दर स्थिरॉंक, समाकलित वेग समीकरण और अर्द्धआयु (केवल शून्य और प्रथम कोटि की अभिक्रियाओं के लिये) संघट्ट सिद्धान्त की अवधारणा (प्रारम्भिक परिचय, गणितीय विवेचना नहीं), सक्रियण ऊर्जा, आरहेनियस समीकरण।

Aglasem Schools

इकाई 2–वैद्युत् रसायन 05 अंक

ऑक्सीकरण–अपचयन अभिक्रियायें, वैद्युत् अपघटनी विलयनों का चालकत्व, विशिष्ट एवं मोलर चालकता, सान्द्रता के साथ चालकत्व में परिवर्तन, कोलराउश नियम, वैद्युत् अपघटन और वैद्युत् अपघटन के नियम (प्रारम्भिक विचार) शुष्क सेल, वैद्युत् अपघटनी सेल और गैल्वनी सेल, शीशा संचायक सेल, सेल का विद्युत् वाहक बल, मानक इलेक्ट्रोड विभव, नर्स्ट समीकरण और रासायनिक सेलों में इसका अनुप्रयोग, ईंधन सेल, संक्षारण।

इकाई 3–रेडाक्स अभिक्रिया 04 अंक

आक्सीकरण और अपचयन की अवधारणा, आक्सीकरण अपचयन अभिक्रियायें, आक्सीकरण संख्या, आक्सीकरण अपचयन अभिक्रियाओं की रासायनिक समीकरण को संतुलित करना (इलेक्ट्रॉन संख्या एवं आक्सीकरण संख्या के आधार पर)।

इकाई 4–पृष्ठ रसायन 04 अंक

अधिशोषण–भौतिक अधिशोषण और रसोवशोषण, ठोसों पर गैसों के अधिशोषण को प्रभावित करने वाले कारक, उत्प्रेरक समांगी एवं विषमांगी, सक्रियता और चयनात्मकता, एन्जाइम उत्प्रेरण कोलायडी अवस्था, कोलॉयड, वास्तविक विलयन एवं निलम्बन में विभेद, द्रवरागी, द्रवविरागी, बहुआणविक और वृहत् आण्विक कोलाइड, कोलोइडों के गुणधर्म, टिण्डल प्रभाव, ब्राउनीगति, वैद्युत्कण संचलन, स्कंदन, पायस–पायसों के प्रकार, नैनों पदार्थों का प्रारम्भिक विचार।

इकाई 5–तत्वों के निष्कर्षण के सिद्धान्त एवं प्रक्रम 03 अंक

निष्कर्षण के सिद्धान्त एवं विधियाँ–सान्द्रण, ऑक्सीकरण, अपचयन वैद्युत् अपघटनी विधि और शोधन, एल्युमिनियम, कॉपर, जिंक और आयरन की उपलब्धता एवं निष्कर्षण के सिद्धान्त। Pb, Sn, Ag, Au के निष्कर्षण के सिद्धान्त।

इकाई 6–p ब्लॉक के तत्व-(वर्ग 15, 16, 17, 18) 07 अंक

वर्ग 15 के तत्व–सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, ऑक्सीकरण अवस्थायें, भौतिक और रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियाँ, नाइट्रोजन–विरचन, गुणधर्म और उपयोग, नाइट्रोजन के यौगिक–अमोनिया और नाइट्रिक अम्ल का विरचन तथा गुणधर्म, नाइट्रोजन के ऑक्साइड (केवल संरचना) फास्फोरस–अपरूप, फास्फोरस के यौगिक–फास्फीन, हैलाइडों (Pcl_3, Pcl_5) का विरचन और गुणधर्म और ऑक्सीअम्लों का (केवल प्रारम्भिक परिचय)।

वर्ग 16 के तत्व–सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थायें, उपलब्धता, भौतिक और रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियाँ, डाइऑक्सीजन–विरचन, गुणधर्म और उपयोग, ऑक्साइडों का वर्गीकरण, ओजोन, सल्फर–अपरूप, सल्फर के यौगिक–H_2s, सल्फर डाइ ऑक्साइड का विरचन, गुणधर्म और उपयोग, सल्फ्यूरिक अम्ल–औद्योगिक उत्पादन का प्रक्रम गुणधर्म और उपयोग, सल्फर के ऑक्सो अम्ल (केवल संरचनायें) सोडियम थायोसल्फेट।

वर्ग 17 के तत्व–सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थायें, उपलब्धता, भौतिक और रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियाँ, हैलोजनों के यौगिक, क्लोरीन और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का विरचन, गुणधर्म और उपयोग, अंतराहैलोजन यौगिक, हैलोजन के आक्साइड, हैलोजनों के ऑक्सी अम्ल (केवल संरचनायें)। विरंजक चूर्ण।

वर्ग 18 के तत्व–Xe के यौगिक सामान्य परिचय इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, भौतिक और रासायनिक गुणधर्मों में प्रवृत्तियाँ, उपयोग।

इकाई 7–d और f ब्लॉक के तत्व 03 अंक

सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, संक्रमण धातुओं के अभिलक्षण और उपलब्धता, संक्रमण धातुओं की प्रथम श्रेणी के गुणधर्मों में सामान्य प्रवृत्तियाँ, धात्विक अभिलक्षण, आयनन एन्थैल्पी, ऑक्सीकरण अवस्थायें, आयनिक त्रिज्या, वर्ण, उत्प्रेरकीय गुण, चुम्बकीय गुणधर्म, अंतराकाशी यौगिक, मिश्रधातु बनाना, $k_2Cr_2O_7$ और km_no_4 का विरचन, गुणधर्म।

लन्थेनाइड–इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थायें, रासायनिक अभिक्रियाशीलता, लैन्थेनायड आकुंचन और इसके प्रभाव।

एक्टिनॉयड–इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थायें तथा लैन्थेनाइड से तुलना।

इकाई 8–उपसहसंयोजन यौगिक 04 अंक

उपसहसंयोजन यौगिक–परिचय, लिगैन्ड, उपसहसंयोजन संख्या, वर्ण, चुम्बकीय गुणधर्म और आकृतियाँ, एक नाभिकीय उपसह संयोजन यौगिकों का IUPAC पद्धति से नामकरण, आबंधन, वर्नर का सिद्धान्त, VBT और CFT, संरचना एवं त्रिविम समावयवता, धातुओं के निष्कर्षण, गुणात्मक विश्लेषण और जैविक निकायों में उपसहसंयोजन यौगिकों का महत्व।

Aglasem Schools

रसायन विज्ञान **35 अंक**

द्वितीय प्रश्न-पत्र

भौतिक तथा कार्बनिक रसायन

इकाई 1–विलयन 05 अंक

विलयनों के प्रकार, ठोसों के द्रवों में बने विलयन की सान्द्रता को व्यक्त करना, गैसों की द्रवों में विलेयता, ठोस विलयन, अणु संख्या, गुणधर्म–वाष्प दाब का आपेक्षिक अवनमन, राउल्ट का नियम, क्वथनांक का उन्नयन, हिमांक का अवनमन, परासरण दाब, अणु संख्या गुणधर्मों द्वारा आण्विक द्रव्यमान ज्ञात करना, असामान्य आण्विक द्रव्यमान, वान्ट हाफ गुणांक एवं उस पर आधारित गणनायें।

इकाई 2–ऊष्मागतिकी 03 अंक

निकाय की अवधारणा, निकाय के प्रकार, परिवेश, कार्य, ऊष्मा ऊर्जा, विस्तीर्ण तथा गहन गुण, अवस्था फलन।

ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम–आन्तरिक ऊर्जा और एन्थैल्पी परिवर्तन (H), हेस का स्थिर ऊष्मा संकलन नियम, एन्थैल्पी–आबंध वियोजन, संभवन (विरचन), दहन, कणीकरण, ऊर्ध्वपातन, प्रावस्था रूपान्तरण, आयनन तथा विलयन, विशिष्ट ऊष्मा।

एन्ट्रापी का अवस्था फलन की भाँति परिचय, स्वतः प्रवर्तित और स्वतः अप्रवर्तित प्रक्रमों के लिये मुक्त ऊर्जा परिवर्तन, साम्य ऊष्मागतिकी का द्वितीय तथा तृतीय नियम।

इकाई 3–हैलोएल्केन और हैलोएरीन 04 अंक

हैलोएल्केन–नाम पद्धति, C-X आबंध की प्रकृति, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं की क्रियाविधि, कार्बोधनायन का स्थायित्व, R-S तथा D-L विन्यास क्लोरोफार्म के विरचन एवं भौतिक तथा रासायनिक गुणधर्म।

हैलोएरीन–C-X आबंध की प्रकृति, प्रतिस्थापन अभिक्रियायें (केवल मोनो प्रतिस्थापित योगिकों में हैलोजन का दैशिक प्रभाव, कार्बोधनायन का स्थायित्व, R-S तथा D-L विन्यास) क्लोरोबेन्जीन के विरचन एवं भौतिक एवं रासायनिक गुणधर्म।

डाइक्लोरोमेथेन, ट्राइक्लोरोमेथेन, टेट्राक्लोरोमेथेन, आयडोफार्म, फ्रिऑन और डी0डी0टी0 के उपयोग और पर्यावरण पर प्रभाव।

इकाई-4-ऐल्कोहाल, फीनॉल और ईथर 05 अंक

ऐल्कोहाल-नाम पद्धति, विरचन की विधियों, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म (केवल प्राथमिक ऐल्कोहालों का) प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक ऐल्कोहालों की पहचान करना, निर्जलन की क्रियाविधि, मेथनॉल एवं एथेनॉल के उपयोग।

फिनॉल-नाम पद्धति, विरचन की विधियों, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, फीनॉल की अम्लीय प्रकृति, इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाए, फीनॉल के उपयोग।

ईथर-नाम पद्धति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म उपयोग।

इकाई-5-ऐलीफैटिक ऐल्डिहाइड, कीटोन कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं ऐरोमैटिक एल्डिटाइड एवं कार्बोक्सिल्कि अम्ल 05 अंक

ऐल्डिहाइड और कीटोन-

नाम पद्धति, कार्बोनिल समूह की प्रकृति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, नाभिकरागी योगात्मक अभिक्रिया की क्रिया विधि, ऐल्डिहाइडों के ऐल्फा हाइड्रोजन की क्रियाशीलता, उपयोग फार्मेल्डहाइड, एसिटेल्डीहाइड तथा ऐसीटोन की प्रयोगशाला विधि एवं गुणधर्म।

एसीटिक अम्ल-नाम आक्सेलिक, अम्लीय प्रकृति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, उपयोग फार्मिक अम्ल, एसिटिक अम्ल एवं आक्सेलिक अम्ल तथा बेनजोइक अम्ल के विरचन एवं गुण।

इकाई-6-नाइट्रोजन युक्त कार्बनिक यौगिक 04 अंक

नाइट्रो यौगिक-विरचन की सामान्य विधियां और रासायनिक गुण। (नाइट्रोबेनजीन)।

ऐमीन-नाम पद्धति, वर्गीकरण, संरचना, एथिल अमीन एवं एनिलीन विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, उपयोग, प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक ऐमीनों की पहचान करना।

सायनाइड और आइसोसायनाइड-उचित स्थानों पर संदर्भ में दिये जायेगें।

डाइऐजोनियम लवण- विरचन रासायनिक अभिक्रियाए तथा संश्लेषण, कार्बनिक रसायन में महत्व।

इकाई-7-जैव अणु 06 अंक

कार्बोहाइड्रेट-वर्गीकरण (ऐल्डोज और कीटोज), मोनोसैकेराइड (ग्लूकोज और फ्रक्टोज), D-L विन्यास, ओलिगोसैकेराइड (सुक्रोज, लैक्टोज, माल्टोज) पॉलिसैकेराइड (स्टार्च, सेल्युलोज, ग्लाइकोजन) महत्व।

Aglasem Schools

प्रोटीन-ऐमीनों अम्लों का प्रारम्भिक परिचय, पेप्टाइड आवध, पॉलिपेप्टाइड, प्रोटीन, प्रोटीन की प्राथमिक संरचना, द्वितीयक संरचना, तृतीयक संरचना और चतुष्क संरचना (केवल गुणात्मक परिचय) प्रोटीनों का विकृतीकरण, एन्जाइम, लिपिड तथा हार्मोनों का वर्गीकरण एवं कार्य।

विटामिन-वर्गीकरण और प्रकार्य

न्यूक्लिक अम्ल-DNA और RNA

इकाई-8-बहुलक 03 अंक

वर्गीकरण-प्राकृतिक और संश्लेषित, बहुलकन की विधियां (योग और संघनन), सहबहुलकन, कुछ महत्वपूर्ण बहुलक प्राकृतिक एवं संश्लेषित जैसे पॉलीथीन, नाइलॉन, पॉलिएस्टर, बैकेलाइट, रबड़। जैव अपघटनीय एवं अन अपघटनीय बहुलक।

प्रायोगिक कार्य

परीक्षा का मूल्यांकन योजना	पूर्णांक
आयतनमितीय विश्लेषण (द्विपद अनुमापन)	10
लवण विश्लेंषण	06
विषय वस्तु आधारित प्रयोग	04
कक्षा का रिकार्ड तथा प्रोजेक्ट कार्य	05
मौखिक परीक्षा	05
	कुल योग 30

(i) पृष्ठ रसायन।

(ii) ऊष्मा रसायन।

(iii) वैद्युत रसायन।

(iv) वर्णलेखन।

(v) अकार्बनिक यौगिकों का विरचन।

(vi) कार्बनिक यौगिकों का विरचन।

(vii) कार्बनिक यौगिक में उपस्थित प्रकायत्मिक समूह का परीक्षण।

(viii) शुद्ध पदार्थों में कार्बोहाइट्रेट, वसा और प्रोटीन का अमिलाक्षणिक परीक्षा और दिये गये खाद्य पदार्थ में इनकी उपस्थिति की जांच करना।

(ix) निम्नलिखित के मानक विलयनों द्वार अनुमापन में km_no_4 के विलयन की सान्द्रता ज्ञात करना-(1) आक्सैलिक अम्ल (2) फेरस अमोनियम सल्फेट।

(x) गुणात्मक विश्लेषण (एक धनायन तथा एक ऋणायन)।

(xi) प्रोजेक्ट कार्य।

प्रायोगिक पाठ्यक्रम

(क) पृष्ठ रसायन-

(अ) एक द्रव रागी और एक द्रव विरागी सॉल बनाना।

द्रव रागी साल-स्टार्च, अंड एल्ब्यूनिस और गोद।

द्रव विरागी साल-ऐल्युमिनियम हाइड्राक्साइड, फेरिक हाइड्राक्साइड तथा आर्लीनियस सल्फाइड।

(ब) पायसीकरण कर्मकों की विभिन्न तेलों के पायसों के स्थाईकरण में भूमिका का अध्ययन।

(ख) ऊष्मा रसायन-

(i) कॉपर सल्फेट अथवा पोटैशियम नाइट्रेट की विलयन एन्थैल्पी।

(ii) प्रबल अम्ल (Hcl) और प्रबल क्षारक (Nao_4) की उदासीनीकरण एन्थैल्पी।

(iii) एसीटोन और क्लोरोफार्म के बीच अन्योन्य क्रिया (हाइड्रोजन आबंध बनाना) में एन्थेल्पी परिवर्तन ज्ञात करना।

(ग) वैद्युत रसायन-

Zn/Zn^{2+} ///Cu^{2+}/Cu कक्ष ताप पर वैद्युत अपघट्यो $CuSo_4$ अथवा $ZnSo_4$ की सान्द्रता परिवर्तन के साथ सेल विभव में परिवर्तन का अध्ययन।

Aglasem Schools

(घ) वर्णलेखन।

(ङ) अकार्बनिक यौगिकों का विरचन-

1-द्विलवण बनाना-फेरस अमोनियम सल्फेट अथवा पोटाश ऐलम।

2-पोटैशियम फेरिक आक्सलेट बनाना।

(च) कार्बनिक यौगिकों का विरचन-

निम्नलिखित में से किन्हीं दो यौगिकों का विरचन-

1-एसीटेनिलाइड।

2-p नाइट्रो ऐसीटेनिलाइड।

3-ऐनीलीन एलो या नेफ्थाल ऐनीलीन रजक।

4-आयडोफार्म।

(छ) कार्बनिक यौगिक में उपस्थित प्रकायीत्मक समूह का परीक्षण।

(ज) शुद्ध।

गुणात्मक विश्लेषण-

धनायन-Pb^{2+}, Cu^{2+}, As^{3+}, Fe^{3+}, Mn^{2+}, Zn^{2+}, Co^{2+}, Ni^{2+}, Ca^{2+}, Sr^{2+}, Ba^{2+}, Mg^{2+}, NH_4^+

ऋणायन-Co_3^{2-}, S^{2-}, So_4^{2-}, No_3^-, Cl^-, Br^-, I^-, Po_4^{3-}, $C_2O_4^{2-}$, CH_3Coo^-, No_2^-, So_3^{2-},

(अविलेय लवण न दिये जाय)

जीव विज्ञान

इसमें 35-35 अंक के दो प्रश्न-पत्र एवं 30 अंक का प्रयोगात्मक होगा।

प्रथम प्रश्न-पत्र (जन्तु विज्ञान)

इकाई संख्या	शीर्षक	अंक
1	आनुवंशिकी	10
2	जैव विकास	07
3	जैव प्रौद्योगिकी और उसके अनुप्रयोग	07
4	जीव विज्ञान एवं मानव कल्याण	07
5	जैव विविधता एवं संरक्षण	04
	कुल योग . .	**35**

इकाई-1-आनुवंशिकी 10 अंक

- वंशागति और विभिन्नताएं

- मेंन्डलीय वंशागति

- मेन्डलीय अनुपात से विचलनः अपूर्ण प्रभावित सह प्रभाविता, Multiple Alleles गुणनात्मक-विकल्पी रुधिर वर्गों की वंशागति, Pleiotropy

- बहुजीनी वंशागति का प्रारम्भिक ज्ञान

- वंशागति का कोमोसोमवाद

-क्रोमोसोम्स और जीन

Aglasem Schools

- **लिंग निर्धारण**
  - मनुष्य, पक्षी एवं मधुमक्खी
- **सहलग्नता और जीव विनिमय** (Linkage व Crossing Over)
  - लिंग सहलग्न वंशागति-हीमोफीलिया, वर्णान्धता
- **मनुष्य में मेंडेलियन व्यतिक्रम**
  - मनुष्य में गुणसूत्रीय व्यतिक्रम
  - डाउन सिन्ड्रोम, टर्नर व क्लीनफैल्टर सिन्ड्रोम
- **आनुवांशिक पदार्थ के लिए खोज एवं डी0एन0ए0 एक आनुवांशिकी पदार्थ**

  डी0 एन0 ए0 व आर0 एन0 ए0 की संरचना

  DNA Packaging

  DNA replication (प्रतिकृतियन)

  Central dogoma

  अनुलेखन, आनुवांशिक कोड, अनुरूपण (Transcription, Genetic Code, Translation)
- जीन अभिव्यक्ति एवं नियमन
- जीनोम और धान जीनोम व मानव जीनोम प्रोजेक्ट
- डी0 एन0 ए0 फिंगर प्रिंटिंग

इकाई-2-जैव विकास 07 अंक

- जीवन की उत्पत्ति
- जैव विकास एवं जैव विकास के प्रमाण-पुराजीवी प्रमाण, तुलनात्मक शरीर रचना, भ्रौणिकी एवं आणविक प्रमाण
  - डार्विन का योगदान, विकास का आधुनिक संश्लेषणात्मक सिद्धान्त
  - -हार्डी वेनबर्ग सिद्धान्त
  - विकास की क्रिया विधि-विभिन्नताएं उत्परिवर्तन और पुनर्योजन (Mutation & Recombination) एवं प्राकृतिक चयन (उदाहरण सहित) प्राकृतिक चयन के प्रकार
  - जीन प्रवाह एवं आनुवांशिक अपवाह (Genetic drift)
  - अनुकूली विकिरण
  - मानव का विकास

इकाई-3-जैव प्रोद्यौगिकी और उसके अनुप्रयोग 07 अंक

- **जैव प्रोद्यौगिकी के सिद्धान्त एवं प्रक्रियाएं**
  - आनुवांशिक इंजीनियरिंग (पुनर्योगज DNA तकनीक)
- **जैव प्रोद्यौगिकी का स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुप्रयोग**
  - मानव इंसुलिन और वैक्सीन उत्पादन, जीन चिकित्सा
  - जैव सुरक्षा समस्याएं
  - बायोपाइरेसी एवं पेटेंट

Aglasem Schools

इकाई-4-जीव विज्ञान एवं मानव कल्याण 07 अंक

- **स्वास्थ्य एवं रोग**
  - प्रतिरक्षा विज्ञान की मूलभूत संकल्पनाएं-टीके
  - रोगजनक (Pathogens) मानव में रोग उत्पन्न करने वाले परजीवी- (मलेरिया, फाइलेरिएसिस, एस्केरिएसिस, टाइफाइड, न्यूमोनिया, जुकाम, अमिबाइसिस, रिंगवार्म), डेंगू, स्वाइन फ्लू, चिकनगुनिया
  - कैंसर एच0आई0वी0 और एड्स
  - स्टेम कोशिकाओं अंग प्रत्यारोपण का संक्षिप्त ज्ञान
  - यौवनावस्था- नशीले पदार्थ और एल्कोहाल का अतिप्रयोग
- **कीट और मानव कल्याण**
  - रेशम, शहद, लाख
- **मानव कल्याण में सूक्ष्म जीव**
  - घरेलू खाद्य उत्पादों में, औद्योगिक उत्पादन, वाहित मल उपचार, ऊर्जा उत्पादन, जैव नियंत्रक कारक एवं जैव उर्वरक।

इकाई-5-जैव विविधता एवं संरक्षण 04 अंक

- खतरे एवं जैव विविधता संरक्षण की आवश्यकता।
- हाट स्पाट, संकटग्रस्त जीव, विलुप्ति, रैड-डाटा बुक।
- जैव विविधता का संरक्षण- बायोस्फीयर रिजर्व, नेशनल पार्क एवं सैन्चुरीज।

द्वितीय प्रश्नपत्र

(वनस्पति विज्ञान)

इकाई संख्या	शीर्षक	निर्धारित अंक
1	पादक कार्यिकी	15
2	पौधों में जनन	07
3	पारिस्थितकी और पर्यावरण	08
4	खाद्य उत्पादन में सुधार	05
	कुल योग . .	**35**

इकाई-1-पादप कार्यिकी एवं जनन 15 अंक

पौधों में परिवहन (Transportation in Plants)

* जल, भोजन, पोषक पदार्थ और गैसों का संचलन

* Cell to Cell transport (कोशिकीय परिवहन)

- विसरण, सहज विसरण (Faciliated diffusion) सक्रिय परिवहन (Active Transport)

* पादप जल सम्बन्ध

- अन्तः शोषण, जल विभव, परासरण, जीवद्रव्य कुंचन

* लम्बी दूरी का परिवहन (Long distance Transport)

- एपोप्लास्ट सिम्प्लास्ट, मूलदाब, वाष्पोत्सर्जनाकर्षण (Transpiration Pull)

* वाष्पोत्सर्जन एवं बिन्दुस्त्रवण

- स्टोमेटा का खुलना एवं बन्द होना

Aglasem Schools

- K^+ आयन का कार्य

* खनिज लवणों का अर्न्तग्रहण एवं परिवहन

- जाइलम एवं फ्लोएम द्वारा परिवहन

* पौधे और खनिज पोषण

- आवश्यक खनिज बड़े एवं सूक्ष्म पोषक तत्व एवं उनका कार्य

- कमी के लक्षण

- खनिज लवणीय विषाक्तता (Mineral Toxicity)

- हाइड्रोपोनिक्स का प्रारम्भिक ज्ञान - खनिज पोषण के अध्ययन की एक विधि के रूप में

- नाइट्रोजन उपापचय - नाइट्रोजन चक्र, जैवीय नाइट्रोजन - स्थरीकरण।

* पौधों में श्वसन

- गैसों का आदान- प्रदान

- कोशिकीय श्वसन - ग्लाइकोलिसिस, किण्वन (अवायवीय) TCA चक्र एवं इलेक्ट्रान स्थानान्तरण तंत्र (वायवीय)

- ऊर्जा सम्बन्ध - उत्पादित ATP अणुओं की संख्या

- Amphibiotic pathways.

- पोषक तत्वों का श्वसन गुणांक

* प्रकाश संश्लेषण

- स्वपोषी पोषण

- प्रकाश संश्लेषण का क्षेत्र

- प्रकाश संश्लेषी वर्णक (प्रारम्भिक ज्ञान)

- प्रकाश रासायनिक एवं जैव संश्लेषी प्रावस्था

- चक्रीय एवं अचक्रीय फास्फोराइलेशन

- रसायनी परासरण परिकल्पना

- प्रकाशीय श्वसन

- C_3C_4 Pathway.

- प्रकाश संश्लेषण को प्रभावित करने वाले कारक

- सीमाकारी कारकों का सिद्धान्त

* पादप वृद्धि एवं परिवर्धन

- पादप वृद्धि की प्रावस्थाएं एवं वृद्धि दर

- वृद्धि की परिस्थितियां -

- विभेदीकरण, विविभेदीकरण, पुनर्विभेदीकरण (Differentiation) De-differentiation एवं Redifferentiation.

- पादप कोशिका के विकास का वृद्धि क्रम

- वृद्धि नियंत्रक - आक्सिन, जिबरेलिन, साइटोकाइनिन, इथाइलीन, एब्सीसिक अम्ल (ABA)

- Photomorphogenesis including brief account of phytochromes (प्रारम्भिक ज्ञान)

- बीजों का अंकुरण

Aglasem Schools

- बीज प्रसुप्तावस्था
- बसन्तीकरण
- दीप्तिकालिता

इकाई-2-पौधों में जनन 07 अंक

- जनन-जीवों का प्रमुख लक्षण जो जातियों की निरन्तरता बनाए रखने में सहायक
- जनन की विधियां - अलैंगिक और लैंगिक

- **अलैंगिक जनन**
  - एकल जीव जनन,
  - विधियां - द्विविभाजन, बीजाणुजनन, मुकुलन, जैम्यूल (कलिका), खंडीभवन, पुररूद्भवन
  - पौधों में कायिक जनन
  - माइक्रोप्रोपोगेशन
- **पुष्पी पौधों में लैंगिक जनन**
  - पुष्प की संरचना
  - नर एवं मादा युगमकोभिद का विकास
  - परागण- प्रकार, एजेन्सीज एवं उदाहरण
  - बहिः प्रजनन युक्तियां
  - पराग-स्त्री केसर संकर्षण (पारस्परिक क्रिया)
  - दोहरा निषेचन
  - निषेचन - पश्च घटनाएं
  - भ्रूणपोष एवं भ्रूण का परिवर्धन
  - बीज का परिवर्धन एवं फल का निर्माण
  - बीज का विकास
  - फल का निर्माण
  - विशेष विधियां - असंगजनता (Apomixis) अनिषेकफलन (Parthenocarpy), बहुभ्रूणता (Polyembryony)
  - बीज एवं फल निर्माण का महत्व

इकाई-3-पारिस्थितिकी और पर्यावरण 08 अंक

- **पारिस्थितिकी पर्यावरण, वासस्थान एवं कर्मता (Niche) का अर्थ**
  - जीव और पर्यावरण
- **समष्टि एवं पारिस्थितिकी अनुकूलन**
  - समष्टि पारस्परिक क्रियाएं - सहोपकारिता (Mutualism), प्रतिस्पर्धा। (Competition), परभक्षण (Predation), परजीविता (Parasitism)
  - समष्टि गुण-वृद्धि जन्म दर, मृत्युदर, आयु वितरण
- **पारितंत्र**
  - प्रकार, घटक, ऊर्जा प्रवाह, पोषक तत्वों का चक्रीकरण (कार्बन और फास्फोरस चक्र), अपघटन और उत्पादकता
  - जीव संख्या, भार एवं ऊर्जा के पिरामिड
  - पारिस्थितिक अनुक्रमण (Ecological Succession)
  - पारितंत्र सेवाएं : कार्बन स्थिरीकरण, परागण आक्सीजन अवमुक्ति

Aglasem Schools

- **पर्यावरण के मुद्दे** (Environmental Issues)
  - वायु प्रदूषण एवं इसका नियंत्रण
  - जल प्रदूषण एवं उसका नियंत्रण
  - कृषि रसायन एवं उनके प्रभाव
  - ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन
  - रेडियोएक्टिव अपशिष्ट प्रबन्धन
  - ग्रीन हाउस प्रभाव एवं वैश्विक तपन
  - ओजोन अवक्षय, वनोन्मूलन
  - पर्यावरणीय समस्याओं से सम्बन्धित कोई तीन Case-Studies.

इकाई-4-खाद्य उत्पादन में सुधार 05 अंक

- पादप प्रजनन, ऊतक- संवर्धन, एकल कोशिका प्रोटीन
- जैव प्रबलीकरण (Biofortification)
- आनुवंशिकीय रूपान्तरित जीव - बीटी फसलें

प्रयोगात्मक परीक्षा

अंक-30 न्यूनतम उत्तीर्णांक-30

वाह्य परीक्षक

1-सेक्शन काटना (01 अंक सेक्शन, 01 अंक चित्र, 01 अंक वर्णन पर)	03 अंक
2-वनस्पति सज्जा	01 अंक
3-पुष्प कुल	02 अंक
4-स्पाट पहचान (03 अंक जंतु, 03 अंक वनस्पति)	06 अंक
5-मौखिकी	03 अंक

आंतरिक परीक्षक

1-प्रोजेक्ट कार्य व उस पर आधारित मौखिकी	4+1 = 05 अंक
2-प्राणि एवं वनस्पति शरीर क्रिया विज्ञान (एक जंतु शरीर एवं एक वनस्पति शरीर क्रिया विज्ञान प्रयोग)	2+2 = 04 अंक
3-सत्रीय कार्य एवं संग्रह	06 अंक
	योग 15 अंक

नोट-छात्रों का मूल्यांकन आन्तरिक एवं वाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। अभ्यास पुस्तिका एवं प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों द्वारा परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा-

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

Aglasem Schools

प्रयोग सूची-

1-द्विबीजपत्री और एक बीज पत्री जड़ और तने की अनुप्रस्थ काट तैयार करना और उनका अध्ययन करना।

2-चार सामान्य पुष्पी पौधों (क्रूसीफेरी), सोलेनेसी, फेबेसी लिलिएसी का अध्ययन एवं वर्णन, पुष्प का विच्छेदन एवं पुष्पीय चक्रों का प्रदर्शन तथा परागकोष एवं अंडाशय के कक्षों का प्रदर्शन।

3-समसूत्री विभाजन का अध्ययन करने के लिए प्याज के मूलाग्र की अस्थायी, स्लाइड बनाना।

4-मानव रूधिर की स्लाइड का निर्माण तथा रूधिर कोशिकाओं की पहचान।

5-पेपर क्रोमेटोग्राफी द्वारा पादप वर्णकों को पृथक करना।

6-ल्यूकोप्लास्ट, क्लोरोप्लास्ट, क्रोमोप्लास्ट का आरोपण।

7-आलू के परासरणमापी द्वारा परासरण प्रक्रिया का अध्ययन।

8-पत्ती की ऊपरी और निचली सतहों पर वाष्पोत्सर्जन की दर का तुलनात्मक अध्ययन।

9-प्रकाश संश्लेषण के लिए प्रकाश, कार्बन डाई आक्साइड, क्लोरोफिल की आवश्यकता।

10-अंकुरणशील बीजों में श्वसन की दर का अध्ययन।

11-प्रकाश अनुवर्तन का प्रदर्शन।

12-बीजों किशमिश में अन्तःशोषण प्रक्रिया का अध्ययन।

13-कम से कम दो स्थानों से मृदा एकत्र कर उसमें मृदा की बनावट, pH, जल धारण क्षमता एवं उसमें पाये जाने वाले पौधों में सहसम्बन्ध का अध्ययन।

14-क्वाड्रेट विधि द्वारा पादप समष्टि घनत्व का अध्ययन।

टिप्पणी-प्रत्येक विद्यार्थी के पास जीव विज्ञान की एक प्रयोगात्मक नोटबुक होगी जिसमें प्रयोगात्मक कार्य का दैनिक रिकार्ड दर्ज किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को संग्रह एवं चार्ट तैयार करने का कार्य भी दिया जाय और प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत किया जाय। शिक्षक छात्रों की रूचि को दृष्टिगत रखते हुए पाठ्यक्रमानुसार प्रोजेक्ट कार्य का विषय निर्धारित कर सकते हैं।

निम्नलिखित का अध्ययन/प्रेक्षण (Spotting)

1-विभिन्न कारकों वायुकीट के द्वारा परागण के लिये पुष्पों में पाये जाने वाले अनुकूलनों का अध्ययन करना।

2-एक स्थायी स्लाइड की सहायता से वर्तिकाग्र पर पराग अंकुरण का अध्ययन करना।

3-किसी पौधे के विभिन्न रंग एवं आकार के बीजों की सहायता से मेंडलीय वंशागति का अध्ययन करना।

4-तैयार वंशावली चार्ट की सहायता से अनुवांशिक विशेषताओं जैसे जीभ को गोल करना, रुधिर वर्ग, विंडोपीक, वर्णान्धता का अध्ययन करना।

5-नियंत्रित परागण-बंध्यीकरण, टैगिंग और बैगिंग पर अभ्यास।

6-स्थायी स्लाइड अथवा प्रतिरूपों की सहायता से सामान्य रोगकारक जंतु जैसे एस्केरिस, एंटअमीबा, प्लाजमोडियम, रिंगवर्म की पहचान। उनके द्वारा उत्पन्न रोगों के लक्षणों पर टिप्पणी लिखना।

7-मरुद्भिदी एवं जलीय परिस्थितियों में पाये जाने वाले दो-दो पौधों और जंतुओं का अध्ययन एवं उनके अकारिकीपरक अनुकूलनों पर टिप्पणी करना।

8-प्रतिरूपों का अध्ययन एवं पहचान-अमीबा कोई स्पंज, हाइड्रा, लीवर फ्लूक, स्कैरिस, जोंक, केंचुआ, झींगा, रेशम कीट, पाइला, स्नेल स्टारफिश, शार्क, रोहू, मेढक, छिपकली, कबूतर, खरगोश।

9-प्रतिरूपों का अध्ययन एवं पहचान-जीवाणु, आक्सीलिटोरिया स्पाइरोगायज्ञराइजोपस, मशरूम, ईस्ट, लीवरवर्ट, प्रांस, फर्न, पाइन, एक एक बीजपत्री एवं द्विबीजपत्री पौधा।

(ग) वाणिज्य वर्ग

बहीखाता तथा लेखाशास्त्र

प्रथम प्रश्न-पत्र में साझेदारों के खाते से सम्बन्धित प्रश्न अनिवार्य रूप से पूछे जायेंगे तथा ''अन्तिम खाते'' से सम्बन्धित प्रश्न अनिवार्य रूप से नहीं पूछे जायेंगे।

दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक के अंक 50 और समय तीन घण्टे का होगा।

Aglasem Schools

प्रथम प्रश्न-पत्र **50 अंक**

1-साझेदारी से खाते (साझेदार का प्रवेश, अवकाश ग्रहण, मृत्यु तथा विघटन से सम्बन्धित खाते)। 20

2-अंश आशय प्रकार, अंशों के निर्गमन हरण व पुनर्निगमन सम्बन्धी लेखे। पूर्वाधिकारी अंशों का शोधन। 15

3-ऋण-पत्र आशय प्रकार, निर्गमन व शोधन सम्बन्धी प्रविष्टियां व खाते। 15

द्वितीय प्रश्न-पत्र **50 अंक**

1-कम्पनी के अन्तिम खाते (व्यापार, लाभ-हानि खाता, लाभ-हानि नियोजन खाता, आर्थिक चिट्ठा) कम्पनी अधिनियम के अनुसार। 20

2-ह्रास आशय, विभिन्न विधियां। विनियोग खाते। लागत लेखांकन का परिचय। 15

3-गैर व्यावसायिक संस्थाओं के खाते (प्राप्ति व भुगतान खाते एवं आय-व्यय खाते) अनुपात विश्लेषण का सामान्य अध्ययन। 15

निर्धारित पुस्तकें-

कोई पुस्तक निर्धारित नहीं है। संस्था के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तक का चयन कर लें।

व्यापारिक संगठन एवं पत्र-व्यवहार

इस विषय में दो प्रश्न-पत्र होंगे तथा प्रत्येक के अंक 50 और समय तीन घंटे का होगा-

प्रथम प्रश्न-पत्र **50 अंक**

1-देशी व्यापार, बीजक व बिक्रय विवरण तैयार करना (हिन्दी अथवा अंग्रेजी में)। 15

2-विदेशी व्यापार बीजक एवं आयात निर्यात व्यापार। 15

3-व्यवसाय प्रबन्ध, क्षेत्र एवं महत्व। प्रबन्धक के कार्य, व्यापारिक कार्यालय की कार्यविधि नस्तीकरण की मुख्य प्रणालियां। 20

द्वितीय प्रश्न-पत्र **50 अंक**

इकाई-1-व्यापारिक-पत्र। 10

इकाई-2शासकीय-पत्र। 10

इकाई-3-नियुक्ति हेतु प्रार्थना-पत्र समाचार-पत्रों में प्रकाशनार्थ रिपोर्ट एवं विज्ञप्ति। 10

इकाई-4-पूंजी बाजार का अर्थ संगठन, समस्यायें एवं नियंत्रण। पूंजी बाजार सम्बन्धी शब्दावली। 20

पुस्तकें-

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

अधिकोषण तत्व

दो प्रश्न-पत्र होंगे-प्रत्येक में अंक 50 और समय 3 घण्टे होंगे।

प्रथम प्रश्न-पत्र

1-अधिकोषण-परिभाषा, उत्पत्ति और विकास। बैकिंग व्यवसाय का संगठन। बैंक के कार्य जमा, ऋण तथा अन्य सेवायें। चालू स्थायी और बचत खाते। बैंक बिल, प्रतिज्ञा-पत्र तथा हुण्डियों का विस्तृत अध्ययन बैंकों द्वारा चेकों और बिलों का समाशोधन। 30

2-बैंकों द्वारा पूंजी का प्रयोग, नकद कोष, विनियोजन तथा ऋणदान। ऋण हेतु दी जाने वाली जमानतें, बैंकों का आर्थिक चिट्ठा। बैंक विफलता और बैंक संकट। भारत में बैंकों का संकट काल। 20

द्वितीय प्रश्न-पत्र

1-भारतीय अधिकोषण-भारत में बैकिंग व्यवसाय का विकास, कृषि औद्योगिक एवं व्यापारिक बैंकों की अर्थ व्यवस्था, ऋणदाता, देशी बैंकर और सहकारी साख समितियां। चिटफण्ड तथा सरकारी तकावी। भूमि बन्धक बैंक, औद्योगिक बैंक, भारतीय संयुक्त स्कन्ध बैंक, विदेशी विनिमय बैंक, स्टेट बैंक आफ इण्डिया, रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, डाक घर की बैंक सम्बन्धी सेवा। 30

2-भारतीय मुद्रा बाजार-इसके मुख्य अंग, दोष एवं सुधार, भारतीय बैंकिंग विकास की रूपरेखा। 20

पुस्तकें-कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

Aglasem Schools

औद्योगिक संगठन

इसमें 50-50 अंकों के दो प्रश्न-पत्र और समय 3 घण्टे होंगे।

प्रथम प्रश्न-पत्र

1-भारत में कृषि की स्थिति एवं समस्यायें। 6

2-कृषि पर आधारित ग्रामीण उद्योग। 6

3-भारत में ग्रामीण क्षेत्र के स्वावलंबन की प्रक्रिया। 6

4-भारतवर्ष में ग्रामों के आर्थिक संगठन में परिवर्तन का भाव। 6

5-भारतीय कृषक की आर्थिक स्थिति एवं प्राकृतिक विपत्तियों को दूर करने के सुझाव। 8

6-ग्रामीण बेरोजगारी एवं निदान के उपाय। 6

7-ग्रामीण ऋण गुरुतता। 6

8-समाज सुधार के उपाय। 6

द्वितीय प्रश्न-पत्र

1-शासन और भारतीय कृषि का अन्तर्सम्बन्ध। 6

2-तकाबी ऋण-आशय प्रभाव। 6

3-सिंचाई के साधन। 6

4-कृषि उत्पादों की मांग-आशय, आवश्यकता, महत्व। 6

5-कृषि अन्तर्वेषण एवं शिक्षा। 6

6-भारतीय कृषि के दोष-उनके सुधार के उपाय। 6

7-भारतीय निर्माण उद्योग-आशय, महत्व। 6

8-उत्तर प्रदेश के प्रमुख ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग धंधे-आशय, वर्तमान स्थिति, समस्यायें एवं प्रगति। 8

पुस्तक-कोई पुस्तक निर्धारित व संस्तुत नहीं है। संस्था के प्रधान, विषय अध्यापक के परामर्श से उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल

दो प्रश्न-पत्र होंगे-प्रत्येक में अंक 50-समय 3 घण्टे।

प्रथम प्रश्न-पत्र-अर्थशास्त्र

1-विनिमय-वस्तु विनिमय, क्रय-विक्रय। मुद्रा धातु एवं कागजी मुद्रा। मांग तथा पूर्ति अनुसूची तथा वक्र रेखायें। मांग पूर्ति का पारस्परिक सम्बन्ध और मूल्य निर्धारण, अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन स्थिति में तथा पूर्ण-अपूर्ण स्पर्धा में मांग और पूर्ति का संतुलन। 25

2-सहकारिता-सहकारिता के सिद्धान्त, सहकारी संस्थाओं के प्रकार, केन्द्रीय सहकारी बैंक, प्रदेशीय सहकारी बैंक। 15

3-वितरण-लगान, ब्याज, मजदूरी और लाभ। 10

द्वितीय प्रश्न-पत्र-वाणिज्य भूगोल

भारत के वाणिज्य भूगोल का निम्न स्तर पर विस्तृत अध्ययन-

(1) कृषि साधन, मिट्टी, जलवायु, सिंचाई, फसलों की उपज तथा उनका व्यापार। 7

(2) वन, वनों का आर्थिक महत्व और उनसे प्राप्त उपज, प्रयोग। 7

(3) खनिज पदार्थ और उसका प्रयोग। 6

(4) जल शक्ति और उनका प्रयोग। 6

(5) महत्वपूर्ण निर्माण कला उद्योग और उनका स्थायीकरण। 6

Aglasem Schools

(6) कुटीर उद्योग धन्धे। 6

(7) यातायात के साधन, बन्दरगाह। 6

(8) भारत के विदेशी व्यापार की प्रकृति एवं लक्ष्य। 6

पुस्तकें-कोई भी पुस्तक संस्तुत नहीं की गयी है। संस्था के प्रधान, विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी

दो प्रश्न-पत्र-प्रत्येक प्रश्न-पत्र में तीन घंटा समय और 50 अंक होंगे।

प्रथम प्रश्न-पत्र-(गणित)

1-बीजगणित **50 अंक**

वर्ग समीकरण का सिद्धान्त, समान्तर, गुणात्मक, हरात्मक श्रेणियां, क्रम समय और संचय, द्विपद और घातीय प्रमेय, लघुगणकीय श्रेणियां, लघुगणकीय सारणी का प्रयोग यदि आवश्यकता हो तो किया जा सकता है।

नोट-बीजगणित के लिये कोई भी पुस्तक प्रतिपादित नहीं की गयी है।

द्वितीय प्रश्न-पत्र (सामान्य सांख्यिकी) 50 अंक

1-सामग्रीका संग्रहण, सामग्री का वर्गीकरण, सारणीकरण एवं निष्कर्ष/ग्राफ और आरेख (Diagrams) द्वारा प्रस्तुतीकरण, सांख्यिकीय माध्य (Average), प्रसार (Dispersion), विषमता (Skewness), सूचकांक (Index number)।

टिप्पणी-सैद्धान्तिक प्रश्नों का भार 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और सैद्धान्तिक भाग में आन्तरिक विकल्प अवश्य रहेगा।

पुस्तकें-कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान, विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

बीमा सिद्धान्त एवं व्यवहार

इसमें 50-50 अंकों के दो प्रश्न-पत्र तीन-तीन घंटे के होंगे।

प्रथम प्रश्न-पत्र

1-सामान्य बीमा संगठन एवं प्रशासन। 6

2-बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण। 6

3-अग्नि बीमा की परिभाषा एवं कार्य। 6

4-अग्नि बीमा संविदा के आवश्यक तत्व। 6

5-अग्नि बीमा कराने की विधि एवं दावों का निपटारा। 6

6-अग्नि बीमा में प्रीमियम निर्धारण। 6

7-अग्नि बीमा-पत्रों के प्रकार। 6

8-अग्नि बीमा की शर्तें। 8

द्वितीय प्रश्न-पत्र

1-सामुद्रिक बीमा की परिभाषा एवं क्षेत्र-(विषय वस्तु)। 8

2-सामुद्रिक बीमा संविदा के आवश्यक नियम। 6

3-सामुद्रिक बीमा कराने की विधि। 6

4-सामुद्रिक बीमा-पत्रों के प्रकार एवं प्रीमियम निर्धारण। 6

5-सामुद्रिक बीमा के वाक्यांश। 6

6-सामुद्रिक हानियां। 8

Aglasem Schools

7-बीमा विधान, 1938 का संक्षिप्त परिचय। 6

8-विविध बीमा जैसे- 4

(1) फसल बीमा (Crop Insurance)।

(2) पशु बीमा (Cattle Insurance)।

(3) चोरी बीमा (Theft Insurance)।

(4) गाड़ी बीमा (Vehicle Insurance)।

पुस्तकें-कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। संस्था के प्रधान पाठ्यक्रम के अनुरूप विषय अध्यापक के परामर्श से पुस्तक का चयन कर लें।

(घ) कृषि वर्ग

भाग-1

(प्रथम वर्ष)

हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी-

हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी विषय के पाठ्यक्रम व पुस्तकों की स्थिति वही रहेगी जो इस विवरण-पत्रिका में अनिवार्य विषय के अन्तर्गत ''मानविकी वर्ग'' के लिये निर्धारित है। परन्तु हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी विषय की परीक्षा कृषि, भाग-एक (प्रथम वर्ष) में नहीं ली जायेगी। इस विषय की परीक्षा कृषि, भाग-दो (द्वितीय वर्ष) में दो वर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर ली जायेगी।

कृषि भाग-दो (द्वितीय वर्ष)

षष्ठम् प्रश्न-पत्र

शस्य विज्ञान (सिंचाई, जल निकास एवं शाक तथा फल संवर्धन)-

1-सिंचाई तथा जल निकास-फसलों को पानी की आवश्यकता, जलमान प्रस्ताव एवं उसका मृदा गठन से सम्बन्ध, सिंचाई जल के अपव्यय की रोकथाम, सिंचाई जल के गुण और उनके प्रभाव। 10

2-**सिंचाई की प्रणालियां एवं विधियां-**भराव सिंचाई, थाला विधि, बौछारी सिंचाई, ड्रिप सिंचाई, उठाव सिंचाई एवं तोड़ सिंचाई, पट्टी सिंचाई (वार्डर विधि) प्रत्येक के लाभ और सीमायें। 05

3-सिंचाई जल की माप-बी कटाव एवं कुलावा हेक्टेयर, से0 मी0, मीटर माप की प्रणाली। 05

4-**जल निकास की आवश्यकता-**मिट्टी में अति नमी से हानियां, भूमि विकार एवं सुधार (क्षारीय तथा अम्लीय मिट्टियां, उनका बनना, रोकथाम एवं सुधार, प्रक्षेत्र फार्म) प्रबन्ध की सामान्य जानकारी। 05

5-दैवी आपदायें-बाढ़, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, उपलवृष्टि, भूकम्प आदि का स्वरूप, संवेदनशील क्षेत्र, हानि, नियंत्रण के उपाय। 05

6-**शाक तथा फल संवर्द्धन-**निम्नलिखित शाकों तथा फलों की फसलों का अध्ययन, संस्तुत प्रजातियां तथा उनके मुख्य गुण, प्रदेश के उपयुक्त क्षेत्र, बोने का समय, बीज बोने की विधि, खाद देना, सिंचाई करना, रोग एवं कीट पहचान एवं निवारण, उपज एवं बीजोत्पादन। 20

(क) गोभी वर्गीय फसलें-फूल गोभी, पत्ता गोभी, गांठ गोभी।

(ख) बल्व फसलें-प्याज, लहसुन।

(ग) कुकुरबिट-करेला, लौकी, खरबूजा, कद्दू, तुरई।

(घ) जड़ फसलें-गाजर, मूली, शकरकन्द, शलजम।

(ङ) मशरूम की खेती।

(च) लेग्यूम-मटर।

(छ) मसाले-लाल मिर्च।

(ज) विविध-बैगन, भिण्डी, टमाटर।

(झ) केला, सेव, लीची, बेर, आम, अमरूद, नींबू, पपीता, आडू।

(ञ) पुष्प उत्पादन-गेंदा, गुलाब, गुलदाउदी।

Aglasem Schools

प्रयोगात्मक

शाक फसलों को उगाना और उनकी बाद की देखभाल, नर्सरी तैयार करना और उनके बीज उत्पादन (सिद्धान्त) निम्नलिखित क्रियाओं में अभ्यास-

(क) एक वर्षीय शाक फसलों की बीज शायिका की विभिन्न यंत्रों द्वारा तैयारी।

(ख) हाथ तथा बैलों से चलित यंत्रों द्वारा अंतरकर्षण।

(ग) प्रतिचयन विधि से उपज का अनुमान।

(घ) विभिन्न विधियों से सिंचाई तथा सिंचाई की लागत।

(ङ) खाद तथा उर्वरकों के शाक फसलों के संदर्भ में प्रयोग की विधियां।

(च) शाक-भाजी के बीज तथा सम्बन्धित खर-पतवारों की पहचान।

(छ) शाक-भाजी के मुख्य बीमारियों तथा कीटों की पहचान।

(ज) बीमारियों तथा कीड़ों के निवारण के लिये दवाइयों का घोल बनाना तथा डस्टर एवं स्प्रेयर का प्रयोग।

छात्र राजकीय फार्मों तथा किसानों के शाक फार्मों में अध्ययन करने भ्रमणार्थ जायेंगे। प्रयोगात्मक कार्य, फसलों का मुख्य अवलोकनों तथा भ्रमण स्थानों के अध्ययन का अभिलेख रखा जायेगा।

पुस्तकें-

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तक का चयन कर लें।

शस्य विज्ञान (कृषि भाग-दो)

अधिकतम अंक : 50 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 16 समय : 03 घंटा

1-वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन - 25 अंक	**निर्धारित अंक**
1-बीज शैय्या का निर्माण	13 अंक
2-मौखिकी	08 अंक
3-(क) आंकिक प्रश्न द्वारा खाद की गणना करना-	02 अंक
(ख) फसलों की सिंचाई से सम्बन्धित आंकिक प्रश्न-	02 अंक
2-आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन - 25 अंक	
1-बीज, खर-पतवार, खाद तथा फसलों की पहचान	10 अंक
2-अभ्यास पुस्तिका	08 अंक
3-प्रोजेक्ट	07 अंक

नोट-अभ्यास पुस्तिका एवं प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों द्वारा परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा-

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

सप्तम प्रश्न-पत्र

(कृषि-अर्थशास्त्र)

सिद्धान्त

1-प्रारम्भिक अर्थशास्त्र-सिद्धान्त, अर्थशास्त्र का अर्थ और क्षेत्र, अन्य विज्ञानों से सम्बन्ध, राष्ट्रीय नियोजन में कृषि अर्थशास्त्र का महत्व। 15

उत्पादन के उपादान, प्रतिफल नियम, प्रदेश के प्रमुख उत्पादन आंकड़े-

भूमि-इसकी विशेषतायें, भूमि का उत्पादन के साधन के रूप में महत्व, सघन तथा विस्तृत खेती।

श्रम-श्रम की विशेषतायें, श्रम का संयोजन, श्रम की दक्षता, गतिशीलता।

Aglasem Schools

पूंजी–पूंजी का वर्गीकरण, कृषि में पूंजी का महत्व।

संगठन–प्रबन्ध और उत्तम कृषि उत्पादन के उपादानों का संयोजन।

(2) विनिमय–परिभाषा एवं प्रकार, विनिमय के लाभ, बाजार के प्रकार, बाजार और सामान्य मूल्य, मांग और पूर्ति का नियम, मूल्य का सिद्धान्त, द्रव्य, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धान्त। 10

(3) वितरण–परिभाषा एवं निर्धारण के सिद्धान्त-लगान, मजदूरी, ब्याज और लाभ। 05

(4) उपभोग–परिभाषा, आवश्यकतायें उनके लक्षण, ह्रासमान, तुष्टिगुण नियम, मांग का नियम, मूल्य सापेक्षता और जीवन स्तर। 05

(5) सहकारिता का प्रारम्भिक ज्ञान, सहकारिता के सिद्धान्त, विभिन्न प्रकार की सहकारी समितियां, उनके संगठन एक धंधी बनाम बहुधंधी सहाकरी समितियां, भूमि विकास बैंक एवं ग्रामीण बैंकों का कृषि में योगदान। 05

(6) प्रारम्भिक ग्रामीण समाजशास्त्र, ग्राम जीव का उद्‌भव और विकास, ग्रामों का सामाजिक गठन, विभिन्न सामुदायिक संस्थाओं के कार्य, ग्राम शिक्षा, सामाजिक गतिशीलता तथा सामाजिक परिवर्तन। जनसंख्या दबाव एवं बेरोजगारी समस्या का समाधान। ग्राम पंचायत का गठन एवं ग्राम विकास में योगदान। 05

(7) पंचवर्षीय योजना में कृषि का स्थान, प्रदेश में कृषि उत्पादन के प्रमुख आंकड़े। 05

पुस्तकें-

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तक का चयन कर लें।

अष्टम् प्रश्न-पत्र

(कृषि-जन्तु विज्ञान)

सिद्धान्त

1-(अ) जीव द्रव्य का रासायनिक संगठन, भौतिक गुण एवं जैविक गुण। सजीव, निर्जीव में भेद। 10

(ब) अमीबा/पैरामीशियम जैसे-जन्तुओं द्वारा जीवित पदार्थ का अध्ययन।

2-निम्नलिखित के वाह्य आकार, स्वभाव तथा जीवन-वृत्त का अध्ययन- 10

(क) अकशेरुकीय-गोलकृमि, केचुआ, तिलचट्‌टा, रेशम का कीट, मधुमक्खी एवं दीमक।

(ख) कशेरुकीय-किसी एक पक्षी तथा एक स्तनधारी (गिलहरी या खरगोश)।

3-निम्नलिखित की आन्तरिक संरचना- 10

केचुआ, तिलचट्‌टा तथा खरगोश।

4-(क) स्तनधारी के आमाशय, फुफ्फुस, वृक्क तथा रुधिर की हिस्टोलॉजी का प्रारम्भिक अध्ययन। 10

(ख) पाचन, श्वसन तथा उत्सर्जन की क्रिया-विज्ञान का साधारण ज्ञान।

5-(क) अनुच्छेद-2 के जन्तुओं का वर्गीकरण। 10

(ख) मानव अनुवांशिकी का प्रारम्भिक ज्ञान।

(ग) कोशा विभाजन का महत्व।

प्रयोगात्मक

1-सिद्धान्त पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अनुच्छेद 1(क), 2(क) व 2(ख) के जन्तुओं की पहचान। 10

2-सिद्धान्त पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 2 के जन्तुओं का वाह्य आकार एवं जीवन वृत्त का अध्ययन 06

3-प्रोजेक्ट कार्य- 06

(क) कृषि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जन्तुओं की सूची।

(प्रत्येक फाइलम से कम से कम एक जन्तु) तैयार करें।

(ख) फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले किन्हीं दो जन्तुओं के मुखांगों का चार्ट/मॉडल के माध्यम से अध्ययन

[अकशेरुकी अथवा पक्षी या स्तनधारी के संदर्भ में]

नोट–विषय अध्यापक छात्र की सुविधानुसार प्रोजेक्ट कार्य निर्धारित करेंगे।

Aglasem Schools

4-स्पॉट पहचान (06 स्पॉट)- 12

(क) स्थायी स्लाइड का अध्ययन-सिद्धान्त पाठ्यक्रम-4(क) के अन्तर्गत उल्लिखित पदार्थों के स्थायी आरोपण का अध्ययन, सूक्ष्मदर्शीय ज्ञान।

(ख) उत्तर प्रदेश में पाये जाने वाले कृषि महत्व के साधारण पक्षियों की पहचान, वर्गीकरण का ज्ञान तथा उनके नाम।

5-सत्रीय कार्य- 08

प्रयोगात्मक उत्तर पुस्तिका जो कि अध्यापक द्वारा हस्ताक्षरित हो तथा जिसमें परीक्षार्थी का वास्तविक कार्य हो, प्रस्तुत करना होगा।

6-मौखिक- 08

(क) मौखिक प्रश्न-सैद्धान्तिक भाग में दिये गये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान सम्बन्धी प्रश्न आधारित होंगे।

(ख) सम्बन्धित जन्तुओं का संग्रह।

पुस्तकें-

कोई पुस्तक संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

जन्तु विज्ञान (कृषि भाग-दो)

अधिकतम अंक : 50 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 16 समय : 03 घंटा

1-वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन - 25 अंक	**निर्धारित अंक**
1-जन्तुओं एवं वस्तुओं की पहचान-	07 अंक
2-दिये गये पदार्थों का सूक्ष्म विवेचन-	05 अंक
3-सूक्ष्मदर्शीय स्लाइड की पहचान-	07 अंक
4-मौखिक	06 अंक
2-आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन - 25 अंक	
5-प्रोजेक्ट कार्य-	08 अंक
6-अभ्यास पुस्तिका-	10 अंक
7-मौखिक एवं सत्रीय कार्य (प्रयोगात्मक)-	07 अंक

नोट-अभ्यास पुस्तिका एवं प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों द्वारा परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा-

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

नवम् प्रश्न-पत्र

(पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान)

सिद्धान्त

1-पशुओं के प्रमुख नस्लों के विवरण का अध्ययन, उदाहराणार्थ-गाय, भैंस, बकरी, भेड़ तथा मुर्गी। गायों और बैलों के शरीर की वाह्य रचना और उनका शारीरिक क्रिया से सम्बन्ध, पशुओं की आयु आंकना। उत्तम दूध देती गाय तथा भैंस के लक्षण, बैल और सांड़ों के लक्षण और उनका गुणांकन-पत्र विधि से चयन। 10

2-गाभिन गाय, ब्याने के समय गाय, नवजात बच्चों, हाल की ब्यानी गायों और दूध देती गायों तथा मुर्गियों की देख-रेख और प्रबन्ध सम्बन्धी सामान्य सिद्धान्त, पशुओं का बंध्याकरण (बधियाकरण)। 05

Aglasem Schools

3-विभिन्न वर्ग के पशुओं तथा बछड़ा-बछड़ी, गाभिन गायों, दूध देती गायों, सांड़ों और बैलों तथा मुर्गियों के लिये आहार सम्बन्धी सामान्य सिद्धान्त। विभिन्न प्रकार के चारों और दोनों को वर्ष भर सस्ती उपलब्धि पर सामान्य विचार। गायों को दोहने के लिये साफ करना और तैयार करना, गौशालाओं की सफाई और रोगाणु रहित करने पर सामान्य विचार। दोहन के सिद्धान्त और विधियों तथा दूध का स्वच्छता से उत्पादन, कृत्रिम दूध की पहचान, दूध अभिलेखण। 10

4-दूध से बनने वाले पदार्थों जैसे क्रीम, मक्खन, पनीर, दही, आइसक्रीम, घी की सामान्य जानकारी। आपरेशन फ्लड की संक्षिप्त जानकारी। 10

5-पशु प्रजनन, उद्देश्य एवं विधियों की सामान्य जानकारी। 05

6-पशु चिकित्सा व्यवहार में प्रमुख साधारण औषधियों और उनकी प्रयोग विधि। उपचार के लिये पशुओं को सम्भालना, गिराना और बांधना, बछड़ों को बधिया करना। पशुओं में होने वाले रोग-खुरपका, मुंहपका, गलाघोंटू, थनैला, अफारा, रानीखेत बीमारियों के लक्षण एवं बचाव। 10

प्रयोगात्मक

1-गाय और बैलों की वाह्य शरीर रचना।

2-गाय, बैल और भैंस की आयु आंकना।

3-उत्तम गाय, भैंस, सांड़ और बैलों के लक्षणों का अध्ययन।

4-संतुलित आहार बनाना। पशु आहार के बाजार भावों पर मौखिक प्रश्न।

5-विभिन्न वर्गों के पशुओं के बाजार भाव पर मौखिक प्रश्न।

6-पशुओं की शल्य क्रिया करने, नाल लगाने और बधिया करने के लिये संभालना, गिराना और बांधना।

7-पशु चिकित्सा, व्यवहार में प्रयुक्त साधारण औषधियों की जानकारी और उनकी प्रयोग विधि।

